रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 17 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-264 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### अनवर ढेबर की जमानत याचिका खारिज

**रायपुर।** राज्य के चर्चित शराब घोटाले के आरोपी अनवर ढेबर की जमानत याचिका खारिज करते हुए विशेष न्यायाधीश ने रिमांड अवधि बढ़ा दी है। स्वास्थयगत कारणों का जिक्र करते हुए जमानत मांगा गया था। वहीं दुर्ग के शराब कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन की जमानत याचिका पर कल सुनवाई होगी। इस मामले के अन्य आरोपी आईटीएस अफसर एपी त्रिपाठी और उनके सहयोगी रहे अरविंद सिंह की भी रिमांड 30 मई तक बढ़ गई है। इन सभी को एसीबी ईओडब्लू ने कोर्ट में पेश किया था।

### स्वाति मालीवाल के साथ अभद्रता करने के वालों पर संज्ञान लें राज्यसभा के सभापति

**नयी दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्यसभा की सांसद स्वाति मालीवाल के साथ अभद्रता करने वाले वालों पर सदन के सभापति जगदीप धनखड़ को संज्ञान लेना चाहिए। मायावती ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा कि महिलाओं के साथ कोई भी गलत काम करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं उत्पीड़न के साथ ही किसी भी नेता द्वारा अन्य कोई भी गलत कार्य करने पर सख्त कार्रवाई के मामले में चाहे कोई भी पार्टी या इन्डी और अन्य गठबन्धन हो तो इन्हें दोहरा मापदण्ड नहीं अपनाना चाहिए।

### मुंबई में उद्धव के साथ गठबंधन से नाराज विश्वबंधु ने छोड़ी कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** मुंबई कांग्रेस के महासचिव रहे युवा नेता विश्वबंधु राय ने कांग्रेस पर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के साथ गठबंधन कर पार्टी को बर्बाद करने और पार्टी में हिंदुओं के मुद्दे को महत्व नहीं देने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को लिखे इस्तीफे में राय ने कहा है कि महाराष्ट्र में कांग्रेस बहुत कमजोर हो गई है और इसकी दुर्दशा का सबसे बड़ा कारण हिंदुओं की बात करने वाले नेताओं को दरकिनार कर उनको महत्व नहीं देना तथा शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट से समझौता करना है।

# विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बनेगा पूर्वांचल : प्रधानमंत्री मोदी

वार्ता ‹ जौनपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जौनपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले पांच वर्षो में मोदी और योगी मिलकर पूर्वांचल की तस्वीर बदलने वाले हैं। विकसित भारत का ग्रोथ इंजन पूर्वांचल होगा। प्रधानमंत्री ने टीडीपीजी कॉलेज के खेल मैदान पर जौनपुर के भाजपा प्रत्याशी एवं महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह और मछलीशहर सुरक्षित लोकसभा से से बीपी सरोज के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब मैं एक्सप्रेस-वे बनाता हूं, तो जौनपुर वालों को लाभ होता है। ये पूरा क्षेत्र स्वास्थ्य और शिक्षा का मजबूत हब बन रहा है। भाजपा युवाओं की अकांक्षाओं को समझती है मोदी ने कहा की पहले ग्रुप सी और डी की भर्तियों में इंटरव्यू होते थे, लेकिन हमने खत्म कर दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में हमने बड़ा फैसला लिया है। हमने सामान्य वर्ग के गरीबों को भी 10 प्रतिशत आरक्षण दिया। पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून बनाया है। हमारी सरकार हर जिले में मेडिकल कॉलेज बना रही है। अब गरीब मां का बेटा डॉक्टर बनेगा। अब हमने हिंदी में पढ़ाई और हिंदी में परीक्षा का रास्ता खोल दिया है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन इसका भी विरोध करते हैं। ये लोग आपके बच्चों को उज्जवल भविष्य नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हम रिकॉर्ड स्तर पर आईआईटी और एम्स बना रहे हैं, इसका फायदा युवाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का रास्ता संतुष्टिकरण है, लेकिन दूसरी तरफ घमंडिया गठबंधन का मॉडल तुष्टिकरण है। उन्होंने कहा कि सपा-कांग्रेस दो दल हैं, लेकिन दुकान एक ही है। ये झूठ, तुष्टिकरण, परिवारवाद और भ्रष्टाचार का सामान बेचते हैं। इंडी गठबंधन तुष्टिकरण के दलदल में पूरी तरह धंस चुकी है। उन्होंने ने कहा सपा के शीर्ष नेता राम मंदिर को लेकर आए दिन घटिया बातें कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और उसके गठबंधन साथियों के बयानों को लेकर समूचे विपक्ष को आधे हाथों लेते हुए आज कहा कि तुष्टिकरण की दलदल में पूरी तरह थक चुकी है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दिमाग का एक्सरे निकला है बस उसमें वोट बैंक ही दिख रहा है।

### विपक्षी दल उनकी सरकार की नीतियों से हैं घबराए हुए: मोदी

**आजमगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की वजह से विपक्षी दल घबराए हुए हैं और तरह-तरह का दुष्प्रचार कर रहे हैं। मोदी ने आजमगढ़ की लालगंज लोकसभा क्षेत्र के गंधुई में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जनता जनार्दन का आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी एनडीए और हमारे सभी साथियों पर है और जहां भी जाते हैं एक ही स्वर सुनाई देता है एक ही नारा गूंज रहा है चारों तरफ लेकर के लोग चल रहे हैं और वह है एक बार फिर मोदी सरकार। आपका प्रेम और आपका आशीर्वाद हमारे पास है। दुनिया देख रही है कि भारत के लोगों को मोदी की गारंटी पर कितना भरोसा है। उन्होने सीएए कानून का जिक्र करते हुए 70 वर्षों में हजारों परिवार प्रताड़ना झेल करके अपनी बेटियों की इज्जत बचाने के लिए ,अपना धर्म अपने परंपरा को बचाने के लिए मजबूरन मुसीबत के मारे भारत में आकर के शरण लिया, लेकिन कांग्रेस ने उनकी कभी सुध नहीं ली। इन शरणार्थियों में सबसे ज्यादा ज्यादातर दलित भाई बहन है। इन पर वहां तो जुल्म हुआ ही हुआ, कांग्रेस की सरकारों ने भी और उनके साथियों ने भी इन पर जुल्म करने में कोई कमी नहीं रखी। सपा कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों ने उनके साथ क्या किया। इन्होंने सीए के नाम पर झूठ में दुष्प्रचार फैलाया और अब कहते हैं कि जिस दिन मोदी जाएगा इस कानून को खत्म कर दिया जाएगा।

### वोट जिहाद की राजनीति करती है तृणमूल : मोदी

**भदोही।** तृणमूल कांग्रेस पर बंगाल में वोट जिहाद की राजनीति करने का आरोप लगाते हुये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि समाजवादी पार्टी भी उत्तर प्रदेश की राजनीति को भी उसी दिशा में ले जाना चाहती है। भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी विनोद बिंद के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होने कहा ' पूरे उत्तर प्रदेश में भदोही के चुनाव की चर्चा हो रही है, लोग पूछ रहे हैं कि भदोही के चुनाव में टीएमसी कहां से आ गई। गौरतलब है कि भदोही में इंडिया गठबंधन के तहत टीएमसी ने पूर्व मुख्यमंत्री कमला पति त्रिपाठी के पोते ललितेश पति त्रिपाठी को अपना उम्मीदवार बनाया है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस का उत्तर प्रदेश में कोई अस्तित्व नहीं है और अब तो सपा ने भी मान लिया है कि इस चुनाव में उसके पास कुछ भी नहीं बचा है और उसका सफाया हो गया है। सपा के लोगों ने वह क्षेत्र छोड़ दिया है। सपा और कांग्रेस के लिए भदोही में अपनी जमानत बचाना मुश्किल हो गया है, इसलिए वे यहां राजनीतिक प्रयोग कर रहे हैं। वे बंगाल में टीएमसी की राजनीति करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आप जानते हैं कि टीएमसी बंगाल में किस तरह की राजनीति करती है।

# 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती कर देंगे शुरु : राहुल गांधी

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अन्याय को मिटाने के लिए एक एक वोट को जरूरी बताते हुए कहा है कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती शुरु कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में न्याय नहीं हो रहा है। जल, जमीन और जंगल से आदिवासियों के हकों को छीना जा रहा है और सबके साथ अन्याय हो रहा है इसलिए न्याय के लिए हर एक वोट जरूरी है। गांधी ने कहा अपने एक वोट की ताकत समझिए। देश भर में हो रहे भयंकर भेदभाव और अन्याय को मिटाएगा-आपका एक वोट,15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों की भर्ती का काम शुरू करवाएगा, आपका एक वोट। एक जुलाई से गरीब महिलाओं के खाते में 8,500 रुपए हर माह खटाखट पहुंचाएगा, आपका एक वोट। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मिला आपका एक वोट युवाओं को 1 लाख रुपए वर्ष की पहली नौकरी दिलवाएगा,आपको अधिकार देने वाले संविधान की रक्षा करेगा, अपनी सरकार चुनने का अधिकार सुरक्षित कर लोकतंत्र बचाएगा और वंचितों के हक़, भागीदारी तथा आरक्षण की रक्षा करने के साथ ही जल, जंगल, ज़मीन पर आदिवासियों का अधिकार क़ायम रखेगा। इन्डिया गठबंधन को मिला आपका हर वोट, मज़बूत लोकतंत्र और सशक्त नागरिक बनाएगा।

# ईडी ने राइस मिलर्स घोटाले में पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



ईडी ने छत्तीसगढ़ में राइस मिलर्स घोटाले में एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर को गिरफ्तार किया है। इससे पहले इनकम टैक्स विभाग ने कार्यवाही की थी, अब ईडी की एंट्री से कई लोगों की मुसीबत और बढ़ेगी। आरोप है कि एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर ने एमडी मनोज सोनी के साथ मिलकर प्रति क्विंटल 20 रुपये रिश्वत वसूली है। रकम मार्कफेड के जिला अधिकारी को दी गई है। उनके माध्यम से उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया गया। इस दौरान करीब 140 करोड़ रुपए से ज्यादा वसूल किया गया है। जो जानकारी आ रही है उसके मुताबिक जिन्होंने रिश्वत दी एमडी ने उनके ही बिल का भुगतान किया। रिश्वत के तौर पर पैसे न देने वालों का भुगतान रोक दिया गया है। कई लोगों के बिल का भुगतान आज तक नहीं किया गया है। उधर एमडी मनोज सोनी को 28 मई तक जेल भेज दिया गया है। माना तो ये जा रहा है कि मनोज से पूछताछ के बाद ही ईडी ने राइस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारी रोशन चंद्राकर को गिरफ्तार किया गया है। ईडी को एमडी मनोज सोनी और रोशन के मोबाइल में मिले चैट, ट्रांजेक्शन के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# भाजपा नफरत की राजनीति करती है : दिग्विजय

पायनियर संवाददाता ‹ प्रयागराज
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भारतीय जनता पार्टी पर नफरत करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह लोगों के बीच नफरत पैदा कर अपनी राजनीति की रोटी सेंकती है। सिंह कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के सिविल लाइंस आवास पर पार्टी नेताओं से मुलाकात करने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि भाजपा लोगों के बीच प्रेम की जगह अलगाववाद की राजनीति कर रही है। भाजपा हमेशा से नफरत की राजनीति की है। लोगों को मुख्य मुद्दों से भटका रही है। भाजपा 'दबाव की नीति' अपना रही है। यह सरकार लोगों को अपनी आवाज उठाने नहीं देना चाहती। संविधान हमें अभिव्यक्ति का अधिकार देता है और सरकार उस अधिकार को दबा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को झूठ बोलने वाला बताया। उन्होंने एक दशक में इतना अधिक झूठ बोला है कि उसे गिन पाना मुश्किल है। इस झूठ के खिलाफ जन आक्रोश पनप चुका है। बिहार और उत्तर प्रदेश में क्रांति की चिंगारी फूट चुकी है। जो लोग कल तक चुप बैठते थे, अब मुखर हो रहे हैं। इस बार बदलाव तय है। पूर्व मुख्यमंत्री ने ईवीएम और चुव आयोग को लेकर कहा भी सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि इतने जन आक्रोश के बाद भी अगर भाजपा जीतती है तो यह निश्चित रूप से ईवीएम मशीन में खेल करने से संभव है। इस दिशा में विपक्षी दलों के सवाल उठाने पर उच्चतम न्यायालय के आदेश पर ईवीए का सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) ट्रेजरी मे रखा गया है। सिंह यहां इलाहाबाद लोकस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उज्वल रमण सिंह के प्रचार के लिए पहुंचे थे।

### चार चरण के चुनाव में कांग्रेस-सपा गठबंधन हो चुका है ध्वस्त : केशव प्रसाद

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली के ऊंचाहार के किशनदासपुर इलाके में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक जनसभा को गुरूवार को संबोधित करते हुए दावा किया कि चार चरण के चुनाव में कांग्रेस- समाजवादी पार्टी का गठबंधन पूरी तरह से पस्त और ध्वस्त हो चुका है और कमल खिल चुका है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि गांधी परिवार के लोग दिल्ली से आते है और चुनाव जीत कर वापस मुड़ कर नही देखते है जबकि नरेंद्र मोदी महिलाओं नौजवानो दलितों पिछडो नौजवानों के लिए रात दिन खुद को खपाते रहते है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में कांग्रेस सपा गठबंधन पूरी तरह से ध्वस्त और पस्त हो चुका है। आज हम लोगो से अपेक्षा करते है कि जैसे साल 2019 में अमेठी वालों ने बताया कि जो हमारे साथ नही है तो हम उनके साथ भी नही है।

# मोदी ने हिमाचल के लिए सदा बड़ा सोचा, हज़ारों करोड़ के बड़े प्रोजेक्ट दिए: ठाकुर

**बिलासपुर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा की आज हिमाचल समेत पूरे देश की एक ही पसंद है, मोदी। आप देश के किसी कोने में जाइए, लोग 'मेरी पसंद मोदी' ही बोल रहे हैं। ठाकुर



ने गुरुवार को बिलासपुर सदर और घुमारवीं में छह से ज़्यादा जनसभाओं को संबोधित कर भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से जिताने और केंद्र में फिर मोदी सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि चार चरणों के बाद स्पष्ट हो चुका है कि जनता ने स्थिर और ईमानदार सरकार यानी मोदी सरकार के लिए अपना वोट दे दिया है। उन्होंने कहा, मोदी ने सदा हिमाचल को अपना दूसरा घर माना और हिमाचल के लिए कभी छोटा नहीं सोचा, हमेशा खुले मन से दिया इसीलिए इस छोटे पहाड़ी राज्य के लिए भी हम बड़ी विकास परियोजनाएं लाने में सफल हुए। विकास हमारे लिए एक निरंतर प्रक्रिया है। प्रधानमंत्री के पहले कार्यकाल में हमने बिलासपुर से हमीरपुर की सड़क 300 करोड़ की लागत से चौड़ी कराई थी। अब हम उसे फोरलेन करवा रहे हैं। इसी प्रकार हमने 90 करोड़ की लागत से घुमारवीं से लेकर सरकाघाट तक सड़क बनवाई। अब इसे और बेहतर करने की तैयारी है। इसी प्रकार अगर फोरलेन बन गया है तो अब हम रेलवे ला रहे हैं।

# नक्सल मोर्चे पर अमित शाह ने की छत्तीसगढ़ सरकार की तारीफ, मुख्यमंत्री ने जताया आभार

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




**विपक्ष दे रहा नक्सलियों को ताकत पर मुकाम तक पहुंचेगी लड़ाई : शाह**

गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय सरकार के आने के बाद नक्सलियों के खिलाफ जारी लड़ाई के दौरान मिल रही अभूतपूर्व सफलताओं के लिए सरकार की पीठ थपथपाई है। गृह मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद मात्र साढ़े चार महीने के अंदर 112 नक्सली मारे गए हैं, लगभग 375 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है और 153 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं। 5 महीने में अभियान को जबर्दस्त सफलता मिली है। ये इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि डबल इंजन की सरकार नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ रही है। अब प्रदेश के 3-4 जिलों में ही नक्सली बचे हैं और आगामी 2-3 वर्षों में देश नक्सल समस्या से मुक्त हो जाएगा। कांग्रेस द्वारा इसे फेक एनकाउंटर कहे जाने पर अमित शाह ने गोस्वामी तुलसीदास के एक दोहे का उदाहरण देते हुए कहा कि जिसका बुरा समय आता है, भगवान सबसे पहले उसकी मति हर लेता है। कांग्रेस पार्टी के साथ यही हो रहा है। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार की तारीफ पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उनका आभार जताया है। अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर उन्होंने लिखा है कि आपके इस विश्वास के लिये हम आभारी हैं गृह मंत्री आपके कुशल मार्गदर्शन में हम नक्सल समस्या के स्थायी समाधान की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। इस विषय में डबल इंजन की सरकार को बेहतरीन सफलता मिली है। निस्संदेह इस विषय पर विपक्ष द्वारा की जा रही राजनीति से नक्सलियों को ताकत मिलती है, पर बावजूद इसके हम इस लड़ाई को परिणाम तक पहुंचाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह से नक्सल समेत हर तरह के आतंक को समाप्त करने के प्रति कृत संकल्पित है। गौरतलब है कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के पश्चात नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में तेजी आई है। मात्र साढ़े चार महीने की सरकार में नक्सली लगातार मारे जा रहे हैं, गिरफ्तार हो रहे हैं या सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्य धारा में लौट रहे हैं।

## नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

# माधवीराजे सिंधिया पंचतत्व में विलीन, ज्योतिरादित्य ने दी मुखाग्नि

पायनियर संवाददाता ‹ ग्वालियर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माताजी माधवीराजे सिंधिया की हजारों लोगों की मौजूदगी में अंत्येष्टि की गयी। स्थानीय छत्री क्षेत्र में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपनी माताजी के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। परिजनों, सगे संबंधियों, राजनेताओं और हजारों लोगों ने नम आंखों से माधवीराजे सिंधिया को अंतिम विदायी दी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सिंधिया की पार्थिवदेह के दर्शन कर उनके चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके पहले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, राज्य सरकार के अनेक मंत्रियों, भाजपा नेताओं के अलावा विभिन्न राज्यों से आए नेताओं ने भी सिंधिया को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं दिवंगत वरिष्ठ कांग्रेस नेता माधवराव सिंधिया की पत्नी माधवीराजे सिंधिया का बुधवार को दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया था। वे कुछ समय से अस्वस्थ थीं। उनके पार्थिव शरीर को सुबह दिल्ली से यहां लाया गया और आम लोगों के दर्शनार्थ 'रानी महल' परिसर में रखा गया। हजारों लोगों ने सिंधिया के अंतिम दर्शन किए और इसके बाद अंतिम यात्रा प्रारंभ हुयी। अंततः स्थानीय छत्री क्षेत्र में श्रीमती माधवीराजे सिंधिया की अंत्येष्टि की गयी और वे पंचतत्व में विलीन हो गयीं। इसी छत्री क्षेत्र में तत्कालीन सिंधिया रियासत से जुड़े पूर्वजों के समाधिस्थल स्थित हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद सोशल मीडिया के जरिए कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया की माताजी का महाप्रयाण पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। समाज, महिलाओं और बच्चियों की प्रगति के लिए उनका योगदान सदैव सभी का मार्गदर्शन करता रहेगा।

# केजरीवाल को दो जून को करना होगा आत्मसमर्पण-उच्चतम न्यायालय

एजेंसी ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले के मामले में गिरफ्तारी के बाद एक जून तक अंतरिम जमानत पर 10 मई को तिहाड़ जेल से रिहा हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के चुनावी सभा के एक कथित बयान 'अगर लोगों ने झाड़ू को वोट दिया तो मुझे वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा' पर प्रवर्तन निदेशालय की आपत्ति पर गुरुवार को कहा उसका (शीर्ष अदालत) आदेश बिल्कुल स्पष्ट है कि उन्हें दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्पष्ट किया कि उसने केजरीवाल के मामले को 'अपवाद' नहीं बनाया है। उन्हें अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाना उचित है। पीठ ने आगे कहा, 'हमारा आदेश बहुत स्पष्ट है। हमने एक समय सीमा तय की है कि अमुक तारीख के दौरान को वह जमानत पर हैं और जिस तारीख को उन्हें आत्मसमर्पण करना है (दो जून को, केजरीवाल को आत्मसमर्पण करना होगा)। यह शीर्ष अदालत का आदेश है। शीर्ष अदालत के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केजरीवाल की ओर से कथित तौर पर दिए गए उक्त बयान पर आपत्ति जताई थी। मेहता ने पीठ के समक्ष केजरीवाल के कथित बयान के संदर्भ में दावा करते हुए कहा, 'यह (बयान) संस्था के मुंह पर एक तमाचा है। मैं इस पर आपत्ति जताता हूं। सॉलिसिटर जनरल ने केजरीवाल का हवाला देते हुए कहा, 'आम आदमी पार्टी संयोजक ने अपने सार्वजनिक भाषण में कहा-वे कहते हैं कि मुझे 20 दिनों में वापस जेल जाना होगा। अगर आप हमारी पार्टी के चुनाव चिह्न 'झाड़ू' को वोट देंगे तो मुझे जेल नहीं जाना पड़ता।

# क्या केजरीवाल ने ही पिटवाया स्वाती मालीवाल को : भाजपा

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल के साथ दुर्व्यवहार करने वाले को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए उनसे आज पूछा कि क्या मालीवाल के साथ यह दुर्व्यवहार मुख्यमंत्री के इशारे पर ही किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल के साथ दुर्व्यवहार के मामले में केजरीवाल पर जमकर हमला किया। भाटिया ने कहा कि एक महिला सांसद के साथ हुए दुर्व्यवहार पर केजरीवाल की चुप्पी से स्पष्ट होता है कि महिला सम्मान उनके लिए कोई मायने नहीं रखता है। विपक्ष की नेत्री होने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी मालीवाल के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रही है। नारीशक्ति के सम्मान के लिए भाजपा दल गत राजनीति की कभी परवाह नहीं करती है। उन्होंने कहा कि महिला सांसद के साथ दुर्व्यवहार का आरोपी अरविंद केजरीवाल के संरक्षण में उनके साथ घूम रहा है और वे समाजवादी पार्टी के मुख्यालय में भी दिखाई दिया। देश की जनता की ओर से भाजपा ने अरविन्द केजरीवाल से सवाल पूछे और जवाब की उम्मीद की है कि शीश महल में हो रहे पाप पर अरविंद केजरीवाल का क्या रुख है? जिस पर केजरीवाल को कार्रवाई करनी थी वह जुड़वा भाई बनकर उनके साथ घूम रहा है, क्यों? भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने यह स्पष्ट कर दिया है कि महिला सम्मान के लिए उनके पास कोई जगह नहीं है, कोई प्रतिबद्धता नहीं है कि वे कार्रवाई करें।

# केजरीवाल की बुद्धि फिर गई है: योगी आदित्यनाथ

एजेंसी ◄ बांदा
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान पर पलटवार करते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केजरीवाल की बुद्धि जेल जाने के बाद फिर गई है। तिंदवारी में हमीरपुर-महोबा लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा अन्ना हजारे के सपनों पर पानी फेरने वाले केजरीवाल अब मेरा नाम लेकर बातें कर रहे हैं। अन्ना ने जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन किया था, केजरीवाल ने उसे ही अपने गले का हार बना लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेल जाकर केजरीवाल को पता चल गया है कि अब वह कभी जेल के बाहर नहीं आने वाले हैं। उन्होंने अन्ना हजारे के सपनों पर पानी फेरने का काम किया है। इस पाप के लिए अन्ना हजारे उन्हें कभी माफ नहीं कर सकते। आम आदमी पार्टी ने सत्ता में पहुंचकर अपने ईद-गिर्द भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा लगा दिया है। अन्ना दुखी होते होंगे कि मेरे आंदोलन की उपज किस प्रकार की राजनीति करते हैं। केजरीवाल के जेल में होने से दिल्लीवासी खुश थे कि कम से कम उनकी खांसी बंद थी, अब ये फिर से दिल्ली वालों को खांसने के लिए मजबूर कर देंगे। उन्होने कहा कि आज से 10 साल पहले का बुंदेलखंड और आज के बुंदेलखंड में जमीन आसमान का अंतर है। पहले यहां माफिया हावी थे, खनन माफिया, भू माफिया, जंगल माफिया और डकैतों का आतंक था। सपा और कांग्रेस इन माफिया और डकैतों की संरक्षक रही है। ये लोग ऐसे तत्वों को यहां से जनप्रतिनिधि बनाकर भेजते थे, फिर यही माफिया और डकैत जनता का शोषण करते थे और संसाधनों पर डकैती डालते थे। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर बुंदेलखंड के युवाओं को पलायन करना पड़ता था, बेटियों, बहनों को मीलों दूर सिर पर मटकी रखकर पानी लाने को मजबूर होना पड़ा। योगी ने कहा 10 साल में आपने बुंदेलखंड को बदलते देखा है। अभी ये शुरुआत है। बुंदेलखंड फिर से देश को लीड करेगा। अब यहां पानी के लिए बेटी और बहन को मीलों नहीं जाना होगा। अब हर घर में नल होगा और नल में जल होगा वो भी आरओ का। कनेक्टिविटी के लिए हर सड़क को टू लेन और फोर लेन बनाया जा रहा है। पर्यटन स्थलों का विकास किया जा रहा है। डिफेंस कॉरीडोर को ऐसा बनाएंगे कि जब हमारा जवान सीमा पर तोप दागेगा तो उसपर लिखा होगा मेड इन बांदा। अबतक यहां का नौजवान नौकरी के लिए भटकता था। अगले पांच साल बाद दुनिया यहां नौकरी मांगने आएगी। झांसी से लेकर चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर और बांदा को जोड़ते हुए हम नोएडा और ग्रेटर नोएडा से भी विकसित सिटी यहां बसाने जा रहे हैं।

उन्होने कहा कि जिन्होंने बुंदेलखंड को पानी और विकास के लिए तरसाया, बहन बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने का काम किया, नौजवानों की नौकरी पर डकैती डाली, संसाधनों को लूटा खसोटा, इन्हें एक एक वोट के लिए तरसा देना चाहिए। इनकी जमानत जब्त होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा, कांग्रेस, आप, आरजेडी सभी एक ही थैले के चट्टे बट्टे हैं। सत्ता में आते हैं तो आम आदमी का खून चूसते हैं। ये हमारा सौभाग्य है कि हमने बदलते भारत को देखा है। देश आज दुनिया में अपनी प्रतिष्ठा बढ़ा रहा है। गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चला रहा है। 500 साल बाद भगवान राम विराजमान हुए हैं।

# झारखंड बहुत समृद्ध, खनिज संपदा के सही उपयोग से बन सकता है पहले नंबर का राज्य: सीएम यादव

एजेंसी ◄ हजारीबाग (झारखंड)
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि झारखंड बहुत समृद्ध राज्य है, यहां की खनिज संपदा का सही उपयोग हो तो ये देश का नंबर एक का राज्य बन सकता है। डॉ यादव हजारीबाग के जेल मैदान, छतरो, बरही में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि ये भगवान बिरसा मुंडा की धरती है, लेकिन यहां जिन्हें वोट देकर मुख्यमंत्री बनाया गया, वो लोगों की आंखों में धूल झोंक रहे थे। लोगों की आंखों के सामने से माल लूटकर ले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड इतना समृद्ध प्रदेश है कि इसकी खनिज संपदा का सही उपयोग हो जाए तो ये नंबर वन का राज्य हो सकता है। झारखंड की बात 1937 से प्रारंभ हो रही थी। इसका सपना पूरा करने में भाजपा ही आगे आई और स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ने उस मांग को पूरा किया जिसका सपना सभी ने देखा था। उन्होंने कहा कि जब अपने घर में धन संपदा और वैभव ठीक-ठाक हो जाए और घर के लोग गहरी नींद में सो जाते हैं तो माल कौन चुराता है..? ऐसा ही झारखंड के साथ हो रहा है। डॉ यादव ने झारखंड के मंत्री आलमगीर पर निशाना साधते हुए कहा कि आप नाम भले ही आलमगीर रख लो लेकिन ये तो आपका 'चोर गिर' है। आप चोरी करोगे तो जेल जाओगे, कोई बचाने वाला आपको नहीं मिलेगा। यह नरेंद्र मोदी की सरकार है। इस देश में 2014 के बाद एक परिवर्तन आया और उस परिवर्तन करने वाले व्यक्ति ने डंके की चोट पर कहा था, 'ना खाऊंगा ना खाने दूंगा। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस की पांच पीढ़ी दिल्ली में पैदा हुई, लेकिन कांग्रेस के लोग इतने कायर हैं कि एक भी बार दिल्ली से लड़कर मुकाबला करने की हिम्मत नहीं करते। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में सरकार ने नई शिक्षा नीति लागू कर आदर्श महापुरूषों को पाठ्यक्रम में शामिल किया। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के लिए पहली बार वोट मांगा, पहले वोट से उन्होंने देश से आतंकवाद को समाप्त कर दिया, दूसरे वोट से पांच साल के अंदर सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से मुकदमे का फैसला हुआ, सरयू के किनारे अयोध्या में भगवान राम के मंदिर का भूमि पूजन हुआ और धूमधाम से भगवान का गर्भ गृह में प्रवेश भी हुआ। अबकी बार का हमारा वोट भगवान श्री कृष्ण को मुस्कुराने के लिए देना चाहिए।

## महिलाओं के साथ हो रहे यौन शोषण के खिलाफ जनवादी महिला समिति का प्रदर्शन

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने देश में महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार और यौन शोषण के खिलाफ को उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। महिला समिति का कहना है कि दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई करने के बजाय केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ऐसे लोगों को संरक्षण दे रही है। जनवादी महिला समिति की राज्य सचिव फालमा चौहान ने बताया कि देश और प्रदेश में महिलाओं तथा छोटी बच्चियों के साथ यौन शोषण के अपराध बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक का आरोपी जनता दल - सेक्यूलर (जेडीएस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना खुलेआम देश के बाहर घूम रहा है। महिला पहलवानों के आरोपों के बाद भी भाजपा सांसद बृजभूषण पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी। चौहान ने कहा कि आज मंदिरों और स्कूलों के अंदर भी छोटी बच्चियों से यौन शोषण की घटनाएं देखने को मिल रही है। जनवादी महिला समिति सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करती हैं।

# देश में लैंड जिहाद का सबसे बड़ा केंद्र है झारखंड: अरुण सिंह

एजेंसी ◄ रांची
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के चार चरण संपन्न हो चुके हैं और इसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। श्री सिंह ने भाजपा के झारखंड प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब हम 400 के आंकड़े की ओर बढ़ रहे हैं। इन चार फेज में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और अन्य राज्य में एनडीए गठबंधन को एकतरफा सीटों का लाभ हो रहा है। इंडी गठबंधन के लोगों में हताशा और निराशा व्याप्त है। उन्होंने कहा कि झारखंड में इंडी गठबंधन की सरकार है। यहां भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण चरम पर है। आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया गया है। पूरे देशवासियों ने देखा कि 38 करोड़ रुपए उनके सहयोगी और नौकर के पास से मिले हैं तो कल्पना करना चाहिए कि कितने 100 करोड़ और उनके पास होंगे। उसके बाद भी अभी तक आलमगीर आलम ने इस्तीफा नहीं दिया है। मुख्यमंत्री से निवेदन है कि तुरंत उनसे इस्तीफा लें। जांच को और तेज कर झारखंड की गरीब जनता से लूटे गए पैसे उजागर होने चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि ये वही आलमगीर आलम है, जिन्होंने कोविड के समय लॉकडाउन में तब्लीग़ी जमात के लोगों को जमा करके कोविड के नियमों को



तोड़ते हुए अलग-अलग स्थान और बंगाल भेजने का काम किया था। नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई थी। बहुचर्चित नाम है, लेकिन तुष्टीकरण के कारण इनसे अभी तक इस्तीफा नहीं लिया गया है। जो कठोर कार्रवाई राज्य सरकार को करनी चाहिए, वह अभी तक नहीं हुई है। श्री सिंह ने कहा कि झारखंड में तुष्टिकरण का खेल चल रहा है। संताल परगना मैं लैंड जिहाद चल रहा है। बांग्लादेशी आते हैं। आदिवासी लड़कियों से शादी करते हैं। शादी करने के बाद जमीन हड़पते हैं। जमीन हड़पने के बाद लड़की को बोटी-बोटी काट देते हैं, लेकिन सरकार उन पर कार्रवाई नहीं करती क्योंकि तुष्टिकरण के मार्ग पर सरकार चल रही है। लैंड जिहाद का सबसे बड़ा उदाहरण देश में झारखंड में देखने को मिल रहा है।

## आबकारी टीमों का गठन और सरहदी जांच चौकियां स्थापित करने के निर्देश

**चंडीगढ़।** पंजाब में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिये मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने गुरुवार को सभी ज़िला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस आयुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ उच्च-स्तरीय बैठक की और मतदान के संबंध में जिला स्तर पर किये गये प्रबंधों का जायज़ा लिया। सिबिन सी ने राज्य भर में नशीले पदार्थों, नकदी, हथियार, और अन्य ग़ैर कानूनी वस्तुओं की आमद को रोकने के लिये आदर्श चुनाव आचार संहिता की सख़्ती से पालन के साथ-साथ उड़नदस्तों और आबकारी टीमों के गठन सहित सरहदी जांच चौकियां स्थापित करने पर ज़ोर दिया। संभावित गर्मी के मद्देनज़र सिबिन सी ने अधिकारियों को अपने-अपने जिलों में सभी पोलिंग स्टेशनों पर जरूरी सुविधायें यकीनी बनाने के लिये निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और शांतमयी चुनाव प्रक्रिया को यकीनी बनाते हुये 'इस बार 70 पार' के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हर संभव कदम उठाये जायें। सिबिन सी ने अधिकारियों को मतदाताओं को आकर्षित करने के लिये गुलाबी और हरे रंग के पोलिंग बूथों के साथ-साथ नौजवानों और दिव्यांग व्यक्तियों के लिये अलग बूथ लगाने के लिये भी कहा।

इसके साथ ही उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं के लिये राज्य भर के हर पोलिंग स्टेशन पर कम से कम एक व्हीलचेयर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये भी कहा।

## नाबालिग को भगाने और दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले मेंनाबालिग को बहला फुसलाकर भाग ले जाने व दुष्कर्म करने के आरोपी को गुरुवार को पुलिस ने जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के गोपीगंज थाना क्षेत्र की एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने, दुष्कर्म करने व अभद्र विडियो वायरल करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जाता है कि नाबालिग किशोरी के पिता की तहरीर पर गत 09 मई को आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक डा. मीनाक्षी कात्यायन, के निर्देश पर पुलिस अपहृता को पूर्व में बरामद करते हुए उक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त अजीत कुमार राय ,निवासी चकमनी रायपुर को 15 मई को मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन ज्ञानपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी को उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज करने के बाद आज जेल भेज दिया गया।

## लखबीर लांडा के दो सहयोगी गिरफ्तार, सात पिस्तौल बरामद

**चंडीगढ़।** एक बड़ी सफलता में, एसएएस नगर पुलिस ने कनाडा स्थित लखबीर लांडा और अमेरिका स्थित गुरदेव सिंह उर्फ जस्सल के दो सहयोगियों को गिरफ्तार कर उनके पास से सात पिस्तौल और 20 कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार किये गये अपराधियों की पहचान अजयपाल और शरण उर्फ सनी के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि सन्नी लंडा गिरोह का मुख्य हथियार आपूर्तिकर्ता था, वह मध्य प्रदेश से हथियारों की तस्करी कर पंजाब में आपूर्ति करता था। यादव ने कहा कि पंजाब पुलिस की टीमें पूरे नेटवर्क का पता लगाने, नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के लिये पूरी खरीद और आपूर्ति श्रृंखला की पहचान करने के लिये हर संभव प्रयास कर रही हैं।

## बेसबॉल से पीटकर पुत्र ने किया पिता की हत्या

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में नशा के लिए रुपये नहीं मिलने पर एक पुत्र ने पिता की बेसबॉल बेट से पीट पीटकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दत्तपुरा निवासी सुधांशु कदम ने नशा करने के लिए रुपये मांगने पर न मिलने से बेसबॉल बेट से पीट पीटकर पिता रवि कदम की हत्या कर दी। जब मां शकुंतला बीच बचाव में पहुंची तो आरोपी ने माँ को भी पीट कर बुरी तरह घायल कर कर दिया। बताया गया है कि आरोपी नशे का आदी था, नशा की लत छुड़ाने के लिए पिता ने ग्वालियर में नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। कुछ दिन पूर्व ही वहाँ से घर आया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफहत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। ज्ञातव्य रहे कि कल 14 मई को भी एक युवक ने जिले के माता बसइया थाना क्षेत्र के ग्राम कुतबार में अपने माता पिता की लोहे की रॉड से पिट पीटकर हत्या कर दी गई थी।

# एनआईए ने जैश के शीर्ष आतंकवादी की संपत्ति कुर्क की

वार्ता ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के एक शीर्ष सदस्य की सात अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। आतंकवादी सरताज अहमद मंटू की जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के किसरीगाम में 19 मरला और 84 वर्ग फुट की भूमि और संपत्तियों को एनआईए की विशेष अदालत के आदेश की विभिन्न धाराओं के तहत बुधवार को कुर्क कर लिया गया। एनआईए ने कहा कि सरताज को 31 जनवरी 2020 को गिरफ्तार किया गया था और उसके कब्जे से कई हथियार, गोला-बारूद और विस्फ ोटक सामग्री बरामद की गयी थीं। उसके खिलाफ27 जुलाई, 2020 को आरोप पत्र दायर किया गया था। उस पर शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, यूए (पी) अधिनियम और भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम, 1933 की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमे चल रहे हैं।

एनआईए के प्रवक्ता ने कहा कि सरताज अपने पांच सह-आरोपी जैश-ए-मोहम्मद सदस्यों के साथ कश्मीर घाटी में नए घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को पहुंचाने के काम में शामिल था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव (यूएनएससी) 1267 द्वारा जैश को ' विदेशी आतंकवादी संगठन' के रूप में सूचीबद्ध किया गया था और समूह के नेता मौलाना मसूद अज़हर को 2019 में यूएनएससी द्वारा 'वैश्विक आतंकवादी' बताया गया था। एनआईए ने एक हफ्ते पहले ही जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गुर्गों पर अपनी कार्रवाई के तहत कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद के एक और शीर्ष आतंकवादी की छह अचल संपत्तियों को कुर्क किया था।

# हिमाचल में खड़कीधार, झंडी के जंगलों में लगी भीषण आग, लाखों नुकसान

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के जुन्गा के समीप खड़कीधार और करोली बीट के झंडी में बीते दो दिन से भीषण आग की चपेट में चीड़ के जंगल और किसानों की घासनियां राख में तब्दील हो गई। वन विभाग के द्वारा वनों की अमूल्य संपदा को आग से बचाने के लिए काफी प्रयास किए गए थे। इसके बावजूद भी गर्मियों के मौसम में हर वर्ष शरारती तत्वों और लोगों की लापरवाही के चलते करोड़ों रूपए की अमूल्य संपदा आग की भेंट चढ़ जाती है। वन परिक्षेत्राधिकारी कोटी रूपेन्द्र शर्मा ने आज बताया कि झंडी बीट में लगी आग से करीब 70 हेक्टेयर वन संपदा को नुकसान पहूंचा है। जिसकी खुले बाजार में कीमत करीब साढ़े 12 लाख आंकी गई है। उन्होंने बताया कि इस भीषण आग में चीड़ के करीब 40 पेड़ और तीन गौशालाएं जलने के अतिरिक्त एक पेयजल योजना को करीब डेढ लाख का नुकसान पहूंचा है। उन्होंने बताया कि वन के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है।

उन्होंने बताया कि अनेकों बार किसान आगामी बरसात में अच्छा घास उगने और वन में चीड़ की पत्तियों को जलाने के मकसद से आग लगा देते है। कई बार स्मोकिंग करने वाले लोग जलती बीड़ी अथवा सिगरेट को जंगलों में जानबूझ कर फैंक देते हैं जिससे जंगल में आग फैल जाती है और करोड़ो रुपए वन संपदा स्वाहा हो जाती है। इसके अतिरिक्त जुन्गा के समीप खड़कीधार, ढलयाणा, क्याणा, कोट, कून, दोची इत्यादि में भी आगजनी से अधिकांश किसानों की घासनियां धू-धू कर जली, जबकि सरकारी वन को कम नुकसान हुआ है। वन रक्षक जुन्गा बीट रोहित शर्मा ने बताया कि सरकारी वन संपदा को आग से करीब एक हैक्टेयर का नुकसान पहूंचा है। उन्होने बताया कि विभाग के कर्मचारियों के अलावा प्रथम पुलिस बटालियन जुन्गा और स्थानीय लोगों ने आग को बुझाने में बहुत मदद की है। हालांकि शिमला से फायर ब्रिगेड भी पहुंच गई थी, लेकिन तब तक आग पर काबू पर लिया गया था।

समाज सेवी दुर्गा सिंह ठाकुर ने बताया कि हर वर्ष गर्मियों में जुन्गा के खड़की धार क्षेत्र में आग लगने से सरकारी और निजी संपति को नुकसान पहुंचता है जिसके लिए सरकार को पुख्ता प्रबंध करने चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जिन किसानों की घासनियां जल कर राख हो गई है, उन्हें मुफ्त चारा उपलब्ध करवाया जाए अन्यथा घास के अभाव में पशुधन के लिए चारा की गंभीर समस्या पैदा होने वाली है।

## मोटरसाइकिल के टक्कर में एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत

**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में आज दो मोटरसाइकिल के आमने-सामने की टक्कर में एक परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सांईखेडा पुलिस थाना इलाके में स्टेट हाईवे पर दो बाइक के आमने-सामने से भिंडत में एक ही परिवार के तीन लोंगों की मौत हो गई है। मुन्नी बाई नौरिया (50) और बेटा कृष्ण पाल (19) एंवं नातिन हेमलता नौरिया (10) निवासी उसराय गांव की मौके पर ही मौत हुई है, वही दूसरी बाइक पर सवार अर्जुन नौरिया निवासी पतई की हालत गंभीर होने पर जबलपुर पहुंचाया गया है।



# किसानों की बदहाली के बहते आंसू भाजपा को सिखायेंगे सबक: अखिलेश

वार्ता ◄ फतेहपुर
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले में आज एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने किसानों की बदहाली के लिए भारतीय जनता पार्टी सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि किसानों की बदहाली के बह रहे आंसू इनकों सबक सिखायेंगे। इनके शासनकाल में किसानों की हालत बद से बदतर हुई है और किसान इनसे 17 साल का हिसाब लेंगे। फतेहपुर संसदीय क्षेत्र के मुस्लिम इंटर कालेज में सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के समर्थन में एक सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इनकी सरकार में किसानों के ऊपर नैनो यूरिया थोपी गयी है, जिसका मालिक भारत छोड़कर भाग गया। महंगाई का हवाला देते हुए उन्होने कहा कि 10 साल में दो बार यूरिया खाद की बोरी में चोरी की गयी है और उसका साइज छोटा किया गया जबकि रेट बढ़ाया। दस साल में भर्ती के पपेर लीक होने के कारण 7 लाख नौजवान रोजगार से दूर हो गये है। गरीबों को मिल रहे राशन की गुणवत्ता इतनी खराब है कि उसे लोग अपने जानवरों को खिला रहे हैं उन्होंने कहा कि जिस तरह से पूरे देश में अग्निवीरों की भर्ती करके युवकों के साथ मजाक किया है वही हाल अब सूबे की पुलिस का होने वाला है। अग्निवीर तो चार साल के लिए है लेकिन अब खाकी की नौकरी तीन साल की होगी। उन्होने आरोप लगाया कि देश विदेश के बड़े उद्योगपतियों की बैठक करके अरबों रूपये बरबाद किया लेकिन एक भी उद्योग कहीं भी नहीं लगा। कि 4 जून के बाद इंडिया गठबंधन की सरकार सबसे पहले अग्निवीरों के साथ हो रहे मजाक को समाप्त करेगी और फौज की पक्की नौकरी देगी। उन्होने कहा कि आज सीमा पर जान गंवाने वाले लोगों को शहीद का दर्जा नहीं दिया जा रहा है यह नवयुवकों के साथ घोर मजाक है।

## माधवीराजे सिंधिया की पार्थिव देह ग्वालियर लाई गई

**ग्वालियर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माता एवं पूर्व दिवंगत केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की पत्नी माधवीराजे सिंधिया की पार्थिव देह को आज दोपहर दिल्ली से मध्यप्रदेश के ग्वालियर ले आया गया। सिंधिया की पार्थिव देह को दोपहर को दिल्ली से ग्वालियर ले आया गया। उनकी पार्थिव देह को आम जनता के दर्शन हेतु स्थानीय 'रानी महल' क्षेत्र में रखा गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के भी दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने ग्वालियर पहुंचने का कार्यक्रम है। इसी बीच पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी सिंधिया को श्रद्धांजलि अर्पित करने दोपहर को रानी महल पहुंचे और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। सिंधिया की अपराह्न स्थानीय छत्री क्षेत्र में परंपरागत तरीके से अंत्येष्टि की जाएगी।

# हिमाचल के मेडिकल कॉलेजों में दिव्यांगों को मिलेगी मुफ्त शिक्षा

वार्ता ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के सभी छह सरकारी मेडिकल कॉलेजों में दिव्यांग विद्यार्थी अब निशुल्क मेडिकल की पढ़ाई कर सकेंगे। इससे सभी छह सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस, एमडी, नर्सिंग एवं अन्य पाठ्यक्रमों के सैकड़ों दिव्यांग विद्यार्थियों को लाभ होगा। अटल मेडिकल एवं रिसर्च यूनिवर्सिटी ने बुधवार को इसके बारे में आदेश जारी कर दिए हैं। उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी जनहित याचिका पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने चार जून 2015 को राज्य के सभी दिव्यांग विद्यार्थियों को सरकारी संस्थानों में विश्वविद्यालय स्तर तक की निशुल्क शिक्षा का अधिकार दिया था, लेकिन चिकित्सा शिक्षा विभाग ने उसे लागू नहीं किया था। जबकि अन्य विश्वविद्यालयों और सामान्य कॉलेज स्तर पर इसे लागू कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष उच्च न्यायालय के आदेश को लागू करने के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज की व्हीलचेयर यूजर एमबीबीएस विद्यार्थी निकिता चौधरी ने भी आवाज उठाई थी। वह उमंग फाउंडेशन की सदस्य है। उसे न्यायालय के आदेशों के बाद दाखिला मिला था, लेकिन पूरी फीस वसूली जा रही थी। वह हिमाचल की पहली व्हीलचेयर यूजर डॉक्टर बनेगी। श्रीवास्तव ने बताया कि सभी मेडिकल कॉलेज दिव्यांग बच्चों को पांच फीसदी आरक्षण तो दे रहे हैं, लेकिन पिछले नौ वर्षों से उच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करके उनसे फीस भी ले रहे थे। अजय श्रीवास्तव ने यह मामला राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के साथ भी उठाया था।

# बेमौसम बारिश से किसानों की उपज हो रही है खराब

## गीली जमीन के चलते फसल सुखाने में हो रही है परेशानी





पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

मौसम की बेरुखी से हो रही बेमौसम बारिश से कोंडागांव के किसानो की धान मक्का की फसल भीगने और नहीं सूखने के चलते खराब हो रहा है। कुछ किसानों के फसल खेत में ही है तो कुछ के घरों में लाये गए परंतु क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से ज्यादातर मक्का और धान के किसान अपनी फसल से चिंतित हैं।उमरगाँव के किसान गोविंद नेताम,सुधार नेताम,चैनू राम मण्डावी ने बताया कि सप्ताह भर पहले हमने मक्का मिंजाई किया है तभी से आज तक अनवरत भारी बारिश और तूफान से वो मक्का सुखा नहीं पा रहे हैं वहीं भीगने के कारण कुछ फसल अंकुरित हो गया है। ऐसे में किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान गोविंद नेताम ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर मक्का और धान की फसल लगाई है आठ दिन हो गए मक्का मिंजाई किया आधे फसल शुरू दिन ही भीग गया और लगातार बारिश के चलते सुखा नहीं पा रहे हैं कुछ अनाज अंकुरित हो गया है वहीं धान को कटाई किया है वो भी बारिश के चलते तब से खेत में ही है।शासन-प्रशासन से इन्होंने भारी आर्थिक नुकसान होने की अपनी चिंता जाहिर किया है।

# बुधसिंह नेताम कोंडागांव गोंडवाना समाज समन्वय समिति का जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनित

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



बुधसिंह नेताम पिता मंगलू राम नेताम निवासी फारेस्ट कालोनी कोंडागांव को जिन्होंने अपने जीवन के सत्रह साल भारतीय सेना में सेवा देने के बाद सेवा समाप्ति से वापस आकर सत्र 2017 में समाज के द्वारा जिला कोंडागांव गोंडवाना समाज समन्वय समिति पं. क्र.1033/92 का जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनयन किया गया तथा अपने 3 वर्ष के सामाजिक दायित्वों का सफल निर्वहन तथा सामाजिक व्यवस्थाओं जिसमें रीति, नीति, संस्कृति तथा रूढ़ी व प्रथा को संरक्षित रखने तथा सामाजिक व संवैधानिक हक, अधिकारों के लिए संविधान के दायरे में रहकर हमेशा ही समाज का कुशल नेतृत्व क्षमता के कारण समाज ने पुनः बुधसिंह नेताम जी को सत्र 2021 में गोंडवाना समाज समन्वय समिति जिला कोंडागांव का जिला अध्यक्ष पद पर मनोनित किया। यह कि तिरु.बुधसिंह नेताम अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय (युवावस्था)पूरे अनुशासन में रह कर सत्रह वर्ष तक देश सेवा में दिया और तत्पश्चात जब तक जिलाध्यक्ष के पद पर रहे वे किसी भी तरह के देशद्रोह, मर्डर, बलात्कार, चोरी, लूट, हत्या या अन्य कोई असंवैधानिक कार्य में संलिप्त नही रहा है। जबकि इन्होंने हमेशा समाज हित में समाज के लिए संविधान में निहित व्यवस्थाओं के लिए चूंकि यह पांचवी अनुसूची क्षेत्र होने के कारण अपने संवैधानिक अधिकारों चाहे वह स्थानीय भर्ती का मामला हो जिसमें इस जिले में निवास करने वाले समस्त समुदाय (एसटी, एससी, ओबीसी तथा अन्य सभी) के पढ़े लिखे बेरोजगारों के खातिर हाईकोर्ट में याचिका दायर करने हेतु अपने पेंशन पैसे से पूरे छ.ग.में पहला व्यक्ति है जो आर्थिक सहयोग किया है। अजजा आरक्षण का मुद्दा हो, या सत्र 29 जुलाई 2022 में घटित संदेहास्पद चार अध्ययनरत स्कूली बच्चों का मामला रहा हो, हमेशा समाज के साथ रहकर सामूहिक निर्णय के साथ शासन -प्रशासन से संवैधानिक न्याय की मांग संविधान की दायरे में रहकर समाज को मजबूत प्रतिनिधित्व दिया। जन सामान्य को यह भी विदित हो कि कलेक्टर जिला कोंडागांव ने पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन मात्र के आधार पर यह कहते हुए कि आम नागरिकों के सामान्य जनजीवन में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जबकि संपूर्ण जिला कोंडागांव में गोंड समाज का बाहुल्यता लगभग 78 से 80% है और जिले में ऐसा एक भी परिवार नहीं है, जिनके सामान्य जनजीवन पर बुधसिंह नेताम के कारण कोई भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा हो और जिसके बिना पर जिलाबदर जैसी कार्यवाही बिल्कुल भी न्यायोचित नही है ।बल्कि बुधसिंह नेताम का जिलाध्यक्ष बनने के बाद से ही चूंकि वह हमेशा निष्पक्ष, निडर तथा समाजहित में किसी भी मुद्दे पर समझौता नहीं करने के कारण हमेशा पुलिस प्रशासन के नजरों में खटकता रहा, जिसके चलते पुलिस प्रशासन षडयंत्रपूर्वक अनावश्यक रूप से समाज के नजर में निराधार आरोप लगाकर व्यक्तिगत रूप से प्रताड़ित करता आ रहा है।

# किरन्दुल में शिव महापुराण कथा का किया जा रहा है आयोजन



पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल नगर के गजराज कैंप में विश्व कल्याण की कामना को लेकर संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ बुधवार संध्या को की गई।जिसमें सर्वप्रथम कलश यात्रा निकाली गई एवम वेदी स्थापना की गई। तत्पश्चात डोंडीलोहारा बालोद से पधारे प्रवचनकर्त्ता ज्योतिषी रूखमणी नंदन पंडित पूरन प्रसाद शर्मा द्वारा महत्तम कथा सुनाई गई। जिसे सुनने धर्मप्रेमी व श्रद्धालु गण काफी बढ़ चढ़कर सम्मिलित हुए।

# जिले खुलेआम चल रहा है शराब का अवैध कारोबार

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में अवैध शराब का कारोबार तेजी से चल रहा है। जिसमे खास तौरपर युवा वर्ग शराब एवं अन्य नशीली वस्तुओं के नशे में फंसते जा रहे है। गांव गांव में आसानी से अवैध रूप से शराब बिकने से युवा वर्ग इसके चपेट में आ रहे है। आबकारी विभाग एवं पुलिस प्रशासन की कमजोरी के कारण शहर एवं गांवों में अवैध शराब का कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। शराब के धंधे में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से उन्हें बढावा मिल रहा है। जिलामुख्यालय के अधिकतर वार्डो में अंग्रेजी शराब खुलेआम बिक रहा है शासकीय शराब दुकानो के मैनेजर एवं आबकारी अधिकारी के मिलीभगत से कोचियो को अधिक दाम पर जितना चलो उतना शराब दिया जाता है, सूत्रों की मानो तो पूरे जिले के कोचियों से आबकारी विभाग का कमीशन फिक्स है जिसके चलते शराब कारोबारियों पर कार्यवाही नहीं किया जाता है। जिले के तकरीबन हर गांवो में अवैध शराब बिक्री चरम पर है। पुलिस प्रशासन भी अवैध शराब बिक्री की कार्यवाही से मुंह मोड़ चुका है। अवैध शराब की बिक्री शहर के साथ साथ ग्रामीण इलाकों में भी शबाब पर है। आसपास के ग्रामीण इलाकों में शराब दुकानों से बड़ी मात्रा में शराब लाकर बेची जा रही है।

# प्रतिदिन बच्चों को दिया जा रहा निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

भारतीय थल सेना के महार रेजीमेंट में पदस्थ नायक घीना नेताम निवासी केरावही और बिहार रेजीमेंट में पदस्थ नायक सोहन राम निवासी गिरोला छुट्टियों के दौरान अपने गृहग्राम आये हुए थे। इस दौरान अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा संचालित निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में पूर्व सैनिकों के साथ मिलकर प्रतिदिन बच्चों को निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विकास नगर स्टेडियम पहुंचते थे। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के सरंक्षक और बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने जानकारी देते हुए बताया कि कोंडागांव जिला से लगभग 500 से ज्यादा जवान भारतीय थल सेना में अपनी सेवा प्रदान कर रहें हैं और जब वे छुट्टियों में घर आते हैं तो पूर्व सैनिकों के साथ मिलकर निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। नायक घीना नेताम और नायक सोहन राम की छुट्टियां खत्म होने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उन्हें विदा किया गया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के सरंक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 280 प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

# कर्नाटक राज्य में बंधक बनाए गए 13 मजदूर वापस लौटे, कलेक्टर ने की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कर्नाटक में बंधक बनाये गये बस्तर से मजदूरों का संपर्क जिला प्रशासन से होने पर प्रशासन ने कर्नाटक राज्य के संबंधित जिला के प्रशासन और पुलिस विभाग से समन्वय कर श्रम विभाग के माध्यम से कर्नाटक के प्रशासन की मदद से वापस लाए गए कोलेंग क्षेत्र के 13 मजदूरों से कलेक्टर विजय दयाराम ने मुलाकात कर उन्होंने मजदूरों से कहा कि राज्य शासन द्वारा जनकल्याण की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन किया जा रहा और पर्याप्त संख्या में रोजगार के अवसर दिया जा रहा है, इसका लाभ लें। यदि रोजगार की तलाश में पलायन करके अन्य राज्य जाने की स्थिति में भी ग्राम पंचायत में स्थित पलायन पंजी में जानकारी दिया जाना चाहिए। कर्नाटक राज्य से वापस लाए गए 13 मजदूरों ने बताया कि अधिक मजदूरी की लालसा में सुकमा होते कर्नाटक राज्य के चित्रदुर्गा पहुंचे थे, जहां पर 05 लोग टेंट के कार्य और 08 लोग सुपारी के बगीचे में काम किया करते थे। लेकिन उन्हें तीन-चार महिने का मेहनताना नहीं दिया गया था और अपने घर वापस आने के लिए रोका जा रहा था। मजदूरों को कर्नाटक राज्य की शासकीय दर 14 हजार 100 रूपए (मासिक दर) नियोजक से मजदूरों को भुगतान करवाया गया। 13 श्रमिकों को 05 लाख 93 हजार 500 रूपए ठेकेदार से भुगतान की कार्यवाही करवाई की गई। मजदूरों ने कलेक्टर से मिलकर मजदूरी भुगतान और घर वापस लाने के लिए आभार व्यक्त किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल, संयुक्त कलेक्टर सुनील शर्मा, डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना, श्रम विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया शासकीय मदिरा दुकान का औचक निरीक्षण

- अवैध तरीके से परिवहन करते 59 नग पौव्वा एवं 12 नग बियर जब्त कर

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com





कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने जेलबाड़ा स्थित शासकीय अंग्रेजी एवं देशी मदिरा दुकान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दो युवको द्वारा अवैध रुप से परिवहन करते हुए 59 नग अंग्रेजी पौव्वा एवं 12 नग बियर जब्त कर जिला आबकारी अधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं सेल्समेन और मदिरा दुकान कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए अधिक मात्रा में शराब बेचने एवं निर्धारित दर से अधिक कीमत पर शराब बेचते पाए जाने पर नौकरी से निकालने एवं आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला आबकारी अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने सीसीटीव्ही फुटेज का भी निरीक्षण किया। दुकान पहुंचे ग्राहको से अधिक दर पर शराब नही खरीदने यदि दुकानदार निर्धारित कीमत से ज्यादा की मांग करे तो उनकी शिकायत करे तत्काल कार्रवाई होगी। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी तरह से अवैध रुप से शराब की बिक्री होते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी।

## अधिकारी-कर्मचारियों सहित नर्सिंग छात्राओं और मितानिनों-आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने लिया हिस्सा

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जवाहर नगर वार्ड में निकाली गई जनजागरूकता रैली

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर गुरुवार को कलेक्टर विजय दयाराम के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से जगदलपुर शहर के जवाहर नगर वार्ड में जनजागरूकता रैली निकाली गई और डेंगू मलेरिया से बचाव एवं उपचार के प्रति सतर्कता बरतने की अपील नागरिकों से की गई। इस जनजागरूकता रैली में जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों सहित नर्सिंग छात्राओं और मितानिनों-आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस मौके पर कला जत्था दल द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर डेंगू मलेरिया से बचाव के उपाय एवं उपचार सम्बन्धी प्रेरक सन्देश दिया गया। साथ ही मितानिनों द्वारा नाटक प्रस्तुत कर डेंगू मलेरिया से बचाव सम्बन्धी सन्देश दिया गया। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरके चतुवेदी एवं एसडीएम भरत कौशिक द्वारा उपस्थित सभी लोगों को डेंगू मलेरिया से बचाव हेतु अपने घर के आसपास साफ-सफाई रखने, घर में कूलर, पुराने टायर, गमले इत्यादि में पानी जमा नहीं होने देने, मच्छरों के पनपने वाले स्त्रोतों को नष्ट करने के साथ ही सोने के दौरान मच्छरदानी का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का संकल्प दिलाया गया। इस मौके पर नागरिकों को डेंगू मलेरिया से बचाव सम्बन्धी पेम्पलेट-ब्रोसर वितरित किया गया।






**डेंगू मलेरिया से बचाव ही है उपचार :** इस दौरान नागरिकों को अवगत कराया गया कि डेंगू एवं चिकनगुनिया वेक्टर जनित रोग है। संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में रोग संक्रमण होता है। मादा एडिस मच्छर डेंगू एवं चिकनगुनिया वायरस का वाहक है जो कि घर में तथा घर के आसपास जमा हुआ साफ पानी में पनपता है। यह मच्छर दिन में काटती है। संक्रमित एडिस मच्छर के अंडे भी संक्रमित होते हैं और पानी के संपर्क में आने पर यह अंडा विकसित होकर संक्रमित मच्छर बन सकते हैं। डेंगू रोग के मुख्य लक्षण ठंड लगने के साथ अचानक तेज बुखार आना, सिर और मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द होना, आँखों के पिछले भाग में दर्द होना, जी-मितलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मुंह तथा मसूड़ों से खून आना तथा त्वचा पर चकते उभरना है। डेंगू मलेरिया से प्रभावित होने की स्थिति में तत्काल निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय या मेडिकल कालेज अस्पताल में डेंगू मलेरिया की जांच के साथ ही उपचार करवा सकते हैं। डेंगू रोगी के उपचार एवं प्रबंधन की दिशा में डेंगू बुखार हेतु कोई दवा विशेष रूप में प्रभावी नहीं है। रोगी को लक्षण अनुसार उपचार दिया जावे। रोगी को बेड रेस्ट की सलाह दिया जावे। बुखार कम करने हेतु एंटीपायरेटिक जैसे कि पैरासिटामोल का उपयोग किया जावे। दर्द निवारक दवाइयों के उपयोग हेतु चिकित्सक की सलाह अनिवार्यतः ली जावे। रोगी को पर्याप्त तरल पदार्थ का सेवन करने हेतु सलाह दी जावे। डेंगू रोग के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सावधानी बरतना आवश्यक है। यह मच्छर साफ पानी जैसे कि गमला, कूलर, टंकी, फ्रीज-ट्रे, अनुपयोगी बर्तन, नारियल खोल, पशु-पक्षी के पानी पीने का बर्तन, अनुपयोगी वाहन आदि में जमा पानी में पनपते हैं अतएव पानी जमा होने न देवें। पानी संग्रहण बर्तनों को सप्ताह में एक बार अच्छी तरह साफ करें एवं पानी संग्रहण पश्चात बर्तनों को ढक कर रखें। शरीर को पूरी तरह ढकने वाले पोशाक पहनें और सोते समय मच्छरदानी का उपयोग अवश्य करें। घरों के आसपास पानी जमा होने वाले वस्तुओं जैसे नारियल के खोल, पुराने टायर, डिस्पोजेबल बर्तन, टूटे-फूटे बर्तन आदि को नष्ट किया जाए। समुदाय की सक्रिय सहभागिता से ही डेंगू के संक्रमण को रोकथाम किया जा सकता है।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर की जगह 60 प्रतिशत घरेलू गैस सिलेंडर का हो रहा धड़ल्ले से उपयोग



पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के कार्यकारी संचालक शुभम रंगारी ने कहा कि जिले में कमर्शियल गैस सिलेंडर की जगह 60 प्रतिशत घरेलू गैस सिलेंडर का धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। ऐसा नहीं कि इसकी जानकारी प्रशासन और संबंधित विभाग को नहीं है, बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही। प्रशासन और संबंधित विभाग की इस उदासीनता का खामियाजा आम जनता पर भारी पड़ सकती है। रंगारी ने प्रेस क्लब में उपरोक्त बातें कहीं। घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के लिए जागरूक करने वाले इस फाउंडेशन के कार्यकारी संचालक ने कहा कि घरेलू सिलेंडर में से कमर्शियल गैस सिलेंडर में बांसुरी के माध्यम से गैस रिफिल की जाती है। इसमें ब्लास्ट होने का खतरा बहुत अधिक होता है। इसमें जनहानि के साथ-साथ सरकारी टेक्स की भी हानि होती है। घरेलू एलपीजी पर 5त्र जीएसटी लगती है, वहीं कमर्शियल पर 18% जीएसटी लगती है। अवैध रूप से रिफिल करके सरकार को 13त्र जीएसटी की हानि हो रही है। घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं के अधिकारों की जागृति के लिए फाउंडेशन हमेशा कार्यरत है। उन्होंने बताया कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार एक परिवार में करीब 5-6 गैस सिलेंडर का इस्तेमाल प्रति वर्ष होता है। जब इस डेटा की सत्यता जांचने के लिए जांच की गई और उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं का सर्वेक्षण किया गया, तो उस सर्वेक्षण में औसत 80 प्रतिशत नागरिकों ने कहा कि वे 3 से 4 गैस सिलेंडर का उपयोग करते हैं। 15 प्रतिशत नागरिक मात्र 6 से 8 गैस सिलेंडर का उपयोग करते हैं। गैस का दाम बढ़ने से 5 फीसदी लोग 2 से 3 सिलेंडर ही इस्तेमाल कर रहे हैं। रंगारी ने आरोप लगाया कि वे ग्राहक जो सभी निर्धारित घरेलू सिलेन्डर का उपयोग नहीं कर पाते उनके बाकी गैस सिलेंडर वितरक ऑटो बुकिंग कर कालाबाजारी कर रहे हैं और इस अवैध बिक्री से मोटी रकम कमा रहे हैं और इस व्यवसाय को एकाधिकार के रूप में चला रहे हैं। यह देश के लिए हानिकारक है। रंगारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि सिलेंडर लेते वक्त उसका वजन, सिलेंडर की एक्सपाइरी डेट, उसकी सील की जांच जरूर करें और पूरी सावधानी से इसका उपयोग करें।

### सरकार ने कदम उठाए हैं पर कार्रवाई धीमी

रंगारी ने कहा कि देश में एलपीजी सिलेंडर की उचित बिक्री के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने हाल ही में कुछ कदम उठाए हैं, लेकिन इसकी गति काफी धीमी है। सिलेंडर प्रबंधन के मामले में, क्यूआर कोड- आधारित 'ट्रैक एड ट्रेस' को समाधानों में से एक के रूप में पहचाना जाता है। क्यूआर कोड आधारित प्रणाली की अवधारणा का प्रमाण प्राप्त करने के लिए, ओएमसीएस ने विभिन्न प्रमुख तकनीकी संस्थानों, परीक्षण संस्थानों और क्यूआर के साथ परामर्श किया है। मोबाइल हैंडसेट और क्यूआर कोड स्कैनर के जरिए कोड स्कैनर के मुद्दे पर विशेषज्ञों की राय ली गई है। प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से यश देशपांडे, हंसराज राहंगडाले और सत्यप्रकाश साहू उपस्थित थे।

# धर्म हमें संस्कारवान तथा विनम्र बनाता है : आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री

## बीटीआई रोड स्थित श्री भरत-लीला मेंशन में प्रवाहित हो रही भागवत रूपी अमृत धारा

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



स्थानीय कलेक्ट्रेट रोड स्थित श्री भरत-लीला मेंशन में लीला देवी चंद्राकर, सुष्मिता-आलोक चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस कपिल देव कथा, रति संवाद, ध्रुव चरित्र तथा जड़भरत कथा व्याख्या के पूर्व आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री (चाय वाले बाबा) सिलयारी धाम ने कहा कि मोह, लोभ को त्याग कर बांके बिहारी के शरण में आ जाइये। बिहारीलाल आपके सारे कष्टों को दूर कर देंगे। धर्म वान तथा धनवान व्यक्ति में अंतर बताते हुए आचार्य शास्त्री ने कहा कि मनुष्य के जीवन में धन और धर्म का गहरा प्रभाव पड़ता है। धन आने से व्यक्ति अहंकारी हो जाता है। तथा धर्म हमें संस्कार वान तथा विनम्र बनाता है। व्यक्ति दो तरह से धन अर्जित करते हैं, गलत कार्य से अर्जित धन से सुख-शांति नहीं मिलती। सतकर्म से मिले धन हमें शांति, सदाचार तथा धर्म की ओर प्रशस्त करता है। उन्होंने मनु-सतरूपा कथा की व्याख्या करते हुए कहा कि भगवान जैसा पुत्र पाने के लिए राजा मनु व शतरूपा की तरह तपस्या करनी पड़ती है। इस कठिन तपस्या को पूरा करने के बाद ही मनु व शतरूपा ने पुनर्जन्म में भगवान राम को पुत्र के रूप में प्राप्त किया। उन्होंने भारतभूमि को प्रणाम करते हुए कहा कि इस धरा पर संसार के पालन हार ने जन्म लिया है। और उससे भी महान छत्तीसगढ़ महतारी है, जहां जगत के पालन हार को जन्म देने वाली माता कौशल्या ने जन्म लिया। आचार्य शास्त्री ने कहा कि छग की देवभूमि के महासमुंद धर्म नगरी में आज भागवत रूपी अमृत धारा प्रवाहित हो रही है। चंद्राकर परिवार के पुण्य कर्मों का लाभ समस्त नगरवासियों को मिल रहा है। श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस कथा श्रवण हेतु विशेष रूप से छग खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन,छग जीव जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, छुईखदान से संजीव दुबे,राजेन्द्र चंद्राकर सहित पूरे प्रदेश से सैकड़ों भागवत प्रेमी, माताएं-बहनें, बुजुर्ग, बच्चे उपस्थित थे। जिसमें प्रमुख रूप से लीलादेवी चंद्राकर, सुष्मिता आलोक चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, द्रोपती चंद्राकर, मीना सुरेश चंद्राकर, प्रमिला संतोष चंद्राकर, प्रतिभा पवन चंद्राकर, अंजु लीलाधर चंद्राकर, मधु राहुल चंद्राकर, प्रियल आकाश चंद्रवंशी प्रज्ञा आशीष चंद्राकर, डॉ. रीमा, नमन, प्रांजल, डॉ. साक्षी, डॉ. सजल, शब्दभरत, ग्रीनी, हनी, तनिष्क, मयांश, आरू, अदब्य, अव्यान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत , नैतिक प्रथम प्रियांशी द्वितीय



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com


सरायपाली सरस्वती शिशु मंदिर बालसी विद्यालय में परीक्षा परिणाम प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को श्रीमती अनामिका पाल द्वारा पुरस्कृत किया गया पूरा विद्यालय परिवार उन्हें बहुत बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहन कक्षा अरूण से नैतिक प्रधान 99 प्रतिशत के साथ प्रथम द्वितीय स्थान पर प्रियांशी भारद्वाज98 प्रतिशत तृतीय स्थान पर प्रेमसागर 97 प्रतिशत कक्षा उदय से तृस्ति रात्रे 99.5 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर अपर्णा साहू 99 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रुही बरिहा 98 प्रतिशत कक्षा प्रथम से हार्दिक प्रधान 99.5 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर छयंक प्रधान 99 प्रतिशत कक्षा द्वितीय से एकता यादव 99 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर साहिल रात्रे 98 प्रतिशत तृतीय स्थान पर तुलसी रात्रे 97 प्रतिशत कक्षा तृतीय से रीना बंजारा 97 प्रतिशत आयशा भोई 95 प्रतिशत कक्षा चतुर्थ से रोशन बिश्रा 98 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर अंकुश मिश्रा 95 प्रतिशत तृतीय स्थान पर योगेश प्रधान 94 प्रतिशत कक्षा पंचम से अंश प्रधान 96 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर रुपाली प्रधान 94 प्रतिशत तृतीय स्थान पर तनिषा बारीक 93 प्रतिशत कक्षा षष्ठ से शीतल बुडेक 95 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर नितिका साहू 94 प्रतिशत कक्षा सप्तम से आस्था प्रधान 98 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर अमिषा भोई 97त्रकक्षा अष्टम से मानसी साहू 97 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर निक्की प्रधान 96 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

# पद्म पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित, 15 सितम्बर तक कर सकते है आवेदन

**बलौदाबाजार।** वर्ष 2025 के लिए पद्म पुरस्कार अर्थात् पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री देश का सर्वोच्च नागरिक पुस्कार है। 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली से की जाती है। इस पुरस्कार में उत्कृष्ट कार्यो को मान्यता प्रदान की जाती है और इसे सभी क्षेत्रों, विषयों जैसे कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान, इंजिनियरिंग, सार्वजानिक मामलों, नागरिक सेवा, व्यापार और उद्योग आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों, सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। पुरस्कार संबंधी विधान और नियमावली वेबसाइट एचटीटीपी स्लेस पद्म अवार्ड डॉट जीओव्ही डॉट इन httpsÑ//padmawards.gov.in पर एवं पद्म पुरस्कार के लिए नांमाकन केवल ऑन लाइन पोर्टल एचटीटीपी स्लेस अवार्ड डॉट जीओव्ही डॉट इन httpsÑ//awards.gov.in पर उपलब्ध है। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2024 तक निर्धारित है।

# सशिमं विद्यालय में मेधावी छात्र छात्राओं का दो पालियों में हुए परिक्षा आयोजित

## 134 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में हुए शामिल



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

मां समलेश्वरी बाल कल्याण समिति द्वारा संचालित स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरायपाली में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के तत्वावधान पर मेधावी छात्र परीक्षा हुई। परीक्षा 14 मई को दो पाली में संपन्न हुई। प्रथम प्रश्न-पत्र 11 से 12.बजे तथा द्वितीय प्रश्न-पत्र दोपहर 2. बजे से 3 बजे तक संपन्न हुई । जिसमें कक्षा तृतीय से एकादश तक (बोर्ड परीक्षाओं को छोड़कर) कक्षा में प्रथम तीन स्थान तथा 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की परीक्षा हुई। इसमें बसना, सरसीवा तथा सरायपाली नगरीय विद्यालय एवं उक्त तीनों विद्यालय के अंतर्गत संचालित हो रहे ग्रामीण विद्यालय में अध्यनरत कक्षा तृतीय से एकादश तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कुल 134 भैया- बहन सम्मिलित हुए। परीक्षा में सभी कक्षाओं के प्रश्न-पत्र एवं उत्तर-पत्रक अलग-अलग दिए गए। बैठक व्यवस्था 7 कमरों में की गई। प्रत्येक परीक्षार्थी को अपेक्षित अंतर में बैठाया गया था जहां उनके लिए विद्यालय की ओर से सारी व्यवस्थाएं दी गई । पीने के लिए स्वच्छ एवम ठंडा पेय जल की भी व्यवस्था की गई। परीक्षा के अंत में विद्यालय के प्राचार्य कामता प्रसाद साहू तथा प्रधानाचार्य रमेश प्रधान के निर्देशन पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुई। आचार्य त्रिलोचन कर ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा को संपन्न कराने में बसना एवं सरसीवा विद्यालय के प्राचार्य नंदू निर्मलकर तथा पंकज प्रधान विद्यालय के परीक्षा प्रभारी गोवर्धन प्रधान एवम अमृत मिश्रा सहित समस्त आचार्य दीदीयां एवं अन्य विद्यालय से आए आचार्यगणों का योगदान रहा।

# भीषण गर्मी में भी सबको मिलते रहेगा पानी : प्रखर

## संगम की पहल से जनप्रतिनिधि हुए सक्रिय



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली नगरपालिका छेत्र में नगरवासियों को पानी की समस्या ना हो इसलिए संगम सेवा समिति (रजी.) द्वारा नगर के वार्डो में टेंकर द्वारा पानी उपलब्ध कराया जा रहा है ज्ञानतव्य हो कि सराईपाली नगरपालिका परिषद में पन्द्रह वार्ड है कुछ वार्डो में जल स्तर नीचे चले जाने की वजह से पानी की समस्या आए दिन बनी रहती है उक्त समस्या के निवारण के लिए संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल द्वारा टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है उक्त कार्य की अन्य सामाजिक संस्था, व अन्य लोगो ने सराहना की है मीडिया से बात करते हुए प्रखर अग्रवाल ने बताया कि हमारा उद्देश्य लोगो को जागरूक करना है उनके अधिकारों के लिए और उनकी समस्या का समिति के माध्यम से निवारण करना है हमारी समिति के कार्यों की सक्रियता से अन्य जनप्रतिनिधि भी सक्रिय हुए है एवं सरायपाली में लोगो की समस्या को गंभीरता से लेकर उनका निवारण किया जा रहा है यह सब बदलता वातावरण देख कर मुझे खुशी हो रही है कि हम धीरे धीरे अपने उद्देश्यों की ओर आगे बढ़ रहे है अंत में अग्रवाल ने समिति के सदस्यों के योगदान के लिए उनको मीडिया के माध्यम से धन्यवाद दिया।

# प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रयास की निःशुल्क विशेष कक्षाएं प्रारंभ

## जिला प्रशासन के अभिनव पहल 'प्रयास' में पंजीयन जारी

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा जिले के होनहार व प्रतिभावान अभ्यर्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क 'प्रयास' कोचिंग संस्था द्वारा तैयारी कराया जा रहा है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में वीर सुरेन्द्र साय शासकीय महाविद्यालय परिसर में प्रतियोगी परीक्षाओं के विभिन्न विषयों की कक्षाएं संचालित की जा रही है। व्यापम द्वारा आगामी दिनों में निकलने वाली शिक्षक भर्ती परीक्षा, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, छात्रावास अधीक्षक, पुलिस आरक्षक, प्रीबीएड़, सीसैट, सीटैट इत्यादि हेतु पुनः नवीन कक्षाए प्रारंभ की गयी है। साथ ही छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती परीक्षा प्रीलिम्स की निरंतर कक्षाएं जारी है। रत्नगर्भा अकादमी के पूर्व दक्ष व अनुभवी अध्यापक शेखर साहू द्वारा विशेष रूप से कक्षाएं ली जा रही है। विगत दिवस संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा द्वारा परीक्षा की रणनीति व अन्य विषयों पर मार्गदर्शन अभ्यर्थियों को दिया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता पंकज जैन द्वारा संविधान व भूगोल की कक्षाएं निरंतर संचालित है। अन्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा क्लासेस ली जा रही है। जिले में व्यापम, एसएससी, पीएससी इत्यादि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है।

# चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के निर्देशन में, एसडीओपी निधी नाग के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी निरीक्षक अजय झा, सायबर प्रभारी उप निरीक्षक प्रियेश जान के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 328/2024 धारा 302 भादवि के आरोपी को 01 घंटे के भीतर त्वरित कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी विनय दुबे पिता रमेश दुबे उम्र 32 साल निवासी आजाद चौक स्वीपर कालोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना सिटी कोतवाली मे 15/05/2024 को विनय दुबे एवं सरस्वती कुर्रे, 08 माह की बच्ची को लेकर दोपहर करीबन 03/00 बजे बाजार सामान खरीदने गये थे, जो रात्रि करीबन 08/00 बजे सामान खरीदकर घर वापस आये। इस बीच विनय एवं सरस्वती कुर्रे के बीच बच्ची को सम्भाल नहीं सकते हो कहकर, विनय सरस्वती को डांट फटकार गाली गलौच कर हाथ थप्पड से मारपीट किया। मारपीट करते हुए दोनो मे झुमा झपटी होने से सरस्वती कुर्रे घर के आंगन मे गिर गई। तब विनय घर आंगन मे रखे पत्थर को उठाकर सरस्वती के सिर पर पटककर हत्या कर दिया और कहने लगा सरस्वती कुर्रे मर गई और हाथ पकडकर खिंचकर घर के सामने नाली मे सिढी के पास फेंक दिया और एम्बुलेंश लाने जा रहा हूं कहकर घर से भाग गया। कि रिपोर्ट पर मर्ग क्र. 61/2024 कायम एवं अपराध क्र. 328/2024 धारा 302 भादवि का अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। कि पुलिस टीम द्वारा घटना के 01 घंटे पश्चात ही आरोपी विनय दुबे को तत्परतापूर्वक पकड़ लिया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर उसके द्वारा पत्नी के चरित्र पर शंका होने एवं उसकी छोटी बच्ची को ठीक से संभाल नहीं सकने की बात के कारण, गुस्सा होकर, आवेश में आकर उसकी हत्या करने की बात स्वीकार किया। प्रकरण के आरोपी विनय दुबे के विरूद्ध अपराध सबुत पाये जाने से 16/05/2024 के 11.45 बजे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अजय झा, सायबर प्रभारी उप निरीक्षक प्रियेश जान, सउनि राजेन्द्र पाटिल, सी.आर.साहू, प्रआर समीर शुक्ला, अंशुमन पाण्डेय, आर 134,300, 634,296,685 एवं सायबर टीम के आर अजय यादव, टिकाराम साहू व पेट्रोलिंग पार्टी का विशेष योगदान रहा।

# विधायक चातुरी नंद ने बोर्ड टॉपर डेनिशा को शाल और श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में पूरे छत्तीसगढ़ में 9वें स्थान हासिल करने वाली डेनिशा प्रधान का क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। विधायक नंद टॉपर डेनिशा प्रधान के गांव कसलबा पहुंची और उनके माता पिता समेत उनके परिवारजनों से भेंट की। विधायक चातुरी नंद ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों के बावजूद डेनिशा ने जो सफलता अर्जित की है वो सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। सरायपाली अंचल की बेटियों ने बोर्ड परीक्षा में जो स्थान बनाया है उससे समूचा सरायपाली अंचल गौरवान्वित हैं। बता दें कि सरायपाली की महक अग्रवाल ने बारहवीं कक्षा में पूरे छत्तीसगढ़ में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह ग्राम मुंडपहार की रिया साहू ने भी कक्षा दसवीं की टॉप 10 लिस्ट में स्थान बनाया है। सभी टॉपरों को विधायक चातुरी नंद ने घर पहुंचकर सम्मानित भी किया है। इस दौरान बोर्ड टॉपर डेनिशा प्रधान के पिता करूणा सागर प्रधान, उनकी माता, चाचा समेत अन्य ग्रामवासी बड़ी संख्या में विशेष रूप से उपस्थित थे।

# शासकीय उच्चतर विद्यालय पचेड़ा का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

पायनियर संवाददाता < महासमुंद/पचेड़ा
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचेड़ा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें संस्था प्रमुख प्राचार्य विजयकुमार घाडगे ने बताया कि हमारे विद्यालय हमेशा से छात्र छात्राओ के द्वारा बेहतर परीक्षा परिणाम दे है अच्छे परिणाम में हमारे विद्यालय के सभी व्याख्तागणो के मेहनत और बीच बीच में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शेख अलाउद्दीनजी शत्रुहन साहू, मानिक लाल टंडन उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा व अन्य जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग विद्यालय हित में मार्गदर्शन प्राप्त होता रहता है जिनसे हम सभी परिणाम पर विशेष ध्यान देते है इस सत्र 2023-24 में कक्षा 10वीं में कुल दर्जसंख्या 52 में प्रथम श्रेणी 21, द्वितीय श्रेणी -16 तृतीय श्रेणी 10 इस प्रकार परीक्षा परिणाम 90.38 रहा। छात्र मुकेश साहू ने 90.5 अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान मे रहा, छात्रा यामिनी पटेल ने 89.69 प्रतिशत,प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उसी प्रकार कक्षा 12वीं में कुल दर्जसंख्या 55 मे प्रथम श्रेणी 20, द्वितीय श्रेणी-31, तृतीय श्रेणी 4 रहा इस प्रकार परीक्षा परिणाम 96.45 रहा, कक्षा 12वीं में छात्रा जानकी ध्रुव ने 74.2 प्राप्त कर प्रथम स्थान मे जगह बनाया। संस्था के प्राचार्य विजयकुमार घाडगे ने सभी सफल छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया, इसी के साथ शेख अलाउद्दीन अध्यक्ष शासकीय उच्चतर विद्यालय पचेड़ा, अगरा ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत पचेड़ा, जितेन्द्र टंडन उपसरपंच ग्राम पंचायत पचेड़ा, माधोराम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा, मानिक लाल टंडन उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा, शत्रुहन साहू, भोजराम निषाद पंच, दिलीप नारंग, भोजराम साहू एवं विद्यालय के शिक्षकगण लता हिरवानी, मीना चन्द्राकर, अनुराधा साहू, गायत्री साहू, नमिता चन्द्राकर, लक्ष्मी, नेहा श्रीवास्तव, ममता साहू, शीपाली उके, ओमप्रकाश धर्मवंशी, मिलन चक्रधारी, शिवकुमार घृतलहरे, चंचल चन्द्राकर, मंजू साहू, धर्मेन्द्र साहू, आदि सभी ने सफल छात्र छात्राओ की उज्जवल भविष्य की कामना की और बधाई दी। उक्त जानकारी मानिक लाल टंडन ने दी है।

# पूर्व संसदीय सचिव को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर विस पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



पूर्व केंद्रीय मंत्री व हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला ने हिमाचल लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। जिसके तहत पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर को अहम जिम्मेदारी देते हुए हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर लोकसभा क्षेत्रांतर्गत बिलासपुर विधानसभा के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। बता दें कि प्रदेश संगठन ने दूसरे व तीसरे चरण में संपन्न लोकसभा चुनाव में महासमुंद विधानसभा व सरगुजा लोकसभा क्षेत्रांतर्गत प्रेमनगर विधानसभा की जिम्मेदारी चंद्राकर को दी थी। दोनों विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने चंद्राकर के कुशल मार्गदर्शन व रणनीति के तहत 90 प्रतिशत मतदाताओं तक सीधा संपर्क कर पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील की थी। चंद्राकर के अनुभवों व कार्यक्षमता को देखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व ने पुनः उन्हें हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी दी है।

# पुलिस द्वारा भाटापारा नगर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी एवं अटल आवास नगर में दी गई दबिश

## अपराधिक एवं असमाजिक तत्वों की धरपकड़ हेतु सुबह से ही चलाया गया आकस्मिक चेकिंग अभियान

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



अभियान सृजन के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सदानंद कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अविनाश ठाकुर, एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी भाटापारा शहर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के निर्देशन में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा क्षेत्र अंतर्गत शराब कोचियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों, सटोरियों एवं अन्य अंवैधानिक कार्य करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में भारी पुलिस बल के साथ भाटापारा नगर के पंचशील नगर स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी एवं रावण भाटा स्थित अटल आवास नगर में आकस्मिक दबिश दिया गया। विभिन्न अपराधों में संलिप्त अथवा गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ पर ज्ञात हो रहा है कि यह लोग छिपने एवं रहने के लिए अधिकांशतः अटल आवास में बने कमरों एवं झुकी बस्तियों का इस्तेमाल करते हैं, जहां पर इनसे ज्यादा पूछ-परख नहीं होती एवं आसानी से अपनी पहचान छुपाकर यह लोग रहते हैं तथा समय देख-देख कर चोरी, लूट, मारपीट आदि घटनाओं को अंजाम देते हैं। उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए सीआरपीएफ की टीम के साथ थाना भाटापारा शहर पुलिस बल द्वारा भाटापारा शहर स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी एवं अटल आवास नगर में आकस्मिक दबिश देकर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दोनों स्थानों में रहने वाले लोगों से पूछताछ कर उनकी पहचान, रहने का कारण, कब से निवासरत है, स्थानीय रिश्तेदारों, जान पहचान वाले आदि बिंदुओं में पूछताछ कर जांच किया गया। संपूर्ण चेकिंग कार्यवाही में तीन वारंटी को दबोचा गया तथा उसके साथ ही 04 अन्य लोगों को पकड़कर उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। थाना भाटापारा शहर पुलिस टीम द्वारा इस प्रकार संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कार्यवाई लगातार जारी रहेगी।

# दुर्ग जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में समर कैम्प का शुभारम्भ

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com








कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त शासकीय प्राथमिक / पूर्व माध्यमिक / हाईस्कूल / हायर सेकण्डरी/पी.एम. स्कूल / सेजस विद्यालय में 15 मई 2024 से 15 दिवसीय समर कैम्प प्रारम्भ किया गया है। इस कैम्प हेतु प्रातः 6:30 से 8:30 तक का समय निर्धारित है। जिले के समस्त संकुल प्राचार्यो की देखरेख एवं संकुल समन्वयकों के सहयोग से 15 विधाओं में विभिन्न गतिविधियों पर आधारित समर कैम्प आयोजित किये जायेगें। जिले के 11 पी.एम. विद्यालयों में भी समर कैम्प आयोजित किये जा रहे है।

जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा से प्राप्त जानकारी अनुसार समर कैम्प के दौरान स्पोकन इंगलिश, गणित से जुड़ी मनोरंजक गतिविधियाँ, करसिव राइटिंग, स्टोरी टैलिंग, लेखन कला (हिन्दी, अंग्रेजी), बेस्ट ऑफ वेस्ट, कला और काफ्ट, अभिव्यक्ति कौशल, इन्डोर गेम-शतरंज कैरम, चौस, चायनिस चेकर्स, योग / प्राणायाम, गायन/वादन, नृत्य, ड्राईंग और पेंटिंग,, रंगोली / मेंहदी, आदि गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। समर कैम्प के प्रथम दिवस विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। शिक्षक जो विभिन्न विधाओं में पारंगत है उनके द्वारा बच्चों को सम्बधिंत विधाओं की बारीकियाँ सिखाई जा रही है। समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक सुरेन्द्र पाण्डेय को समर कैम्प की समस्त गतिविधियों के सुचारू सम्पादन का दायित्व दिया गया है। प्रथम दिवस पी.एम.. शासकीय प्राथमिक शाला रुआबांधा भिलाई में शिक्षक अब्दुल आरिफ खान द्वारा बच्चों को केसियो बजाना सिखाया गया। सु यामिनी द्वारा बच्चों को अभिव्यक्ति कौशल पर गतिविधि कराई गयी।

मोहम्मद आयाज द्वारा स्टोरी टैलिंग किया गया। पी.एम.. अखरा पाटन में स्पोकन इंगलिश पर आधारित गतिविधियाँ कराई गई। 16 मई 2024 से प्राचार्य शासकीय हायर सेकण्डरी विद्यालय रुआबांधा मती दीप्ति गुप्ता द्वारा पूरे 15 दिवस स्पोकन इंगलिश पर गतिविधियों कराई जाएगी। पी.एम. शासकीय प्राथमिक शाला बालाजी नगर खुर्सीपार भिलाई में ग्रिटिंग कार्ड मैकिंग की गतिविधि कराई गई। अनेक विद्यालयों में योग एवं प्राणायाम कराया गया। शासकीय पूर्व मा. शाला रिसाली में इंडोर गेम के तहम कैरम एवं शतरंज की बारिकियों बच्चों को सिखाई गई। संकुल कन्या सुपेला में बच्चों को लोक एवं शास्त्रीय नृत्य सिखाया गया। समर कैम्प में पालकों की सहमति से अधिक से अधिक बच्चों को शामिल कर, बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जा रहा है। प्रथम दिवस के कैम्प का समापन अत्यंत उत्साह के साथ कल द्वितीय दिवस में मिलने के संदेश के साथ किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक, संकुल स्त्रोत केन्द्र समन्वयक, सहायक परियोजना समन्वयक सभी के द्वारा समर कैम्प की सतत् मोनिटरिंग की जा रही है।

# वर्षा पूर्व नाला सफाई अभियान के तहत शहर के छोटे-बड़े नालों एवं नालियों की सफाई का कार्य शुरू





पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर निगम स्वस्थ्य विभाग अमला द्वारा वर्षा ऋतु से पहले नाला-नालियों की सफाई हेतु विशेष अभियान के तहत नाला-नालियों की साफ -सफाई का कार्य जोन स्तर पर निरंतर जारी है।बारिश से पहले नाला-नालियों की सफाई बेहतर ढंग से कर पानी के बहाव को व्यवस्थित करने के लिए अनेक जोन क्षेत्रों में जेसीबी मशीन से बड़े नालों की सफाई की जा रही है जबकि नालियों की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन और सफाई अमले के माध्यम से किया जा रहा है।स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली द्वारा निरन्तर नाली सफाई कार्य का मॉनिटरिंग कर रहें है।उन्होंने बताया कि निगम आयुक्त चन्द्राकर के दिशानिर्देश पर वर्षा ऋतु से पहले नाला-नालियों की साफ -सफाई का कार्य जोन स्तर पर शुरू किया गया है। बारिश से पहले नाला-नालियों की सफाई बेहतर ढंग से कर पानी के बहाव को व्यवस्थित करने के लिए अनेक जोन क्षेत्रों में जे.सी.बी एवं पोकलेन मशीन से बड़े नालों की सफाई शुरू की गई है जबकि नालियों की सफाई का कार्य मशीन और सफाई अमले के माध्यम से किया जा रहा है।शंकर नगर कार्य प्रारंभ किया गया,और कार्य प्रगति पर है,शेष नाला,एवं नाली की सफाई कार्य अति शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे ताकि वर्षा ऋतु के पूर्व पूर्ण कर लिया जाएगा।गया नगर नाला वार्ड 40 नाला का कार्य सफाई गैंग के माध्यम से कराकर सफाई के दौरान निकले कचरे एवं मलमे को भी उठवाया गया साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नालियों की साफ की गई।वर्षा पूर्व नाला सफाई अभियान के तहत शहर के छोटे-बड़े नालों एवं नालियों की सफाई का कार्य निरंतर जारी नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु से पहले नाला-नालियों की साफ -सफाई का कार्य जोन स्तर पर शुरू किया गया है। बारिश से पहले नाला-नालियों की सफाई बेहतर ढंग से कर पानी के बहाव को व्यवस्थित करने के लिए अनेक जोन क्षेत्रों में जेसीबी से बड़े नालों की सफाई शुरू की गई है जबकि नालियों की सफाई का कार्य जे.सी.बी मशीन और सफाई अमले के माध्यम से किया जा रहा है।

# किराएदार दे रहा था मिक्स कचरा, आयुक्त मोनिका ने दी मकान मालिक को अंतिम चेतावनी

■ **बहस करने वाले आयुक्त को देख दरवाजा किया बंद**

पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com





किराएदार नियमों को अनदेखी करता है तो, रिसाली निगम मकान मालिक को दोषी मानते हुए कार्यवाही करेगा। मंगलवार को प्रगति नगर सड़क 18 में किराए दार की हरकत से मकान मालिक को खरी खोटी सुननी पड़ी। रिसाली निगमआयुक्त मोनिका वर्मा ने मकान मालिक ए टी चक्रवर्ती को दोबारा मिक्स कचरा देने पर पेनाल्टी वसूली की अंतिम चेतावनी दी।

निगम के स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे लोगों की सूची तैयार की है, जो संमझाइस के बाद भी गीला व सूखा कचरा मिक्स दे रहे है। सूची के आधार पर ही आयुक्त मैत्री नगर सड़क 18 पहुंची। यहाँ पर चक्रवर्ती के मकान में सोनी परिवार किराए से रहता है। आयुक्त ने घर से निकलने वाले कचरा को देखा। फिर अलग अलग कर देने निर्देश दिए। महिला के बहस करने पर आयुक्त ने मकान मालिक को तलब किया और चेतावनी दी कि किराए दार द्वारा नियमों की अनदेखी करने पर अब निगम मकान मालिक से जुर्माना वसूल करेगा।

**सड़क 16 में टीम देख भीतर ही रहे-**आयुक्त पहले प्रगति नगर सड़क 16 पहुंची। यहां भी, 2 घरों में मिक्स कचरा दिया जा रहा था। आयुक्त की उपस्थिति वाली टीम ने लालचंदानी निवास और प्रकाश कुमार के निवास में दस्तक दी, लेकिन दोनों निवास से कोई बाहर ही नहीं आया। वही सड़क 17 पहुंचकर आयुक्त ने बी सी शर्मा परिवार को मिक्स कचरा नहीं देने की समझाइश दी।

**मानव बल बढ़ाने के निर्देश-** निगम आयुक्त ने इस दौरान नागरिकों से भी चर्चा की। गीला सूखा कचरा अलग अलग देने अपील की। आयुक्त ने बेहतर तरीके से गीला सूखा कचरा लेने मानव बल बढ़ाने निर्देश भी दिए।

# उल्टी-दस्त प्रभावित मरीजों का घर पर ही चिकित्सकीय उपचार

## स्वास्थ्य अमला मुस्तैद काम्बेट टीम द्वारा संक्रमित क्षेत्र का सर्वे, प्रभावित क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले के ग्राम बोड़ेगांव (ननकट्ठी) में उल्टी-दस्त की आऊटब्रेक सूचना प्राप्त होते ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी.मेश्राम, के आदेशानुसार जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी, डॉ. एस.के. मेश्राम, जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉक्टर सी.बी.एस.बंजारे, रितीका मसीह, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, बी.पी.एम धमधा राजेन्द्र वर्मा, सुपरवाईजर व स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहित काम्बेट टीम के अन्य सदस्यों द्वारा संक्रमित क्षेत्र का दौरा किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड निकुम के अनुसार 14 एवं 15 मई 2024 को ग्राम बोड़ेगांव के वार्ड नं. 11 में 40 उल्टी दस्त प्रकरण पाया गया जिसमें से 01 को शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज, जुनवानी में चिकित्सकीय उपचार हेतु भर्ती किया गया है। उक्त संक्रमित क्षेत्र में उल्टी दस्त के मिले मरीजो में से 39 मरीजों का घर पर चिकित्सकीय उपचार चल रहा है। सभी स्वस्थ है, और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के काम्बेट टीम व मितानिन द्वारा संक्रमित क्षेत्र का सर्वे किया जा चुका है। मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता को प्रभावित क्षेत्र में सतत् निगरानी किये जाने निर्देशित किया गया है। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में चौबीस घंटे ड्यूटी लगायी गयी है। स्वास्थ्य अमले द्वारा क्षेत्र का 50 घरों का भ्रमण किया जा चुका है। लोगों को 50 ओ.आर.एस.पैकेट, 700 जिंक, 250 मैट्रोनिडाजोल, 200 क्लोरिन टेबलेट वितरित किये गये है। ग्राम पंचायत सरपंच की सहायता से गांव में उल्टी दस्त होने की सूचना देने की मूनादी करायी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी.मेश्राम, ने बताया कि जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉक्टर सी.बी.एस.बंजारे, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी, डॉ. एस.के. मेश्राम द्वारा चिकित्सिकीय टीम के साथ रवेलीडीह व बोड़ेगांव के क्षेत्र का मुआयना किया गया। साथ ही दोनो गांव के सरपंच को ग्राम बोड़ेगांव से रवेलीडीह पानी सप्लाई होने वाली पाईपलाईन तत्काल बंद कराने, पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था टैंकर, हैंडपंप व अन्य साधन से किया जाने तथा गर्मी को देखते हुये पाईप लाईन को सुधार कार्य कराने की सलाह दी गई।

# सड़क पर डम्प किये मलवे को निगम कर रहा है जप्त





पायनियर संवाददाता ◀ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

निगम क्षेत्र में सड़क किनारे बेतरतीब रखे भवन से निकले निर्माण मलवा को निगम द्वारा जप्ती की कार्यवाही की जा रही है। ताकि लोग दुर्घटना का शिकार न हो और शहर की गंदगी साफहो। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर निगम क्षेत्र में जगह-जगह सड़क किनारे, गली मोहल्ले में डम्प किये गये मलवा को निगम द्वारा हटाने का कार्य किया जा रहा है। भवन मालिको द्वारा अपने निर्माणधीन भवन अथवा पुराने भवन को तोड़कर उससे निकलने वाले मलवा को सड़क किनारे अथवा गली मोहल्ले में ढेर लगाकर छोड़ देते है जिससे रात में वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो जाते है। उक्त ढेर शहर की साफ-सफाई में भी बड़ा बाधक रहेता है। जिसकी शिकायत के आधार पर तथा निगम अधिकारियो के भ्रमण के दौरान संज्ञान में आने पर उक्त मलवे के ढेर को निगम द्वारा जे.सी.बी. एवं हाईवा लगाकर जप्ती की कार्यवाही की जा रही है।

# गुण्डा बदमाश संतोष झा का हुआ जिलाबदर, सीमावर्ती जिले की सीमाओं से एक वर्ष की अवधि तक बाहर

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा गुण्डा बदमाश संतोष झा के अपराधिक आचरण एवं प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने तथा आम जनता में अमन-चौन, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत जिलाबदर की कार्यवाही की गई है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार संतोष झा आत्मज बिलट झा उम्र 47 वर्ष निवासी चौहान टाउन, ए-2/24 जुनवानी भिलाई दुर्ग को राजस्व जिला दुर्ग एवं उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, बालोद एवं धमतरी जिला की सीमाओं से आदेश पारित की तिथि से एक सप्ताह के भीतर हटने अथवा बाहर चले जाने कहा गया है। साथ ही बदमाश संतोष को इस तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के बिना अनुमति के प्रवेश निषिद्ध होगा। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में आरोपी के विरूद्ध थाना दुर्ग में मार-पीट, लोगों को गंदी-गंदी गाली-गलौच कर लोगों को जान से मारने की धमकी देना एवं आसमाजिक तत्वों के साथ मिलकर मोहल्ले में अशांति व अव्यवस्था फैलाने के संबंध में कई अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है, फिर भी उसके अपराध में कोई कमी नहीं आई है। आरोपी को न्यायालय द्वारा कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने पर उसके द्वारा जिला बदर प्रकरण से मुक्त किये जाने का निवेदन किया गया। जिस पर बदमाश संतोष को अभियोजन साक्ष्यों के प्रतिरक्षण का अवसर प्रदान किये जाने के बाद उसके द्वारा प्रकरण सुनवाई तिथियों में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण उसके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर उसका पक्ष समर्थन का अवसर समाप्त किया गया। अनावेदक सुनवाई प्रतिवेदन की विवेचना पश्चात् जिला दण्डाधिकारी सुश्री चौधरी ने क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु एकपक्षीय कार्यवाही कर आरोपी के विरूद्ध जिलाबदर की कार्यवाही की है।

# पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग ने गूगल को दिया नोटिस

■ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 की पालना कर फर्जी कस्टमर केयर नंबरों पर कार्यवाही करने के संबंध में लिखा पत्र



पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग के द्वारा गूगल के नोडल अधिकारी को पत्र लिखा गया है। जिसमे गूगल सर्च पेजों पर प्रदर्शित फर्जी कस्टमर केयर नंबरों के कारण हो रही धोखाधड़ी गतिविधियों को रोकने एवम आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध मे कहा। गर्ग ने पत्र के माध्यम से कहा कि विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध करने वाले सायबर ठग गूगल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर प्रमुख बैंकों, बीमा कंपनियों, होटलों, वॉलेट्स, यूपीआई, गैस एजेंसियों, चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य आवश्यक सेवाओं के कस्टमर केयर नंबरों को अपडेट करने के नाम से लोगों को ठगने का कार्य कर रहे हैं। अक्सर गूगल विज्ञापनों का उपयोग धोखेबाजों द्वारा किया जाता है, ताकि गूगल सर्च परिणामों में फर्जी नंबर सबसे ऊपर दिखें। चूंकि उपयोगकर्ता गूगल सर्च परिणामों पर भरोसा करते हैं, वे इन फर्जी नंबरों को असली कस्टमर केयर नंबर मान लेते हैं और परिणामस्वरूप अपनी संवेदनशील और गोपनीय जानकारी प्रदाय कर ठगी करने वालो के जाल में फसते चले जाते है, उन्होंने गूगल को आई टी एक्ट की विभिन्न धाराओं के माध्यम से कहा कि इस प्रकार की धोखाधड़ी गतिविधियों से समाज पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए, गूगल के लिए आवश्यक सभी कदम उठाना महत्वपूर्ण है ताकि नागरिकों को इस तरह की धोखाधड़ी से बचाया जा सके तथा गूगल से भी इस विषय पर गंभीरता पूर्वक कार्यवाही करने हेतु एवं किए गए कार्यवाही के संबंध में जानकार प्रदाय करने को लिखा गया है। पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग के द्वारा आम जनता से भी अपील की गई है कि बढ़ते सायबर अपराधो के प्रति जागरूक होने हेतु 'साइबर प्रहरी' अभियान से अधिक से अधिक लोग जुड़े, जिसमे नित्य नए होने वाले साइबर अपराधों के बारे में बता कर एवं सायबर ठगी के नए पैटर्न को समझाकर इनसे बचने एवं सुरक्षित रहने के महत्पूर्ण प्वाइंट्स प्रतिदिन जारी किए जाते है।

सायबर अपराधों पर सतर्कता एवं जागरूकता से ही लगाम लगाई जा सकती है। अतः सायबर प्रहरी अभियान से आप भी जुड़े।

# विज्ञापन होर्डिंग बोर्ड का स्टेबिलिटी की होगी जॉच : आयुक्त

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



जल जनित बिमारियों के बचाव एवं वर्षाऋतु में वर्षा जल के जमाव को रोकने सहित बरसात में होने वाले परेशानियो से बचने के लिए आवश्यक तैयारियो के साथ ही आयुक्त ने विभिन्न कार्यो का किया समीक्षा। जोन आयुक्त निगम क्षेत्र के भूमि एवं भवनो के छत पर लगाए गये होर्डिंग का स्ट्रक्चर स्टेबिलिटी जांच कर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगे। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को वर्षा ऋतु के पूर्व निगम क्षेत्र में सभी आवश्यक तैयारियां करने को कहा। उन्होने क्षेत्र में चल रहे बड़े छोटे नालियो की सफाई कार्य की वार्डवार समीक्षा किए और कहा कि स्वास्थ्य विभाग यह सुनिश्चित कर लेवे कि कोई भी नाली चोंक न हो ताकि बरसाती पानी आसानी से गंतव्य की ओर आगे बह जाए और कही पर भी पानी का जमाव न हो। जलजनित डायरिया, पिलीया जैस- बिमारियों से बचने के लिए आपूर्ति की जा रही पेयजल की जांच कर दुषित जल पाये जाने वाले क्षेत्र के आस-पास सफाई तथा घर-घर क्लोरिन टेबलेट का वितरण आवश्यक रूप से करें। आयुक्त ने जोन के इंजिनियर से लिकेज पेयजल पाईप लाईन की जांच कर उसे संधारित करवा कर रिपोर्ट गुगलशीट पे अपडेट करने के दिये गये अपने निर्देश के संदर्भ में जानना चाहा किन्तु गुगलशीट पर जानकारी अपडेट नहीं होने पर निगम के 12 सब इंजिनियरो को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। शहर में लगाये गये विज्ञापन होर्डिंग की क्षमता मौसम की मार हवा तूफान को बर्दास्त कर सकेगा कि नहीं इसकी जांच के लिए आयुक्त ने सभी जोन आयुक्तो को निर्देश दिए है कि भूमि पर अथवा भवन के छत पर लगाये गये होर्डिंग का इंजिनियरो या आर्किटेक्ट से स्ट्रक्चर स्टेबिलिटी की जांच कर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने को कहा है। ताकि बरसात के मौसम में चलने वाले तेज हवा, तूफान से संभावित दुर्घटना की आशंका से बचा जा सके। आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन, पेंशन योजना सहित जन शिकायत तथा कलेक्टर टी.एल. के प्रकरणो का समीक्षा किये।

**कचरे सेग्रिगेशन करने के बाद स्वच्छता दीदी द्वारा कचरा बेचकर प्रतिदिन कमा लेती है दो सौ रुपये**

# आयुक्त ने किया धमधा नाका मणि कंचन केंद्र का निरीक्षण, कचरों के निष्पादन प्रक्रिया में तेजी लाने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com






नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत शहर में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर में और भी विशेष सफाई अभियान तेज कर दिया गया है।गुरुवार सुबह आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने धमधा नाका स्थित मणि कंचन केंद्र में साफसफाइ एवं डोर टू डोर कलेक्शन की जानकारी लेते हुए व्यवस्थित करने का कहा है। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान नगर चौपाटी के करीब मणि कंचन केंद्र का भी जायजा लिया। उन्होंने चौपाटी सहित शहर अन्य जगहों में साफसफाई करवाने के लिए अधिकारी को निर्देशित किया। आयुक्त ने धमधा नाका निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डो से डोर टू डोर कलेक्शन करने वाले स्वच्छता दीदियों द्वारा कचरा गिला एवं सुखा अलग करने की समझाइस दी गई , और नगर वासियों अपील करने को कहा की कचरे को अलग-अलग हरा नीला डब्बा कचरे को अलग कर दे, जिस से मणि कंचन केंद्र में करने वाले हमारे स्वच्छता दीदियों को कचरे को पृथक करने में कष्ट ना हो,इस दौरान उन्होंने स्वच्छता दीदियों का मनोबल बढ़ाया गया जिसे उनमें कार्य के प्रति इच्छा शक्ति प्रबल किया गया,कंपोस्टिंग मशीन का अवलोकन भी किया जिस से निकलने वाले खातू को परखा,साथ ही उन्होंने सेग्रीगेशन से होने वाले लाभ के बारे स्वच्छता दीदियों से बात की, इस मौके पर स्वच्छता दीदियों ने बताया गया की कचरे के सेग्रीगेशन करने बाद पहले से जायदा मुनाफा हो रहा आज दिनाक में प्रति एक महिला दिन का 200 रू कचरा बेच के कमा लेती। आयुक्त ने स्वच्छता दीदियों का मनोबल बढ़ाया और इस कार्य के प्रति इच्छा शक्ति प्रबल किया। सुबह निरीक्षण के दौरान आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने मौजूद अधिकारियों से कहा कि गैंग लगाकर सफाई कराई जाए।आम जनता को जागरूक किया करे, साथ ही दुकानदार द्वारा गंदगी फैलाने वालों से जुर्माना भी किया जाये। उन्होंने ये भी कहा कि सड़क किनारे वार्डो के भीतर सरकारी सड़क को अपनी जागीर समझने वाले सावधान हो जाए, भवन निर्माण सामग्री या मलबा सड़क पर डाला तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा बल्कि सामग्री को जब्त कर जुर्माना लगाया जाएगा। भवन निर्माण सामग्री डालकर सड़क को घेरने वाले स्थानों को चिन्हित करने का काम भी कर्मचारियों को सौंप दिया गया। निगम ने साफ हिदायत दी कि सड़क पर मलबा या भवन निर्माण सामग्री मिले तो शुल्क वसूला जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, कुणाल खडेटकर, राहुल के अलावा स्वच्छता टीम आदि मौजूद रहे। निगम आयुक्त ने कचरे के पृथकीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## संपादकीय

# चुनाव विमर्श अत्यधिक गिरावट

**चुनाव में प्रतिद्वंद्वी** विरले ही एक-दूसरे की प्रशंसा करते हैं, लेकिन वर्तमान चुनाव विमर्श में अत्यधिक गिरावट आ गई है। यदि वर्तमान आईपीएल व लोकसभा चुनाव में ज्यादा मनोरंजक विकल्प चुनना हो तो संभवत: लोकसभा चुनाव को पहला स्थान मिलेगा। चुनाव जीतने के लिए नए-नए व्यंग्य तलाशने, ओछी टिप्पणियां करने, परिवारी सदस्यों पर भद्दे आरोप लगाने, अप्रिय अभियान चलाने तथा कीचड़ उछालने जैसे काम जारी हैं। सामान्य चुनाव की तुलना में इस चुनाव के ज्यादा आक्रामक व क्रूर होने के करण सोशल मीडिया राजनेताओं के ऐसे वीडियो से भरा है जो गली के गुंडों को भी शर्मिन्दा कर देंगे। उदाहरणार्थ, भाजपा की मंडी से उम्मीदवार कंगना रनौत को अनेक गालियां सुननी पड़ीं जिनमें से अनेक इतनी भद्दी हैं कि उनका उल्लेख तक नहीं किया जा सकता है। चिन्ताजनक बात है कि पार्टियों के 'स्टार प्रचारकों' ने भी सभ्यता को हवा में उड़ा दिया है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा विपक्षी दलों के नेताओं, खासकर कांग्रेसी नेताओं के बीच बहुत तीखी बहस हुई है। मोदी ने विपक्षी नेताओं पर 'कायर और पाकिस्तान से भयभीत' होने के आरोप लगाए हैं, जबकि कांग्रेस ने उनको 'कार्पोरेट का मुहरा' कहा है। कांग्रेस ने दुष्टतापूर्वक यह आरोप भी लगाया है कि यदि वे इस बार भी जीत गए तो भारत में फिर कोई चुनाव नहीं होंगे। इस प्रकार के वार्तालाप से न केवल गहन राजनीतिक ध्रुवीकरण रेखांकित होता है, बल्कि इससे चुनाव प्रचार के गिरते मानक भी स्पष्ट होते हैं। मोदी द्वारा लगाए आरोप भाजपा द्वारा तैयार विमर्श के अनुरूप हैं जिसके चलते वह स्वयं को राष्ट्रीय सुरक्षा की संरक्षक मानती है। ऐसी टिप्पणियां भले ही मतदाताओं के एक वर्ग को आकर्षित करें, पर वे राजनीति में जहरीला ध्रुवीकरण पैदा करती हैं। विपक्ष पर पाकिस्तान के प्रति नरमी का आरोप लगा कर मोदी अपने प्रतिद्वंद्वियों को अपमानित कर भावनात्मक रूप से अपना समर्थन बढ़ाना चाहते हैं।




दूसरी ओर कांग्रेस भाजपा सरकार की नीतियों को 'बड़े बिजनेस घरानों' के पक्ष में बताने का प्रयास कर रही है। इस प्रकार विपक्ष की रणनीति स्वयं को आम आदमी के हितों के पैरोकार की तरह पेश कर मोदी को कार्पोरेट हितों का प्रतिनिधि बताने की है। लेकिन बिना समुचित प्रमाण के ऐसे आरोप लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास घटाते तथा मतदाताओं का और ध्रुवीकरण करते हैं। यह तथ्य भी है कि विपक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बार-बार बिना किसी आधार के तानाशाह होने का आरोप लगाता रहता है। इन आरोपों को प्रचारित करने के तरीके खासकर चिन्ताजनक हैं। चुनाव प्रचार में व्यक्तिगत हमले, चरित्र हनन तथा भड़काऊ बयानबाजी आम हो गए हैं। नीतिगत मुद्दों और प्रशासन पर विमर्श करने के बजाय पार्टियां भावनायें और घृणा भड़काने में लग गई हैं। चुनाव प्रचार के गिरते मानक लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले गहरे ढांचागत मुद्दों का संकेत देते हैं। धन बल के प्रभाव, फर्जी खबरों और दुष्प्रचार के बढ़ने तथा संस्थागत नियंत्रण व संतुलन प्रक्रिया में कमी से ऐसा माहौल बना है जो नकारात्मक अभियान तथा ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे रहा है। सोशल मीडिया के विस्तार के कारण विभाजनकारी लफ्फाजी का प्रभाव और विस्तार कई गुना बढ़ा है। दुर्भाग्य से निर्वाचन आयोग इन 'बड़बोले नेताओं' पर लगाम लगाने में विफल रहा है। इन सारी चीजों को देखते हुए हम सबकी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि नेता 'लक्ष्मण रेखा' न पार करें। मतदान के दिन हम सब ईवीएम का बटन दबा कर यह सुनिश्चित कर सकते हैं।

# चुनाव में अनुमानों का दौर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार विजय के अनुमानों के साथ ही राजनीतिक पार्टियों में आंतरिक मतभेदों, पालाबदल व मतदाताओं की तुलनात्मक निष्क्रियता से अनिश्चितता का आयाम बढ़ा है।



कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत में चल रहे वर्तमान लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार विजय के अनुमानों के साथ ही राजनीतिक पार्टियों में आंतरिक मतभेदों, पालाबदल व मतदाताओं की तुलनात्मक निष्क्रियता से अनिश्चितता का आयाम बढ़ा है। अनेक अन्य देशों की तरह भारत में भी राजनीतिक पार्टियां अक्सर आधिकारिक चुनाव परिणाम आने के पहले से ही अपनी विजय का दावा करने लगती हैं। वास्तव में स्वयं को विजेता के रूप में प्रदर्शित करना उनकी राजनीति का अंग है। वर्तमान लोकसभा चुनाव भी उनके लिए एक अन्य राजनीतिक घटना की तरह हैं। हालांकि, राजनीतिक पार्टियां इस चुनाव को बहुत महत्व दे रही हैं क्योंकि इसमें अनेक पार्टियों के साथ ही उनके अनेक राजनेताओं का भविष्य भी दांव पर लगा है। इस प्रकार वर्तमान लोकसभा के चुनाव परिणाम उन पर गहरा और व्यापक असर डालेंगे। देश के वर्तमान राजनीतिक और चुनावी परिदृश्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी-भाजपा ने अपनी विजय की घोषणा करते हुए कहा है कि चुनाव परिणाम उसकी उम्मीदों के अनुरूप होंगे।

विपक्षी दलों का अनुमान इसके विपरीत है। उनका कहना है कि इस बार मोदी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। हालांकि, राजनीतिक दलों के परस्पर विरोधी दावों के बीच वास्तविक परिणाम अनिश्चित हैं। इससे राजनीतिक परिदृश्य में 'सस्पेंस' या कौतूहल का आयाम जुड़ गया है। वर्तमान लोकसभा चुनाव में मतदान सात चरणों में होगा जिसमें से चार चरण पूरे हो गए हैं। मतदान के बाकी तीन चरण 20 व 25 मई तथा 1 जून को पूरे हो जाएंगे। मतदान के इन चरणों का 4 जून को घोषित होने वाले चुनाव परिणामों पर व्यापक असर पड़ेगा।

हालिया जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इन चुनावों में अभूतपूर्व व असाधारण ढंग से तीसरी बार विजय की आशा है। जनमत सर्वेक्षणों के बाद बहस अब केवल इस बात पर हो रही है कि भाजपा अपने संसद सदस्यों की संख्या बढ़ाने में सफल होगी अथवा उसमें थोड़ी कमी आएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत अनेक भाजपा नेताओं का दावा है कि भाजपा-नीत राजग को इस चुनाव में लोकसभा की 543 सीटों में से 400 से अधिक पर सफलता प्राप्त होगी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि राजग ने पहले तीन मतदान चरणों की 283 सीटों में से 200 पर विजय प्राप्त कर ली है। भाजपा के इन अनुमानों को इस परिदृश्य में देखा जाना चाहिए कि अतीत में केवल 1984 में एक बार कांग्रेस पार्टी को 400 सीटें पाने में सफलता मिली थी। हालांकि, राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार समर्थन की कोई स्पष्ट लहर न दिखने के कारण राजनेताओं को अपनी रणनीति बदलनी पड़ी है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, भाजपा ने लाभ प्राप्त करने के लिए मुख्यत: पांच रणनीतियों पर काम किया है। उसने चुनाव मैदान में सेलेब्रिटी उम्मीदवार उतारे हैं ताकि जनता में उनके आकर्षण का लाभ उठाया जा सके। इसके साथ ही उसने अपना हिंदू जनाधार मजबूत किया है, अल्पसंख्यक समुदायों से संपर्क मजबूत किए हैं तथा ऐसे क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं को अपने साथ लाने की खास रणनीतियां बनाई हैं जो विपक्ष शासित या उनके प्रभाव वाले राज्यों में रहते हैं। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से भाजपा ने 'मोदी करिश्मे' का प्रयोग करने का प्रयास किया है। भाजपा ने पिछले दस साल में सचेतन व सुनियोजित ढंग से मोदी की ऐसी 'छवि' बनाई है जो विपक्षी नेताओं पर भारी पड़े। इसके जवाब में कांग्रेस तथा उसकी सहयोगी पार्टियों ने अपने रणनीतिक कदम के रूप में हिंदू समाज की गरीब और हाशियाकृत जातियों को साथ लाने और उनमें अपना जनाधार मजबूत करने के प्रयास किए हैं।

वर्तमान चुनाव के अब तक हुए मतदान के चार चरणों में पिछले 2019 लोकसभा चुनाव की तुलना में मतदान प्रतिशत थोड़ा कम रहा है। निर्वाचन आयोग ने कुछ महानगरीय शहरों में कम मतदान प्रतिशत पर चिन्ता प्रकट की है जिससे हाईटेक शहरों में मतदाताओं में गंभीर उदासीनता स्पष्ट होती है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि मतदान परिणाम प्रभावित करने में हर मतदाता की बड़ी भूमिका होती है। अतीत पर गौर करें तो इसके अनेक उदाहरण मिलते हैं। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री सी.पी. जोशी को केवल एक वोट से चुनाव में पराजय मिली थी। मजेदार बात है कि उनकी पत्नी और बेटी विजय के लिए प्रार्थना कर रही थीं और इस कारण वोट नहीं डाल पाई थीं। इससे पता चलता है कि चुनाव में एक वोट का भी कितना महत्व होता है। इस उदाहरणसे इस तथ्य को भी महत्व मिलता है कि केवल एक वोट भी चुनाव परिणाम बल सकता है। वर्तमान चुनाव में मतदान के पहले चार चरणों में देश के कुछ हिस्सों में भारी गरमी के कारण मतदान प्रतिशत में संभवत: कमी आई है। हालांकि, अधिक मतदान को आमतौर से 'सत्ता-विरोधी' लहर का प्रतीक माना जाता है, लेकिन कम मतदान से भी कभी-कभी सत्तारूढ़ दल को नुकसान हो सकता है क्योंकि ऐसे में स्थानीय मुद्दे मतदान परिणाम को प्रभावित कर सकते हैं। भाजपा का उद्देश्य भारत के 6 राज्यों में अपनी स्थिति सुधारना है। इनमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु व केरल शामिल हैं। लेकिन उसे यहां क्षेत्रीय दलों से चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जो राज्य चुनावों में वर्चस्व स्थापित कर समग्र रूप से चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकती हैं। एक हालिया रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव परिणामों के अनुमान में अनिश्चितता की बात कही है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हिंदी में 'एक्स' पर संदेश दिया है कि प्रधानमंत्री अपने मित्रों पर हमले कर रहे हैं जिससे संकेत मिलता है कि मोदी की कुर्सी हिल रही है। सपा नेता अखिलेश यादव ने ट्वीट किया कि पहले दो मतदान चरणों के बाद भाजपा की हालत खराब हुई है। कांग्रेस पार्टी की रणनीति मुख्यत: समाज कल्याण व आर्थिक सशक्तीकरण को केन्द्र में लाना है। इससे वह मतदाताओं की प्राथमिक चिन्ताओं पर ध्यान केन्द्रित कर उनके बड़े वर्ग को प्रभावित करना चाहती है। यदि मतदाताओं का समर्थन मिले तो इससे चुनाव परिणाम प्रभावित हो सकते हैं। लेकिन कांग्रेस के समक्ष मुख्य चुनौती अपने सदस्यों को एकजुट रखना है। मोदी के उभार के बाद राज्यस्तरीय नेताओं समेत अनेक नेता भाजपा में चले गए हैं। भाजपा ने उनमें से कुछ को टिकट भी दिए हैं। देखना होगा कि मतदाता इन दलबदलुओं पर क्या फैसला देते हैं।

कांग्रेस में आंतरिक मतभेद वर्तमान समय में गंभीर चिन्ता का विषय हैं। विरोधी दलों से उनके संबंधों के आरोप निष्ठा पर सवाल लगाते हैं। इससे पार्टी की एकता प्रभावित हो सकती है जिसका नतीजा वर्तमान चुनाव में प्रदर्शन पर पड़ेगा। इसलिए पार्टी में ऐसी घटनाओं पर नजर रखना तथा चुनाव संभावनाओं की बेहतर समझदारी जरूरी है। 2016 से 2020 के बीच कांग्रेस के 170 विधायक और 7 राज्यसभा सदस्य पार्टी छोड़ चुके हैं। इससे पार्टी में भ्रम तथा नेताओं की निष्ठा पर संदेह पैदा हो रहा है। इन आरोपों से कांग्रेस के इन नेताओं के बारे में मतदाताओं की समझ बदल सकती है। दलबदल की परिघटना से दूसरी गैर-भाजपा पार्टियां भी बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। भारत के सट्टा बाजार ने अनुमान लगाया है कि भाजपा को 330 से 335 सीटों के बीच मिल सकती हैं। इस पर एक रुपये का सट्टा लगा है। इसके साथ ही भाजपा की सीटें 350 होने पर 3 रुपये का तथा 400 पार जाने पर 12-15 रुपये का सट्टा लगा है। इसी प्रकार राजग के 400 सीटें पार होने पर 4-5 रुपये का सट्टा लगा है। ये अनुमान चुनाव परिणामों पर बाजार का दृष्टिकोण स्पष्ट करते हैं जिसका प्रभाव राजनीति पर भी पड़ सकता है।

हालांकि, निवेशकों द्वारा अपनी बोलियां घटाने के कारण शेयरबाजार मंगलवार को 1.5 प्रतिशत गिर गया। इससे कुछ राजनीतिक विश्लेषकों ने अनुमान लगाया है कि भाजपा को शायद उतनी सीटें न मिल सकें जिनका पहले अनुमान लगाया गया था। लेकिन इतना अनुमान तो लगाया ही जा सकता है कि मोदी निश्चित रूप से तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं, भले ही भाजपा और राजग की सीटें 400 पार हों या नहीं। ऐसे में 4 जून को चुनाव परिणाम आने तक सस्पेंस बना रहेगा जब पता चलेगा कि मतदाताओं ने किसे पसंद किया है।

# फिल्मोत्सवों की ब्रांडिंग का असर

> फिल्म महोत्सव ग्लैमर, करिश्मा, फैशन और सेलिब्रिटी भागफल को चित्रित करते हैं जो दर्शकों के बीच एक अनोखी हलचल पैदा करते हैं।

चैतन्य के प्रसाद
(लेखक,स्तम्भकार हैं)



किसी भी ब्रांडिंग अभ्यास की सफलता लक्षित दर्शकों पर पड़ने वाले प्रभाव और प्रभाव, उत्पादों की दृश्यता, रिकॉल वैल्यू और अभियानों, लॉन्च, घटनाओं और रुझानों और शैलियों की विस्तृत श्रृंखला के दर्शकों के साथ गहरा संबंध है। इसी तरह, किसी दृश्य मंच पर ब्रांडिंग विचार या रणनीति के प्रभाव को समझना महत्वपूर्ण है, जहां आंखें सफलता का पैमाना तय करती हैं। ऐसे ग्लैमरस सर्किट और इकोसिस्टम पर ब्रांडिंग के मूल्य, तीव्रता और प्रभाव को समझने के लिए आज फिल्म महोत्सव एक आदर्श इकोसिस्टम है।

सिनेमा के क्षेत्र में, जहां रचनात्मकता वाणिज्य से मिलती है, फिल्म महोत्सव जीवंत केंद्र के रूप में काम करते हैं जहां कहानी कहने की संस्कृति के साथ मिलती है, कलात्मकता उद्योग के साथ जुड़ती है और समुदाय सिल्वर स्क्रीन के लिए साझा प्यार के आसपास बंधते हैं। सिनेमाई योग्यता के प्रदर्शन से परे, ये त्यौहार शक्तिशाली ब्रांडों में विकसित हुए हैं, जिनमें से प्रत्येक की अपनी अलग पहचान और आकर्षण है। कान्स की चकाचौंध से लेकर वेनिस फिल्म महोत्सव की विरासत तक और बर्लिन के महानगरीय आकर्षण से लेकर टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (टीआईएफएफ) की बौद्धिक पेचीदगियों और भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) की भव्यता तक, ब्रांडिंग रणनीतियां ये त्योहार संस्कृति, अर्थशास्त्र और राजनीति के अंतर्संबंध की एक आकर्षक झलक पेश करते हैं।

फिल्म महोत्सव ग्लैमर, करिश्मा, फैशन और सेलिब्रिटी भागफल को चित्रित करते हैं जो दर्शकों के बीच एक अनोखी हलचल पैदा करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में कान्स, बर्लिन, आईएफएफआई और टोरंटो ने एक अद्वितीय ब्रांड पहचान विकसित की है जिसने ब्रांडिंग क्षेत्र में कहानी और दृश्यता कथा को गढ़ा और आकार दिया है। त्यौहार अपनी नवोन्वेषी विघटनकारी प्रवृत्तियों के लिए जाने जाते हैं जो अद्वितीय आउट ऑफ द बॉक्स ब्रांडिंग की ओर ले जाते हैं। किसी भी फिल्म महोत्सव की हलचल एक अद्वितीय अभिन्न संबंध और सिनेमा को परिभाषित करने वाली आर्क लाइट और ब्रांडिंग बनाने वाले रंगों, रंगों और छवियों के बीच संबंध बनाती है। फिल्म महोत्सवों में ब्रांडिंग भागफल का एक अध्ययन महोत्सव क्षेत्र में ब्रांडिंग के विचारों, अवधारणाओं और मूल्यांकन के बदलते पहलुओं का प्रतिबिंब दर्शाता है। 4सी = रचनात्मकता, संस्कृति, सामग्री और संगति ब्रांडिंग और फेस्टिवल सर्किट के बीच अभिन्न संबंध को रेखांकित करती है।

यह रचनात्मक दिमागों, कहानीकारों, वर्णनकर्ताओं और प्रेरणादायक चर्चा करने वाले प्रमुखों का एक आदर्श संगम है। हर त्यौहार में ब्रांडिंग के कुछ खास पल होते हैं, जो दर्शकों के दिमाग पर छाप छोड़ते हैं और भावी उपभोक्ताओं और सिनेमाई उत्कृष्टता के समर्थकों पर स्थायी प्रभाव डालते हैं। त्योहारों पर अवसर असीमित हैं।

कान्स, बर्लिन, आईएफएफआई और टोरंटो अपने फिल्मांकन संस्कृति झुकाव, कथाकार के मूल्यों और कहानी कहने की युक्तियों के साथ ब्रांडिंग प्लेटफार्मों और विचारों को एकीकृत करते हैं। इन त्योहारों में एक माध्यम के रूप में ब्रांडिंग ने सॉफ्ट पावर गतिशीलता और समीकरणों को मजबूत किया है जिससे बेहतर दृश्यता, उत्पाद मूल्य, सकारात्मक धारणा बढ़ी है और आउटरीच और नेटवर्किंग के अवसर बढ़े हैं। प्रौद्योगिकी ब्रांडों का एक विचार उत्पाद प्रदर्शन का एक और स्तर सामने लाता है। इंटरएक्टिव अनुभव और मार्केटिंग आउटरीच। प्रत्येक प्रमुख त्यौहार ने अपने संस्करणों में तकनीकी उपकरणों के साथ ब्रांडों की छवि, पहचान, प्रभाव, इंटरैक्शन और इंटरफ़ेस को मजबूत किया है, जिससे स्थानों पर एक अद्वितीय उत्पाद पहचान और स्थान प्राप्त हुआ है।

प्रत्येक प्रमुख फिल्म महोत्सव, चाहे वह कान्स, टीआईएफएफ, वेनिस, बर्लिनले या आईएफएफआई हो, अपने व्यक्तित्व और मूल्यों को व्यक्त करने के लिए अपने ब्रांडिंग तत्वों के लिए सावधानीपूर्वक एक खाका तैयार करता है। अपने ग्लैमर के लिए प्रसिद्ध कान्स में रेड कार्पेट पर पाल्मे डी%ओर ट्रॉफी और मशहूर हस्तियों का चित्रण शामिल है, साथ ही एक परिष्कृत लोगो डिजाइन भी शामिल है जो अक्सर कान्स समुद्र तट को दर्शाता है। त्योहार का काला, सुनहरा और लाल रंग संतुलन, प्रतिष्ठा और उत्साह का प्रतिनिधित्व करता है।

इस बीच, टीआईएफएफ फिल्म रीलों, विविध दर्शकों और टोरंटो स्थलों को प्रदर्शित करने वाली गतिशील आइकनोग्राफी के साथ विविधता को अपनाता है, जो लाल, नीले और पीले जैसे जीवंत रंगों से पूरित होता है जो ऊर्जा, रचनात्मकता और समावेशिता को दर्शाता है। वेनिस फिल्म फेस्टिवल, अपनी समृद्ध विरासत के साथ, रियाल्टो ब्रिज या सेंट मार्क स्क्वायर जैसे वेनिस के स्थलों के शास्त्रीय चित्रण का विकल्प चुनता है, साथ ही एक परिष्कृत लोगो डिजाइन भी होता है जो वेनिस की कालातीत सुंदरता का सार दर्शाता है। आईएफएफआई सौंदर्यात्मक रूपांकनों और परिदृश्यों, पारंपरिक लोगो डिजाइन और नारंगी, लाल और सुनहरे रंगों के साथ-साथ शांत नीले और हरे रंग के प्रदर्शन के साथ भारतीय सिनेमा का जश्न मनाता है जो भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाता है। इन ब्रांडिंग तत्वों के माध्यम से, प्रत्येक त्योहार अपनी मान्यताओं को संप्रेषित करता है, दुनिया भर के दर्शकों को आकर्षित करता है और वैश्विक फिल्म उद्योग के भीतर इसके महत्व को मजबूत करता है।

फिल्म निर्माताओं के लिए, किस उत्सव में अपना काम प्रस्तुत करना है, यह न केवल आयोजन के सम्मान और प्रतिष्ठा पर निर्भर करता है, बल्कि उनकी कलात्मक दृष्टि और कैरियर लक्ष्यों के साथ इसके संरेखण पर भी निर्भर करता है। अंतर्राष्ट्रीय पहचान चाहने वाला एक फिल्म निर्माता कान्स या बर्लिनले की ओर आकर्षित हो सकता है, जबकि फिल्मोग्राफी की विस्तृत और विविध श्रेणी का समर्थन करने वालों को वेनिस या टीआईएफएफ में घर मिल सकता है। इस तरह, फिल्म महोत्सवों की ब्रांडिंग फिल्म निर्माताओं के करियर की दिशा और समग्र रूप से फिल्मों की सांस्कृतिक बारीकियों को आकार देने में एक महत्वपूर्ण कारक बन जाती है।

## आप की बात

### कांग्रेसी भविष्यवाणी

**आम चुनाव** के बारे में कांग्रेसी भविष्यवाणी जनता को कतई हजम नहीं हो रही है। राहुल, प्रियंका, सोनिया व पार्टी अध्यक्ष खड़गे कह रहे हैं कि यदि इस बार चुनाव में नरेंद्र मोदी भारी बहुमत से विजयी होते हैं तो वह देश में चुनाव प्रक्रिया खत्म कर देंगे। कांग्रेस कह रही है कि आज संविधान एवं लोकतंत्र खतरे में हैं। ऐसी भविष्यवाणी वह कांग्रेस कर रही है जिसने आपातकाल के दौरान पूरे देश को बंधक बना लिया था, संविधान में मनमाने ढंग से 44वां संविधान संशोधन कर जनता के मूलाधिकार छीन लिए थे तथा पूरे देश को जेल में बदल दिया था। कांग्रेस समझती है कि देश की जनता वे दिन भूल गई है जब कांग्रेसी नेता इंडिया इज़ इंदिरा एंड इंदिरा इज़ इंडिया के नारे लगाते थे। भारत की जनता व खासकर युवा पीढ़ी अच्छी तरह जानती है कि नेहरू-गांधी परिवार ने अपने को ही बार-बार भारत रत्न समेत अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया, संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर को चुनाव में हराने की सारी तिकड़में लगाईं तथा उनका पोर्टेट तक लोकसभा में नहीं लगने दिया। कांग्रेस की ऐसी भविष्यवाणी जनता को डराने और भ्रमित करने के लिए है, लेकिन संभवत: वह स्वयं अपने 138 साल के जीवन में आज जितनी भयभीत है, उतनी भयभीत पहले कभी नहीं थी।

– **एमएम राजावत**, शाजापुर

### बदहाल पाकिस्तान

**देश** की माली हालत नाजुक होने पर सरकार को अजीब निर्णय लेने पड़ते हैं। हमारा पड़ोसी पाकिस्तान इन दिनों आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया की हालत से गुजर रहा है। इसीलिए सरकार करसंग्रह बढ़ाने के लिए समय पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं करने वालों पर सख्ती से पेश आ रही है। पाकिस्तानी संघीय राजस्व बोर्ड ने रिटर्न दाखिल नहीं करने वालों की बिजली व गैस आपूर्ति काटने का निर्णय लिया था, लेकिन इसका कोई असर नहीं पड़ा। पिछले महीने उन लोगों के पांच लाख से अधिक सिम ब्लॉक करने का आदेश दिया था जो टैक्स नहीं दे रहे थे। लेकिन एक टेलीकॉम कंपनी की याचिका पर अदालत ने 27 मई तक इसके खिलाफ स्थगन आदेश जारी कर दिया है। देखना होगा कि पाकिस्तानी हुक्मरान अपने देश के अमीरों से टैक्स वसूली के लिए आगे क्या कदम उठाते हैं। ये सारे कदम सरकार ने आईएमएफ के आदेश पर उठाए हैं। अगर आईएमएफ की बात नहीं मानी तो वह कर्ज देना बंद कर देगा। पाकिस्तान में आम जनता महंगाई से त्राहि-त्राहि कर रही है और कई जगह विद्रोह पर आमादा है। ऐसे में पाकिस्तान लगातार बदहाली और विखंडन के कगार पर पहुंच रहा है।

–**जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### चाबहार समझौता

**चाबहार** पोर्ट समझौता भारत और ईरान के बीच हुआ महत्वपूर्ण समझौता है। इसके माध्यम से भारत और ईरान के बीच क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा और अफ़ग़ानिस्तान, मध्य एशिया और यूरेशिया के लिए नए रास्ते खुलेंगे। लंबे समय से भारत सरकार इस समझोते के लिए प्रयासरत थी। आखिरकार हमारे प्रयास रंग लाए और हमारी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति एक बार फिर सफल हुई। इस समझौते के बाद जहां समुद्र में भारत की ताकत बढ़ेगी वहीं समुद्री परिवहन भी सुगम होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि पाकिस्तान को किनारे छोड़कर समुद्री आवागमन का एक नया मार्ग हमें मिल जाएगा। चीन भी इस समझौते से जरूर तिलमिला रहा होगा क्योंकि यह पाकिस्तान को शामिल करने वाले उसकी वन बेल्ट वन रोड परियोजना का विकल्प है। लेकिन विडंबना है कि अमेरिका इस समझौते के खिलाफ भारत को चेतावनी दे रह है। ऐसे में भारतीय विदेश नीति की रणनीतिक स्वायत्तता की परीक्षा होगी। ऐसे में उम्मीद है कि 4 जून के बाद नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनने वाली मजबूत केन्द्र सरकार चाबहार समझौते को लागू करने के मामले में भी अमेरिका को मनाने में सफल होगी।

– **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

### महिला उम्मीदवार

**संसद** में महिला आरक्षण कानून पास हो जाने के बाद भी देशभर की सभी पार्टियों ने 2024 के चुनाव में महिला उम्मीदवारों को 33 प्रतिशत तो दूर 15 प्रतिशत सीटें भी नहीं दी है। इसकी प्रमुख वजह यही हो सकती है कि सभी दलों में जिताऊ महिला उम्मीदवारों की कमी है। सिर्फ फिल्मी कलाकारों व नेताओं की उत्तराधिकारी महिलाओं को ही सीटें दी गई हैं। यदि राजनीतिक दल वास्तव में महिलाओं को आगे लाना चाहते हैं तो पहले उनको पार्टी स्तर पर बड़ी जिम्मेदारियां देनी होंगी। इससे वह राजनीतिक प्रशिक्षण पाने के साथ-साथ जनता के बीच जाकर अपनी जुझारू व अधिकारियों से काम कराने वाली छवि बना सकें। इससे चुनावी टिकट पाने की उनकी दावेदारी आसान हो जाएगी। मतदान के चार चरणों में महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया है और कई स्थानों पर तो उनकी संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक रही है। चुनाव के बाकी तीन चरणों में सभी राजनीतिक दलों को अपनी महिला उम्मीदवारों को विजयी बनाने के लिए खास प्रयास करने चाहिए। ऐसा कर ही हम संसद से लेकर ग्राम पंचायतों तक में महिलाओं को समुचित स्थान दे सकेंगे।

–**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# मिशन 400 पार को सफल बनाने के लिए आगे आई छत्तीसगढ़ की महिला मोर्चा

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन 400 पार सफ्ल को बनाने के लिए छत्तीसगढ़ महिला मोर्चा की टीम भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश की महिला मोर्चा मुखिया शालिनी राजपूत के नेतृत्व में महिलाओं की तीन टोली बनाई गई पहली टोली हरियाणा और दूसरी टोली बिहार, तीसरी टोली उड़ीसा के लिए रवाना हुई जिसका नेतृत्व स्वयं महिला मोर्चा की मुखिया शालिनी राजपूत कर रही हैं । जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया सह प्रभारी आयुषी पांडे ने बताया कि शालिनी राजपूत ने कहा कि हम अपनी दोनों टीमों को अच्छी तरह से भाजपा के रीती नीति और उन्हें प्रधानमंत्री के मिशन को पूरा करने के लिए अपनी संपूर्ण ताकत लगाकर बिहार एवं हरियाणा के घर-घर जाकर महिलाओं को देश के प्रति, सनातन के प्रति, भारतीय जनता के पार्टी के प्रति जागरूक कर उन्हें नरेंद्र मोदी के पक्ष में कमल पर वोट देने के लिए आग्रह करेंगे, पूरे भारत में मोदी लहर की सुनामी 400 पार कर एक नई क्रांति का आगाज करेगी । हमारे छत्तीसगढ़ की महिलाएं बड़ी बहादुर और होनहार हैं जिस प्रदेश में प्रचार करेंगी वहां पर कुछ कहने की आवश्यकता नहीं परिणाम आप देखिएगा शत प्रतिशत आएगा । टोली में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्षा शालिनी राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्षा मीनल चौबे, प्रदेश कोषाध्यक्षा हेमलता शर्मा, प्रदेश सहकोषाध्यक्षा संध्या तिवारी, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी आयुषी पांडे, निशा चौबे, आशा दुबे, कार्यकारिणी सदस्या मंजू सिंह, स्वीटी कौशिक, मोहन कुमारी साहू, किरण साहू, वैशाली रत्नपारखी, नीलिमा गोश्वामी, पार्वती प्रधानी, ममता गुप्ता, रीता मंडल, दिव्या कलिहारी, उमा शर्मा, रीता मंडल, चेतना गुप्ता, मोनिका देवांगन, शोभा शर्मा, पूनम सोलंकी, सावित्री रजक, नमिता सिन्हा, रूपेश्वरी साहू, सीमा साहू, तिलेश्वरी वर्मा, माया शर्मा, संगीता जैन, अरुणा सिंह, पुनीता डहरिया, एवं प्रदेश की वरिष्ठ महिला मोर्चा पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी सम्मिलित हैं ।

# जिलें में डायरिया का प्रकोप स्वास्थ्य विभाग नाकाम : तुकाराम चंद्रवंशी

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत सदस्य एवं युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी ने स्वास्थ्य और क्ष्वाश्व विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि कबीरधाम जिला ग्राम कोयलारी में डायरिया संक्रमण का प्रकोप है कुम्भकर्णीय नींद में सोया क्ष्वाश्व एवं स्वास्थ्य विभाग के उदासीनता के चलते प्रतिदिन मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है स्वास्थ्य विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की नाकामी खुल कर सामने आया है दोनों विभाग केवल कागजों पर सिमित है धरातल पर शून्य है उचित स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के बजाय स्वास्थ्य विभाग से लेकर कलेक्टर तक साक्ष्य छुपा कर इस मामले को लीपापोती करने में लगे है । तुकाराम ने कहा जहां एक तरफ कलेक्टर और स्वास्थ्य विभाग डायरिया पर नियंत्रण पाने का राग लाप रहे है वही दूसरे गांव दैहानडीह में 46 मरीज पाए गए है ऐसे में स्पष्ट होता है कि स्वास्थ्य विभाग इस पर नियंत्रण पाने में सक्षम नहीं है जिसका खामियाजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहारा में इलाज के आभाव में 2 लोगो जान गवानी पड़ी है मगर जिम्मेदार लापरवाह अधिकारी इस पर भी पर्दा डालने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है और इन दो लोगो को मृत्यु को अन्य बीमारी होने का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ रहे है । तुकाराम ने कहा 2 लोगो की मौत की नैतिक जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी इस तरह लचर स्वास्थ्य और पेयजल व्यवस्था अत्यंत ही निंदनीय और चिंतनीय है ।

# जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन 20 मई से 10 जून तक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जिला स्तरीय ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी खेल एव युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद स्टेडियम बेमेतरा में अयोजित् किया जाना है 7 खेल प्रशिक्षण शिविर से खिलाडी खेल विधाओं की जानकारी से अवगत होंगे जो उनके खेल कौशल मे सहायक होगी। इससे जिले मे खेल का वातावरण बनेगा और खिलाड़ियों का खेल के प्रति रुझान भी बढ़ेगा प्रशिक्षण शिविरो से खिलडी खेल से रूबरू होते है , खेल कीबरिकियो, तकनीकी कौशल से भी अवगत होते है। और नए खिलाडियों को खेल के प्रति जागरूकता व आकर्षण भी बढ़ता है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन राज्य के 33 जिलों मे किया जा रहा है बेमेतरा मे यह आयोजन 20 मई से 10 जुन तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर जिला मुख्यालय मे स्थानीय स्तर पर रुचि के आधार पर खेल विशेष के प्रशिक्षकों, खेल से जुड़े हुए संघ/संस्थाओ के माध्यम से प्रातः काल एवं संध्याकाल मे दो-दो घंटे का प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है। जिले मे उप्लब्ध संसाधनों के आधार प्रशिक्षण शिविर मे ओलम्पिक मे शामिल खेलो को प्राथमिकता देते हुए फुटबाल, खो-खो, योगा, क्रिकेट और कराटे को सम्मिलित किया जा रहा है। इस 21 दिवसीय प्रशिक्षण मे जिले के ग्रामीण /शहरी क्षेत्र के खिलडी अधिक से अधिक संख्या मे शामिल होकर लाभ प्राप्त कर सकते है।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

देश भर में 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष इसका आयोजन थीम समुदाय के सहभागिता से डेंगू नियंत्रण करें । जिले में कार्यक्रम का आयोजन आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय एवं समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में किया गया। इसका उद्देश्य डेंगू जैसे जानलेवा बीमारी के रोकथाम व बचाव के संबंध में जनजागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतराम चुरेन्द्र व जिला नोडल अधिकारी सह-जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। डेंगू बीमारी संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से फैलता है। डेंगू का मच्छर साफ व स्थिर पानी में पनपता है, डेंगू बीमारी के प्रमुख लक्षण अचानक तेज बुखार, तेज सिर दर्द, मांस पेशी व जोडों में दर्द, जी मचलाना, उल्टी आतरिक रक्त स्त्राव, आँखों के पीछे दर्द, नाक व मसूड़े में खून आना इत्यादि है. इन लक्षणों से पीड़ित मरीजों का तत्काल जांच कर समुचित ईलाज दिया जाना चाहिये, जो कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो एवं जिला चिकित्सालय में निःशुल्क उपलब्ध है। साथ ही मच्छर एवं लार्वा स्त्रोत नियंत्रण गतिविधि के अंतर्गत जमे हुए पानी में मि?ट्टी का तेल एवं जला हुआ मोबिल ऑयल डालें घर के आसपास के गढ़ढ़ो में पानी एकत्रित न होने दे. कूलर की नियमित सफाई करें, टायर व पुराने बर्तन में जमा पानी को फेंक दें, सहगन्य मच्छरदानी को कीटनाशक से उपचारित कर उपयोग में लाए। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संतराम चुरेन्द्र जिला नोडल अधिकारी, सह-जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक बसोड जिला कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे, व्ही.बी.डी. पर्यवेक्षक गुलाबचंद साहू एवं समस्त अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित हुए।


# जिला पंचायत सीईओ ने किया महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद अग्रवाल ने आज जिला पंचायत सभा कक्ष में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत नरेगा कार्य के संबंध में समीक्षा की गई। आयोजित बैठक में ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुये शासन की योजनाओ को बेहतर तरीके से संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में समस्त कार्यक्रम अधिकारी एवं तकनीकी सहायक मनरेगा, जनपद पंचायत उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से समस्त ग्राम पंचायत में मांग अनुसार मजदूरों को रोजगार उपलब्ध करने हेतु आधार सीडिंग पूर्ण करने ,मजदूरी भुगतान पूर्ण कराने एवं अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में जिला स्तर से सहायक परियोजना अधिकारी कंप्यूटर प्रोग्रामर एवं तकनीकी समन्वय मनरेगा उपस्थित रहे। सीईओ ने विभिन्न शाखाओं का जानकारी लेते हुये शाखा प्रभारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए आमजन के कार्य नियत समय पर सम्पादित करने, नरेगा में श्रमिकों को समय पर भुगतान करने, औसत श्रमिक दर बढ़ाने, अपूर्ण कार्य समय पर पूर्ण करने, बकाया एबीपीएस का कार्य तत्काल कराने, ग्राम पंचायतों में समुचित सफाई व्यवस्था करने सहित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । उन्होंने सचिव और रोजगार सहायक से कहा कि ग्राम पंचायत में अधिक से अधिक मजदूरो को रोजगार उपलब्ध कराया जाए तथा पीएम आवास का दिया गया लक्ष्य शीघ्र पुर्ण किया जाए।

# विहिप दुर्गावाहिनीका 7 दिवसीय आवासीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का हुआ शुभारंभ





पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी का 7 दिवसीय आवासीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ। इस वर्ग में छत्तीसगढ़ प्रांत के 7 विभाग व 12 जिलों से 300 बहने वर्ग में शामिल हुई हैं। वर्ग में विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय पदाधिकारी अखिल भारतीय धर्म प्रसार प्रचार प्रमुख आंनद गोयल कार्यक्षेत्र अजमेर उत्तरप्रदेश, प्रांत उपाध्यक्ष शिशुपाल राजपुत, मुख्य अतिथि विकास श्रीश्रीमाल समाजसेवी बालोद, सह मंत्री नंदुराम साहू, विभाग मंत्री अरुण गुप्ता, जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता की प्रमुख उपस्थिति में पूजन पश्चात प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने वर्ग की पूरी जानकारी केंद्रीय पदाधिकारी के समक्ष रखा व बालोद जिला संगठन को वर्ग आयोजन देने के लिए धन्यवाद दिया व शौर्य वर्ग आयोजन को जिले के लिए गौरव का विषय बताया। केंद्रीय पदाधिकारी आंनद गोयल ने वर्ग में उपस्थिति बहनों को अपने संबोधन में कहा कि हिंदू कभी हारे नही जीतते रहे संघर्ष करते रहे। हमे सिर्फ मुसलमानों की गाथा सुनाई गई जो सिर्फ 500 वर्षो का रहा। जबकि हमारे शूरवीरो का इतिहास 1500 वर्षो का रहा। हमारी बहनो ने जौहर किया। म्लेच्छ हमारे शरीर को छू न सके इसलिए बलिदान दिया इतिहास को देखे तो राजपूतों का गौरव शाली इतिहास है। समाज की माताओ बहनो की प्रेरणा से वीर युद्ध करते थे। भारत देश मे महारानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई जैसे वीरांगना रही। अंग्रेजो ने हमको लुटा संस्कृति को समाप्त किया हमपे राज किया, हमको गुलाम बनाया लेकिन हमारा संघर्ष जारी रहा। गुरु रामदास गुरु तेग बहादुर, गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की धर्म की रक्षा करने। सवा लाख सेना से एक अकेला लड़ने वाले वीर थे। लेकिन कुछ लोगो ने हमे गलत शिक्षा दी कि मुसलमानों से लड़कर अंग्रेजो ने देश को गुलाम बनाया जबकि अधिकतर भूमि व राज्य राजपूत राजा महाराजाओं के पास रहा है। हमारा ऐतिहास पराक्रम का रहा देश को आजादी ऐसे ही नही मिल गई जैसे इतिहास में बताया गया सुभाषचन्द्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, खुदीराम बोस, मंगल पांडे जैसे कई अन्य राष्ट्रभक्त फांसी में लटके, बलिदान दिया तब आजादी मिली हैं। आज देश मे सही इतिहास उपलब्ध है। जो हमको पढ़ना चाहिए।

## शौर्य वर्ग में मिलेगी बेटियों को जानकारी

गोयल ने कहा कि इतिहास को देखे तो लम्बे समय से अंग्रेजो ने सभी को धर्मांतरण किया पर इस भारत भूमि के हमारे संत, महात्मा, महर्षि डटकर खड़े रहे। व समय समय पर धर्मांतरितों को वापस हिन्दू धर्म मे वापस लाया। वर्तमान समय मे छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में धर्मांतरण बढ़ रहा है। वह देश के सीमांत प्रदेशो में मुस्लिम आबादी बढ़ना चिंता का विषय है। कई बार धर्म कि रक्षा नही होने से हमारे ऊपर अत्याचार हुए। है। विधर्मियों की ताकत बड़ी लेकिन हमने संघर्ष कर विजय पाया इस शौर्य वर्ग में बेटियों को सभी जानकारी मिलेगा। जो आप सभी को जीवन मे काम आएगा।

## वर्ग में शामिल बहने उत्साहित है

गुरुवार को द्वितीय दिवस के दिन विश्व हिंदू परिषद के अजय पारीख जयपुर राष्ट्रिय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक व विहिप के केंद्रीय मंत्री अखिल भारतीय सेवा प्रमुख दायित्व क्षेत्र दिल्ली, रवि गर्ग रायपुर मुख्य अतिथि थे। जिन्होंने बहनों को वर्ग का महत्व बताया व जीवन मे इसके फायदे भी बताए। बालोद जिला में पहली बार वर्ग आयोजन होने से वर्ग में शामिल बहनों में बड़ा ही उत्साह है। सुबह 5 बजे से योग प्रार्थना के बाद दैनिक संगठन के कार्य म व आत्मरक्षा के उपाय सीखने में बहनों में काफी जोश व जुनून बना हुआ है।

## अनुशासन के साथ शिक्षा दे रही बहने

इस वर्ग में संगठन की प्रशिक्षित बहनों के द्वारा आई हुई बेटियों को अनुशासन के साथ सेवा सुरक्षा व संस्कार जैसे मुलमंत्रो कि शिक्षा उनको दी जा रही है। व बेटियां बड़े ही जोश व उमंग के साथ प्रशिक्षण ले रही है। इस वर्ग में प्रांत सह संयोजिका पुजा जैन चारामा, प्रीति दुबे बिलासपुर, जिला मंत्री राज सोनी, जिला मातृशक्ति संयोजिका सत्या साहू, चौलेश देशमुख, मोनू सोनवानी, जयंत साहू, पद्मिनी साहू, ममता यदु, योगिता साहू, धारणी निषाद, खिलेश्वरी साहू, शोभा साहू, रोहणी साहू, पंकज जैन, पूजा सोनी, पुनिता मिश्रा, जानकी यादव, नंदा पसीने, योगिता शर्मा, बेबी ओझा, संध्या अजेंद्र साहू, दुर्गादत्त मिश्रा, स्वेता राजपूत, कमल बजाज, राखी साहू सहित अन्य संगठन के सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे। मंच संचालन विनीता शर्मा राजिम विभाग ने किया।

# पालिका के बिना किसी सुविधा वाले भवनों पर लिया जा रहा है किराया

## जबकि उचित मूल्य की कई दुकानें बिना किसी किराए के वर्षों से संचालित हैं

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद कुम्हारी के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा पार्षद ने विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया है कि नगर में गरीब आदमी अपने पुत्र-पुत्री एवं परिवार के किसी भी सदस्य के विवाह, सुख-दुख एवं अन्य सामाजिक कार्यकम हेतु नगर पालिका परिषद कुम्हारी के किसी भी भवन हेतु आवेदन करता है तो नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा भवन देने के एवज में उन सभी व्यक्तियों से अच्छा खासा रूपया लिया जाता हैं, किन्तु एक ओर कुछ व्यक्तियों द्वारा पालिका के मंगल भवन एवं अन्य भवनों पर कब्जा कर पिछले 4 वर्षों से राशन दुकान यानि उचित मूल्य की दुकान संचालित किया जा रहा है । यह समस्त कार्य पालिका प्रशासन द्वारा कराया जा रहा है एवं पालिका द्वारा जिस भवन पर कोई सुविधा भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, वहाँ पर भी गरीब व्यक्तियों से किराया लिया जा रहा है जो पूर्णतया गलत है । वार्ड क्रमांक 22 में निर्मित भवन अभी निर्माणाधीन है एवं अति आवश्यक कार्य के लिए लोगों को वहां की समस्याएं बताकर ही दी जाती है ।हलोग अपनी सुविधाओं के अनुसार लेते हैं । पानी के लिए टेंकर की व्यवस्था भी की जाती है। नगर में कुल 15 उचित मूल्य की दुकानें हैं उनमें से कुछ को जनता की सुविधा के लिए भवन दिए गए थे, लेकिन अब उन्हें चिन्हित कर शीघ्र ही उन्हें पत्र जारी कर खाली करवाया जाएगा ।

**राकेश साहू (राजस्व अधिकारी)**
**नगरपालिका परिषद कुम्हारी।**

# जिले में मतगणना कार्य हेतु अधिकारियों को सौंपा गया दायित्व

## मतगणना दलों का रेण्डमाईजेशन हेतु जिला पंचायत सीईओ डॉ. कन्नौजे को बनाया गया प्रभारी अधिकारी

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना कार्य हेतु अधिकारी एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने उक्त संबंध में आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन समन्वय बनाकर करने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार मतगणना दल का गठन एवं नियुक्ति-मतगणना कार्य हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी की मतगणना सुपरवाईजर, मतगणना सहायक एवं माईक्रोआब्जर्वर की नियुक्ति किया जाने हेतु। मतगणना दलों का रेण्डमाईजेशन- भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार मतगणना दलों का रेण्डमाईजेशन किया जाने हेतु जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे को प्रभारी अधिकारी एवं डीडी पंचायत आकाश सोनी को सहायक अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।

**मतगणना हाल एवं बाहर की बेरिकेटिंग की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी को**

इसी प्रकार जिला स्तर पर मतगणना दलों का प्रशिक्षण आयोजित करने मतगणना दलों का प्रशिक्षण तिथि एवं स्थान निर्धारित कर प्रभारी अधिकारी मतगणना दल गठन को अवगत कराने एवं ड्यूटी आदेश जारी करने। प्रशिक्षण पूर्व प्रशिक्षण सामग्री प्राप्त करने, मतगणना दलों की उपस्थिति लेने एवं अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारी की जानकारी प्रभारी अधिकारी मतगणना दल गठन को दिये जाने। प्रशिक्षण केन्द्र में जलपान की व्यवस्था उपलब्ध कराने, मतगणना से संबंधित विभिन्न कार्यो के लिए पृथक-पृथक प्रशिक्षण के लिए चरणबद्ध प्रशिक्षण, मतगणना कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति लिए जाने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले एवं लेखराम साहू एपीसी समग्र शिक्षा बालोद को दायित्व सौंपा गया है। प्रेक्षक महोदय एवं रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग आफिसर के लिए टेलीफोन, सोफा, टीवी, कम्प्यूटर सेट, स्कैनर, स्वल्पाहार, चाय, पानी, भोजन व्यवस्था, शमियाना, टेंट, मतगणना स्थल एवं मीडिया सेंटर, मोबाईल जमा सेंटर, चिकित्सा स्टाल, एवं मतगणना हाल एवं बाहर की बेरिकेटिंग आदि की व्यवस्था हेतु लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एम. प्रसाद एवं




अनुविभागीय अधिकारी एके नाथ को दायित्व सौंपा गया है। मतगणना स्थल में 24 घंटे अबाधित विद्युत व्यवस्था, जनरेटर व्यवस्था, साउंड सिस्टम, सभी मतगणना, मीडिया स्थल पर विद्युत व्यवस्था सुचारू संचालन हेतु कर्मचारियों की ड्युटी लगाने एवं मतगणना स्थल में सीसीटीवी कैमरा द्वारा निगरानी व्यवस्था हेतु छत्तीसगढ़ राज्य वितरण कंपनी मर्यादित के कार्यपालन अभियंता टीएल सहारे एवं अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग लीलेश कुमार एवं उप अभियंता लोक निर्माण विभाग एसके साहू को दायित्व सौंपा गया है।

**दूरसंचार व्यवस्था बाधित न हो-**

मतगणना कार्य हेतु कम्प्यूटर, स्कैनर, प्रिंटर, फोटो कापी मशीन, सेन्ट्रल टेबल आई.टी. सेक्शन में व्यवस्था कराने एवं आयोग के निर्देशानुसार ऑफ लाईन एवं ऑन लाईन फार्मेट तैयार कर साफ्टवेयर में एंट्री कराने। फोटोकापी मशीन सुधारक की व्यवस्था करना, फोटोकापी, प्रिंटर एवं काट्रेज की व्यवस्था एवं रिजर्व में भी रखना तथा अन्य कार्य हेतु डीआईओ (एनआईसी) डीएल भारद्वाज, सहायक प्रोगामर सोनम राजपूत, ई.डिस्ट्रिक मैनेजर चिप्स इन्द्रजीत सेन को दायित्व सौंपा गया है। मतगणना स्थल, मीडिया सेंटर में दूरसंचार एवं इंटरनेट की व्यवस्था करने। दूरसंचार व्यवस्था बाधित न हो उसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने एवं आयोग के निर्देशानुसार अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी दूरसंचार विभाग केके देव एवं टेलीकाम टेक्निशियन दूरसंचार विभाग राज कुमार ठाकुर को दायित्व सौंपा गया है। मतगणना संबंधित सभी आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था तथा मतगणना स्थलों में सामग्री लाने ले जाने, वितरण के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने, मतगणना हाल में डिस्प्ले बोर्ड में अभ्यर्थियों का नाम लिखवाना, आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रपत्रों को तैयार किए जाने, मतगणना अभिकर्ताओं के लिए कागज, पेन की व्यवस्था, अन्य वैधानिक प्रपत्र सभी विधानसभा वार लगे मतगणना टेबल में राउंड वार मतदान केन्द्र वार सीयू नंबर चस्पा करने, डाक मतपत्र निरस्त सील विधानसभावार तैयार करने हेतु सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मेनका चन्द्राकर, संयोजक आदिवासी विकास लोकेश्वर चतुर्वेदी मंडल को दायित्व सौंपा गया है।

**मीडिया कर्मी के लिए स्वल्पाहार चाय एवं भोजन व्यवस्था**

मतगणना स्थल में सभी मतगणना एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रक्रियाओ का वीडियोग्राफी कराने, मतगणना दल के रेण्डमाईजेशन, स्ट्रांग रूम खोलने एवं बंद कराने, ईवीएम परिवहन स्ट्रांग रूप में मतगणना हाल तक, मतगणना चालू होने से पूर्व सभी प्रकार के मतगणना व्यवस्था मतगणना हाल में बिना गोपनीयता भंग करते हुए मतगणना प्रक्रिया का एआरओ टेबल में टेबुलेशन प्रक्रिया, काउन्टर चेकिंग, आब्जर्वर प्रति राउंड 2 ईवीएम मशीनों का सभी प्रकार के सुरक्षा व्यवस्था का ईवीएम मशीनों का सीलिंग प्रक्रिया एवं आयोग के निर्देशानुसार अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यो का वीडियोग्राफी कराने हेतु संयुक्त कलेक्टर अजय किशोर लकडा, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख बीएल डडसेना एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख नंद कुमार यादव तथा सहा. अधीक्षक भू-अभिलेख राजस्व निरीक्षक रमेश शर्मा को दायित्व सौंपा गया है। प्रेस एवं मीडिया के लोगों को मतगणना स्थल के लिए पास जारी करने, एवं मीडिया कर्मी के लिए स्वल्पाहार चाय एवं भोजन व्यवस्था करना, मोबाईल जमा करने हेतु काउंटर स्थापित करने, मतगणना हाल में 5 से 7 मीडिया कर्मी को अवलोकन हेतु लाने ले जाने, विभिन्न मतगणना व्यवस्था का फोटोग्राफी करने एवं मीडिया से संबंधित अन्य समस्त कार्य हेतु जिला जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर एवं सहायक सांख्यिकी बसंत मालेकर को दायित्व सौंपा गया है। 17-सी की मूल प्रति गणना पर्यवेक्षक से एआरओ एवं फोटोकापी हेतु प्रदाय करने एवं फोटोकापी पश्चात् वितरण पावती प्राप्त करने हेतु उक्त कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों से समन्वय स्थापित करने हेतु डीडी पंचायत आकाश सोनी एवं परियोजना अधिकारी दीप्ति मंडावी को दायित्व सौंपा गया है। मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को पास जारी करने हेतु उप संचालक उद्यानिकी आकांक्षा सिन्हा एवं सहायक सांख्यिकी अधिकारी रितेश डोंगरे को दायित्व सौंपा गया है।

**पेयजल और मीनिरल वाटर के बॉटल व्यवस्था के निर्देश**

मतगणना पश्चात् ईवीएम एवं वीवीपेट मशीनों का सीलिंग, सीलिंग कार्य में लगे सभी कर्मचारियों से समन्वय स्थापित करने, मशीन सीलिंग कार्य पश्चात् स्ट्रांग रूम सीलिंग करने एवं सीलिंग के संबंध में अन्य कार्य हेतु अतिरिक्त तहसीलदार बालोद आशुतोष शर्मा एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख बीएल चोरका को दायित्व सौंपा गया है। मतगणना कार्य में लगे समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए चिकित्सा व्यवस्था कराने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दायित्व सौंपा गया है। मतगणना कार्य में लगे समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए पेयजल एवं मीनिरल वाटर के बाटल की व्यवस्था करने हेतु कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सुकांत साहू एवं सहायक अभियंता नगर पालिका परिषद सलीम सिद्दीकी को दायित्व सौंपा गया है। मतगणना कार्य में लगे समस्त अधिकारी-कर्मचारियों के लिए चाय, नास्ता एवं भोजन व्यवस्था करने हेतु खाद्य अधिकारी टीआर ठाकुर एवं सहायक खाद्य अधिकारी संतोष कुमार को दायित्व सौंपा गया है।

**अग्निशमन व्यवस्था की दी गई जिम्मेदारी-**

मतगणना हाल एवं मतगणना हाल के बाहर साफ-सफाई की व्यवस्था करने व पानी टैंकर उपलब्ध कराने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद बालोद एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत गुरूर को दायित्व सौंपा गया है। मतगणना स्थल लाईवलीहुड कालेज पाकुरभाट में अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु दिनेश रावटे जिला सेनानी को दायित्व सौंपा गया है। मोबाईल जमा काउंटर मतगणना कार्य में लगे समस्त अधिकारी-कर्मचारियों का मोबाईल मुख्य प्रवेश द्वार पर जमा करने। समस्त अभ्यर्थी एवं मतगणना अभिकर्ता के परिचय पत्र को देखकर मोबाईल, पेन, कैल्कुलेटर एवं विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण को जमा कराने हेतु उप संचालक समाज कल्याण अजय गेडाम एवं पंचायत निरीक्षक चम्पेश्वर यदु को दायित्व सौंपा गया है।

# 18 दिन बाद आयेंगे नतीजे, सभी को है उत्सुकता, प्रशासन भी लगा तैयारी में

■ अधिकारियों को दिया गया मतगणना का प्रशिक्षण, हैंड्स ऑन ट्रेनिंग के जरिए प्रशिक्षणार्थियों ने सीखी मतगणना की बारीकियां

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





लोकसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न होने के पश्चात नतीजे आने में अब सिर्फ18 दिन शेष रह गए है। परिणाम को लेकर सबको उत्सुकता है और क्या होगा, कौन जीत रहा, किसकी होगी हार इस बात को लेकर सब तरफ चर्चाएं है। उधर सभी पार्टी के प्रत्याशी और पार्टी के प्रमुख नेता दूसरे राज्यों में प्रचार के लिए जा चुके है तो जिला प्रशासन मतों की गणना की तैयारी में जुट गया है। आगामी 4 जून को आयोजित मतगणना की तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा जोर-शोर से की जा रही है। मतगणना कार्य के लिए सहायक रिटर्निंग अफसरों और उनकी सहयोगी टीम को आज जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा भवन में चुनाव आयोग के मास्टर ट्रेनर के द्वारा सघन रूप से प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें सैद्धांतिक नियम कायदों के अलावा मतगणना कक्ष का मॉडल बनाकर हैंण्ड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया। राज्य में निर्वाचन आयोग के डिप्टी सीईओ यू.एस. अग्रवाल एवं राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर प्रणव सिंह द्वारा मतगणना कार्य के संपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण भी शामिल हुए। कलेक्टर ने मतगणना से संबंधित कई प्रश्न भी मास्टर ट्रेनर से किए। प्रशिक्षण में बिलासपुर सहित मुंगेली जिले के 8 विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर और उनके सहयोगी मौजूद थे। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा में 14-14 टेबल लगाये जाएंगे। प्रत्येक टेबल में तीन लोगों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इनमें मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक और एक माइक्रो ऑब्जर्वर होंगे। प्रशिक्षण स्थल में ही मतगणना कक्ष का मॉडल बनाया गया। जहां हैंड्स ऑन ट्रेनिंग (खुद करके देखना) के जरिए प्रशिक्षणार्थियों ने मतगणना के बारे में सीखा। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतगणना के पूर्व तैयारी, मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, डाक मतपत्र की गणना, इव्हीएम से मतगणना की व्यवस्था, इंडेक्स कार्ड भरने की व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। मतगणना दिवस के दिन स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष में अपेक्षित नियमों के बारे में बताया गया। डाक मतपत्र एवं कंट्रोल यूनिट के मतों की काउंटिंग की प्रक्रिया को सरलता से समझाया गया। सबसे पहले डाक मतपत्र एवं इटीपीबीएस की मतों की गणना की जाएगी। मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासाओं को भी शांत किया गया। प्रशिक्षण में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, एडीएम आरए कुरूवंशी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी, मुंगेली जिले की एडीशनल कलेक्टर मती निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर एमटी आलम, सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहित उन्हें सहायक मौजूद थे।

# सक्ती के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर में लगभग 6 दशक पुराने प्रतिष्ठित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल 12वीं बोर्ड की परीक्षाओ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवन्नित किया है, तथा सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शक्ति के कक्षा दसवीं वीं के छात्र मुकुंद सिंह क्षत्रिय ने 92.33 प्रतिशत अंक, साहिल कुमार सिदार ने 90.83 प्रतिशत, हेमंत निषाद ने 88.83 प्रतिशत, वही 12वीं कक्षा में योगेश कुमार देवांगन ने 83.6% अंक, कुमारी अस्मिता देवांगन ने 75.6% अंक, चंद्र प्रकाश ने 74.87% अंक अर्जित किया, तथा सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12वीं में कुल 40 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें 18 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में रहे तो वहीं कक्षा दसवीं में कुल 38 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें 21 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी पर रहे, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शक्ति के विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कपूरचंद्र अग्रवाल, व्यवस्थापक मांगेराम अग्रवाल, पोशाक अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, सह व्यवस्थापक कन्हैया गोयल, पूर्व व्यवस्थापक अधिवक्ता चितरंजन प्रसाद पटेल, पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा, नारायण प्रसाद गोयल, समिति के सदस्य नारायण प्रसाद गबेल, विनोद अग्रवाल,रमेश चंद्र अग्रवाल, डमरूधर देवांगन, बजरंग लाल अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य पूरण गिरी गोस्वामी, विद्यालय के प्रधानाचार्य बलदाऊ प्रसाद साहू सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी पदाधिकारी-सदस्यों एवं विद्यालय परिवार के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य के मंगल कामना की है,साथ ही विद्यालय प्रबंधन ने विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा है कि आने वाले वर्षों के लिए वे और अधिक मेहनत करें तथा पूरे प्रदेश में इस विद्यालय का नाम रोशन करें, ज्ञात हो की शक्ति का सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लगभग 55 सालों से शक्ति में अपनी सेवाएं दे रहा है,तथा यह विद्यालय अंचल का सबसे पुराना स्कूल है, जहां के विद्यार्थी यहां से पढ़ाई कर प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रशासनिक पदों पर अपना परचम लहरा रहे हैं, तथा सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिक्षा का एक बड़ा संस्कारीक केंद्र है,जहां शिक्षा के साथ-साथ वर्ष भर सांस्कृतिक गतिविधियां, धार्मिक गतिविधियां, खेलकूद की गतिविधियों एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों को निपुण बनाया जाता है।

# फ्लाई ऐश डस्ट से ग्रामीण परेशान, जीना हुआ दुभर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ औद्योगिक नगरी के नाम से प्रख्यात है जहां आने को उद्योगों का संचालन हो रहा है पर जहां एक और देखा जाए तो उद्योगों द्वारा उद्योग का संचालन करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे, वहीं दूसरी ओर समाज कल्याण के नाम पर जहर बांटा जा रहा। वहीं तमनार ब्लॉक के ग्रामीण विकास के नाम पर सिर्फ और सिर्फ प्रदूषण कि मार झेलते रहे हैं। फ्लाई ऐश कि समस्या अब ग्रामीणों के लिए नासूर बनती जा रही है, हवा के साथ लोगों को अब फ्लाई ऐश रुपी जहर भी फांकना पड़ रहा है। फ्लाई ऐश कि समस्या से पीड़ित ग्रामीण विगत कई वर्षों से झेलने को मजबूर हैं, क्योंकि पीड़ित ग्रामीण वासियों कि कोई सुध लेने वाला नहीं, प्रत्येक वर्ष पड़ने वाले गर्मी में- पाता, बांधापाली, क्रुजेमुरा, रेगांव समेत सलीहाभाठा, के निवासी इसी तरह धीमी जहर राख कि फांक लेकर जीवन जीने को मजबूर हैं पर किसी तरह का निदान नहीं होता बल्की निदान के नाम पर कम्पनी प्रबंधन द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जाता है, और फिर से वही हाल होता है।

**कहा से आता है राख-** कंपनी द्वारा अपने चलित उद्योग में उपयोग में लाए जाने वाली कोयला का बचा खाक को निर्माणीय डैम में डाला जाता है जो पूर्व से उछ्ल रहा है, जो धीमी हवा पर ही उड़कर गांवों में घरों खाना कपड़ो में मोटी मोटी परत के साथ जम जाता है जिससे जीवन जीना दुभर हो चुका है क्या इसी तरह कि समस्या से जूझते रहेंगे ग्रामीण या फिर समस्या का निवारण भी होगा।

**क्या कहते हैं सरपंच** -इस संबंध में ग्राम कुंजारा के सरपंच जयपाल भगत ने बताया कि हम ग्रामीण इस वृहद समस्या से जूझ रहे हैं कोई सुध लेने वाला नहीं, खाने पीने पहनने लायक नहीं रहे, अब वृहद आन्दोलन कि तैयारी की जा रही है।

# एसपी ने थाना प्रभारियों को विजिबल पुलिसिंग के जरिये अपराधों पर नियंत्रण रखने व कार्रवाई के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



प्रभारी पुलिस अधीक्षक रायगढ़ योगेश कुमार पटेल द्वारा जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारियों को विजिबल पुलिसिंग को प्राथमिकता देते हुए प्रतिदिन संध्या गस्त पर अधिक से अधिक पुलिसबल के साथ मार्केट एरिया, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर फ्रुट पेट्रोलिंग कर संदिग्ध व्यक्तियों एवं नशे में वाहन चलाने वालों की जांच करने के निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने थाना प्रभारियों को पेट्रोलिंग दौरान यातायात व्यवस्था बनाये रखने और जांच कार्रवाई से महिलाओं व वृद्धजनों को कोई परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान रखने कहा गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारियों को विजिबल पुलिसिंग के तहत औचक रूप से बदमाशों के जमावड़े स्थानों को भी चेक कर आपत्तिजनक अवस्था में पाये गये व्यक्तियों पर विधि अनुरूप कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है। निर्देशों के पालन में जिला मुख्यालय रायगढ़ एवं सभी तहसीलों में थाना प्रभारियों द्वारा मार्केट एरिया में सघन पेट्रोलिंग करते हुए प्रमुख चैंक-चैराहों पर संदिग्धों की जांच और ब्रीथ एनालाइजर मशीन से वाहन चालकों की जांच कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। विजिबल पुलिसिंग के तहत आगे भी नियमित रूप से कार्रवाई जारी रहेगी।

# पिकअप की ठोकर से बाईक सवार युवक की मौत, चालक घायल

■ रायगढ़-सारंगढ़ मार्ग पर कुंजेडबरी के पास हुआ हादसा

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिला मुख्यालय से महज 7 किलोमीटर दूर रायगढ़-सारंगढ़ मार्ग में बुधवार की सुबह तेज रफ्तार पिकअप की ठोकर से बाईक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए मामले को जांच में ले लिया है। घटना के बाद से आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुदाम साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया कि वह स्वतंत्र माईक्रो फाईनेंस कम्पनी लोचन नगर रायगढ़ में ब्रांच मैनेजर के पद पर पदस्थ है। बुधवार की सुबह 8 बजे वह अपने डिविजन मैनेजर रवि कुमार खोटले को अपने मोटर सायकल क्रमांक सी.जी. 06 एच.ए. 5876 में पीछे बैठाकर कम्पनी के काम से रायगढ़ से तडोला पुसौर जा रहे थे। दोनों जब पटेलपाली इंडियन आयल के आगे छड़ सीमेंट दुकान के पास पहुंचे ही थे कि सामने की तरफ से आ रहे अज्ञात पिकअप चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में डिविजन मैनेजर रवि कुमार खोटेले के सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। साथ ही इस घटना में सुदाम साहू के दायां हाथ के कोहनी में बायां हाथ के पंजा में तथा दायां पैर में चोट आई है। इस दुर्घटना के बाद से पिकअप चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया है। बहरहाल जूटमिल पुलिस ने घायल सुदाम साहू की रिपोर्ट के बाद अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ धारा 279, 304 ए, 337 के तहत अपराध दर्ज करते हुए अज्ञात पिकअप चालक की पतासाजी में जुट गई है।

# श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय को मिली पीएचडी डिग्री कोर्स प्रारंभ करने की अनुमति

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति ने 15 मई 2024 को एक अधिसूचना जारी कर कोरबा के श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय को गणित विषय पर पीएचडी के कोर्स प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान कर दी है, तथा श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय प्रबंध संचालन समिति के अध्यक्ष सुनील जैन ने अग्रवाल सभा कोरबा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल के मार्गदर्शन में यह प्रयास किया जिससे आज अग्रसेन कन्या महाविद्यालय को यह बड़ी सफलता हासिल हुई है, तथा कोरबा जैसे क्षेत्र में अब गणित जैसे विषय पर पीएचडी का कोर्स प्रारंभ होने से जहां पूरे जिले भर के लोगों को इसका लाभ मिलेगा तो वहीं अन्य क्षेत्र के लोगों को भी इस महाविद्यालय में पीएचडी करने का अवसर मिलेगा,तथा अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति ने 6 मई 2024 को एक अधिसूचना जारी कर श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा में गणित का शोध केंद्र प्रारंभ करने हेतु निरीक्षण समिति का गठन किया था, जिसमें निरीक्षण में आई तीन सदस्यीय समिति ने श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के परिसर एवं यहां के संचालन व्यवस्था को पीएचडी कोर्स के लिए व्यवस्थित पाते हुए अपनी रिपोर्ट दी जिस पर 15 मई को यह अधिसूचना यूनिवर्सिटी ने जारी कर दी है, तथा श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा में इस कोर्स की स्वीकृति मिलने से जहां महाविद्यालय छात्र-छात्राओं में भी प्रसन्नता देखी जा रही है, तो वहीं अग्रवाल सभा कोरबा के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल सहित पूरी नवगठित कार्यकारिणी एवं श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा के नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील जैन सहित पूरी प्रबंधकारिणी समिति ने भी अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति का आभार व्यक्त किया है,साथ ही कहा है कि अग्रसेन कन्या महाविद्यालय दशकों से आज पूरे क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को एक बेहतर शिक्षा प्रदान कर रहा है एवं गणित जैसे विषय पर शोध केंद्र की स्थापना से यहां बच्चों को और अधिक लाभ मिलेगा,ज्ञात हो की कोरबा अग्रवाल सभा के नए निर्वाचन के बाद से अग्रवाल सभा द्वारा सामाजिक एवं सभा द्वारा स्थापित शिक्षा के केंद्र को और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है।

# श्यामसुंदर अग्रवाल का जन्मदिन मनाया गया सेवा दिवस के रूप में

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद शक्ति के पूर्व अध्यक्ष, कांग्रेस नेता एवं वरिष्ठ पत्रकार श्यामसुंदर अग्रवाल का जन्मदिन 16 मई को पूरे शहर सहित क्षेत्र में सेवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है,नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने जहां अपने जन्मदिन की शुरुआत सेवा कार्यो से करी, तो वही देर रात्रि श्यामसुंदर अग्रवाल के गेवाडीन कालोनी स्थित निवास में उनके प्रशंसकों ने पहुंचकर केक काटा, तथा जन्मदिन की शुभकामनाएं दी,वहीं सुबह समय शहर के कुछ कांग्रेस नेताओं के निवास पर भी जन्मदिन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्यामसुंदर अग्रवाल ने पहुंचकर केक काटा तथा अपने प्रशंसकों से जन्मदिन की शुभकामनाएं स्वीकार की, वही श्यामसुंदर अग्रवाल के कार्यालय के सामने गौरव पथ मार्ग पर सुबह ठंडे शरबत एवं ठंडे पानी के वितरण शिविर का शुभारंभ हुआ, जिसमें श्यामसुंदर अग्रवाल ने उपस्थित होकर स्वयं राहगीरों को शरबत पिलाई तथा सेवा कार्य किया, वहीं नगर पालिका परिषद शक्ति के कार्यालय में वहां सभी कर्मचारियों को भी श्यामसुंदर अग्रवाल के जन्मदिन के मौके पर स्वल्पाहार कराया गया तथा इस अवसर पर कर्मचारियों के बीच भी श्यामसुंदर अग्रवाल ने केक काटा, वहीं 16 मई की देर शाम नगर पालिका कार्यालय के बाहर स्वल्पाहार का भी आयोजन किया गया है, जिसमें सक्ति के गणमान्य नागरिक एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल के समर्थक तथा उनके प्रशंसक भी मौजूद रहेंगे, वहीं जन्मदिन के मौके पर जहां सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से भी उनके प्रशंसक तथा समर्थक भी उन्हें जन्मदिन की बधाई दे रहे है, तो वहीं श्यामसुंदर अग्रवाल भी अपने इस जन्मदिन को एक सेवा दिवस के रूप में स्थापित करना चाहते हैं, तथा श्यामसुंदर अग्रवाल ने कहा कि आज वरिष्ठ जनों एवं उनके शुभचिंतकों के आशीर्वाद से वे आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं, तथा उन्होंने जीवन में सदैव जन कल्याण एवं जनहित का लक्ष्य लेकर अपना कार्य किया है, तथा आज उन्हें इस बात की प्रसन्नता है कि वे एक सच्चे सेवक के रूप में लोगों के बीच कार्य कर रहे हैं, तथा उनका यथासंभव यही प्रयास रहता है कि दीन- दुखियों जरूरतमंदों की सदैव सहायता की तथा ईश्वर उन्हें सदैव इतनी ऊर्जा देता रहे कि उन्हें ऐसे सेवा के कार्यों में कभी पीछे नहीं हटना पड़े एवं उनका पूरा परिवार भी ऐसे कार्यों में सदैव अपना योगदान देता है।

# गांव के करीब पहुंच रहे गजराज

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

धरमजयगढ़ वन मण्डल अंतर्गत कल फिर शाम सड़क किनारे व सड़क पार करने जैसे हाथियों की चहलकदमी की खबर सामने आ आई है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार बरतापाली गांव किनारे दर्जनों के तादाद में हाथी गांव किनारे विचरण कर रहे हैं तो वहीं छाल रेंज के हाटी सर्किल के जंगल मे हाथियों के एक महादल की उपस्थिति की रिपोर्ट आई है। जिसमे बताया जा रहा है हाथियों का एक दल हाटी मुख्य सड़क को पारकर सिथरा पुरूँगा गांव की ओर बढ़ सकते हैं। लिहाजा हाथियों की मौजुदगी को लेकर वन विभाग के कर्मचारी लगातार लोगों को समझाइस देते हुए एवं जागरूक करने में लगे हुए है।

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागीरथी पिता बसेराम निवासी ग्राम बोडेसरा तहसील सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के माता रम्भाबाई का मृत्यु दिनांक 10/03/2015 को ग्राम बोडेसरा में हुआ है। उक्त मृत्यु का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथी में माता की मृत्यु 10/03/2015 (बोडेसरा) घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 17/05/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 02/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**सरायपाली**

**न्यायालय तहसीलदार नजूल कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प.क्र./20240320010011/अ 20(1)/2022-23
मौजा-कोण्डागांव, महात्मागांधीवार्ड
तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव छ.ग.

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण क्रमशः 1 समिता व्रत राय पिता स्व. खोगेन्द्र राय, जाति नमोशुद्र 2. श्रीमती संध्यारानी साहा पति स्व. कालिपद साहा जाति कायस्त दोनों साकिन महात्मागांधीवार्ड कोण्डागांव के द्वारा नगर कोण्डागांव, मोहल्ला आड़काछेपड़ापारा स्थित शासकीय नजूल भूमि शीट नम्बर 1 भू-खण्ड क्रमांक 190 क्षेत्रफल 80992 वर्गफीट भूमि में से क्षेत्रफल 1409 वर्गफीट भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु स्थायी पट्टा प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय कलेक्टर जिला कोण्डागांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो कि जाँच प्रतिवेदनार्थ नजूल अधिकारी कोण्डागांव के माध्यम से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपना आवेदन पत्र न्यायालय में सुनवाई तिथी 29.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथी के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार (नजूल)**
**कोण्डागांव**

**न्यायालय तहसीलदार नजूल कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प.क्र./20240320010010/अ 20(1)/2022-23
मौजा-कोण्डागांव, सरगीपालपारावार्ड
तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव छ.ग.

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामनाथ देवांगन पिता स्व. सुखमन देवांगन जाति कोष्टा साकिन अम्बेडकरवार्ड कोण्डागांव के द्वारा नगर कोण्डागांव, मोहल्ला सरगीपालपारा स्थित शासकीय नजूल भूमि शीट नम्बर 2 भू-खण्ड क्रमांक 536 क्षेत्रफल 174240 वर्गफीट भूमि में से क्षेत्रफल 1216 वर्गफीट भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु स्थायी पट्टा प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय कलेक्टर जिला कोण्डागांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो कि जाँच प्रतिवेदनार्थ नजूल अधिकारी कोण्डागांव के माध्यम से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपना आवेदन पत्र न्यायालय में सुनवाई तिथी 29.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथी के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार (नजूल)**
**कोण्डागांव**

**न्यायालय तहसीलदार नजूल कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प.क्र./20240320010025/अ 20(1)/2022-23
मौजा-कोण्डागांव, तहसीलपारावार्ड
तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव छ.ग.

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका यशोदा सोनी पति राकेश सोनी जाति सोनार निवासी पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड तहसील कोण्डागांव के द्वारा नगर कोण्डागांव, मोहल्ला तहसीलपारा वार्ड स्थित शासकीय नजूल भूमि शीट नम्बर 2 भू-खण्ड क्रमांक 691/1क क्षेत्रफल 4162265.06 वर्गफीट भूमि में से क्षेत्रफल 1716 वर्गफीट भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु स्थायी पट्टा प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय कलेक्टर जिला कोण्डागांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो कि जाँच प्रतिवेदनार्थ नजूल अधिकारी कोण्डागांव के माध्यम से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपना आवेदन पत्र न्यायालय में सुनवाई तिथी 29.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथी के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार (नजूल)**
**कोण्डागांव**

**न्यायालय तहसीलदार नजूल कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प.क्र./20240320010008/अ 20(1)/2022-23
मौजा-कोण्डागांव, तहसीलपारावार्ड
तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव छ.ग.

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सलीम मेमन पिता अब्दुल कादिर जाति मुसलमान साकिन विवेकानंदवार्ड कोण्डागांव के द्वारा नगर कोण्डागांव, मोहल्ला तहसीलपारा वार्ड स्थित शासकीय नजूल भूमि शीट नम्बर 2 भू-खण्ड क्रमांक 603/1 क्षेत्रफल 552027 वर्गफीट भूमि में से क्षेत्रफल 1887 वर्गफीट भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु स्थायी पट्टा प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय कलेक्टर जिला कोण्डागांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो कि जाँच प्रतिवेदनार्थ नजूल अधिकारी कोण्डागांव के माध्यम से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपना आवेदन पत्र न्यायालय में सुनवाई तिथी 29.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथी के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार (नजूल)**
**कोण्डागांव**

**न्यायालय तहसीलदार नजूल कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प.क्र./20240320010009/अ 20(1)/2022-23
मौजा-कोण्डागांव, शीतलापारावार्ड
तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव छ.ग.

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक इरशाद खान पिता हयात खान जाति मोमीन साकिन शीतलापारावार्ड कोण्डागांव के द्वारा नगर कोण्डागांव, मोहल्ला रोजगारीपारा स्थित शासकीय नजूल भूमि शीट नम्बर 2 भू-खण्ड क्रमांक 441/1 क्षेत्रफल 432433 वर्गफीट भूमि में से क्षेत्रफल 483.56 वर्गफीट भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु स्थायी पट्टा प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय कलेक्टर जिला कोण्डागांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो कि जाँच प्रतिवेदनार्थ नजूल अधिकारी कोण्डागांव के माध्यम से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपना आवेदन पत्र न्यायालय में सुनवाई तिथी 29.05.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथी के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार (नजूल)**
**कोण्डागांव**

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्यामलाल पिता जगतराम निषाद निवासी ग्राम लांती तहसील सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के माता सनमोती का मृत्यु दिनांक 24/08/2009 को ग्राम लांती में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथी में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 18/05/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**सरायपाली**

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गनपत पिता स्व. मेहतराम निवासी ग्राम जम्हारी तहसील सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के दादी रमुला का मृत्यु दिनांक 12/08/2009 को ग्राम जम्हारी में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथी में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 18/05/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 15/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**सरायपाली**

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चम्पीबाई पिता किर्तन निवासी ग्राम बोंदा तहसील सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के माता कमला का मृत्यु दिनांक 12/08/2012 को ग्राम जम्हारी में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथी में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 18/05/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 16/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**सरायपाली**

# अवैध क्लीनिक व मेडिकल स्टोर चलाने वाला संचालक फर्जी डाक्टर फरार

## अवैध क्लीनिक व मेडिकल स्टोर किया गया सीलबंद

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



विकासखंड बकावंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सतोसा में दीपांकर मंडल नामक व्यक्ति द्वारा पिछले कई वर्षों से अवैध क्लिनिक व मेडिकल स्टोर का संचालन किया जा रहा था। विभागीय जांच में अवैध रूप से संचालित क्लिनिक व मेडिकल स्टोर के संचालन के लिए आवश्यक पंजीयन भी नहीं होना पाया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी हरीश मरकाम व तहसीलदार बकावंड के मार्गदर्शन में आज गुरूवार को कार्यवाही के दौरान ग्राम पटवारी, सरपंच, कोटवार व अन्य ग्रामीण भी मौजूद थे। जबकि फर्जी झोला छाप डाक्टर दीपांकर मंडल मौके से फरार हो गया था। सत्यापन पश्चात ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचनामा बनाकर अवैध रूप से संचालित क्लिनिक व मेडिकल स्टोर को सीलबंद कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपांकर मंडल ने गांव के एक व्यक्ति के दुकान किराये में लेकर विगत कई वर्षों से ग्राम सतोष में अवैध क्लिनिक व मेडिकल स्टोर का संचलन कर रहा था। मंडल प्राईमरी हेल्थ केयर सेंटर के नाम से प्रिस्क्रिप्शन पैड भी जांच के दौरान बरामद किया गया। वहीं अवैध मेडिकल स्टोर में सामान्य सर्दी खांसी की दवाईयों के अतिरिक्त मलेरिया और अन्य संवेदनशील एंटी बायोटिक दवा भी बरामद किये गये। अवैध क्लिनिक में डेंटल ट्रीटमेंट चेयर व अनेक डेंटल ट्रीटमेंट इंस्ट्रूमेंट भी पाए गए। जांच दल ने डस्टबिन में इस्तेमाल किए गए इंजेक्शन, वायल, आईव्ही ड्रिप, सिरींज भी बरामद किया गया है। जांच के दौरान ग्रामीणों से यह भी ज्ञात हुआ कि फरार फर्जी झोला छाप डाक्टर दीपांकर मंडल के द्वारा सामान्य मरीजों के अलावा दांतों से संबंधित मरिजों का भी ईलाज किया जाता था। उसके एवज में वह मरीजों से 500 से 1000 रुपए तक फीस वसूलता था।

# विक्रम बैस की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, 6 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



नारायणपुर में कांग्रेस नेता विक्रम बैस हत्याकांड का नारायणपुर पुलिस ने खुलासा किया है। हत्या की घटना में शामिल छह आरोपियों को पुलिस ने अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने नारायणपुर निवासी विक्रम बैस की रंजिश के चलते हत्या की थी। घटना में इस्तेमाल पिस्टल, गंडासा, दोपहिया वाहन और आरोपियों के मोबाइल को जब्त किया गया है। हत्या की साजिश रचने वाला मुख्य आरोपी मनीष राठौर फरार है। नारायणपुर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि 13 मई की रात में अज्ञात व्यक्तियों ने कांग्रेस नेता विक्रम बैस की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोपियों को पकड़ने के लिए साइबर टीम और पुलिस की अलग-अलग टीम का गठन किया गया था। सीसीटीवी फुटेज व साइबर एनालिसिस के आधार पर मनीष राठौर निवासी नारायणपुर का नाम सामने आया। मनीष राठौर, जसप्रीत सिंह सिद्धू, विश्वजीत नाग, विप्लव और विवेक अधिकारी ने लगभग डेढ़ महीने पहले हत्या की साजिश रची थी। मनीष राठौर ने भिलाई के इंडियन कॉफी हाउस में पिस्टल खरीदने और हत्या की प्लानिंग करने के लिए विश्वजीत नाग, राजीव रंजन यति उर्फ राजू उर्फ बिहारी, संदीप यादव उर्फसंजू और सैमुआल उर्फरायनुन्तलम के साथ मीटिंग की। हत्या में उपयोग हुआ पिस्टल जिला सिवान बिहार से लाया गया था। घटना को अंजाम देने से पहले दो दिनों तक आरोपियों ने विक्रम बैस की रेकी की थी। घटना के दिन विक्रम बैस को अकेला पाकर आरोपी संजू यादव और विश्वजीत नाग ने मिलकर गंडासा से वार कर और पिस्टल से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। घटना में प्रयुक्त पिस्टल को मनीष राठौर के गोदाम में छुपा दिया गया था। आरोपियों से पूछताछ के दौरान जिले में पत्रकारों को धमकी देने के मामले का भी खुलासा हुआ। इसमें मनीष राठौर द्वारा धमकी भरे पत्र का लिखा जाना व विश्वजीत नाग द्वारा इसे पोस्ट किए जाने का पता लगा। जिले में किशोर आर्या परिवहन संघ अध्यक्ष को धमकी भरा पत्र व नक्सलियों के नाम पर धमकी भरे बैनर व पत्र भेजकर लोगों को आतंकित करने का काम भी इसी गैंग द्वारा किया जा रहा था। मामले में पुलिस ने विश्वजीत नाग निवासी थाना बेलघड़िया जिला कलकत्ता (पं.ब.), संदीप यादव निवासी बोरसी थाना पद्मनाभपुर जिला दुर्ग, राजीव रंजन यति उर्फ राजू उर्फ बिहारी निवासी मीरगंज जिला गोपालगंज बिहार, सैमुआल उर्फ रायनुन्तलम निवासी थाना कोतवाली सेक्टर-6 जिला दुर्ग, जसप्रीत सिंह उर्फ पोतू निवासी बंगलापारा नारायणपुर और विवेक अधिकारी उर्फ सिदाम निवासी नारायणपुर को गिरफ्तार किया है।

# हत्या की वरादात में शामिल 1 लाख के ईनामी 2 नक्सली गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com



जिले में चलाये ला रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर थाना चिंतागुफा से टी सैमसन राजू, डिप्टी कमाण्डेन्ट 2 वाहिनी सीआरपीएफ एवं निरीक्षक अनुराग सोनवानी, थाना प्रभारी चिंतागुफा के हमराह 02 वाहिनी सीआरपीएफ एवं जिला बल की संयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन/आरसीएसओ ड्यूटी हेतु ग्राम दुलेड़ व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान ग्राम दुलेड़ के पास से 2 नक्सलियों मड़कम गंगा पिता मड़कम लखमा (मिलिशिया कमाण्डर दुलेड़ आरपीसी अन्तर्गत ईनामी 1 लाख) निवासी ग्राम दुलेड़ थाना चिंतागुफा एवं ओयाम भीमा पिता स्व. हुंगा (चिन्नाबेड़केल आरपीसी अध्यक्ष) निवासी चिन्नाबोड़केल थाना चिंतलनार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार दोनो नक्सलियों को थाना लाकर नक्सल रिकार्ड की जा करने पर दोनों नक्सलियों द्वारा थाना चिंतागुफा क्षेत्रार्न्गत 1 सितंबर 2023 को मिनपा जाने वाले मार्ग में 01 ग्रामीण का अपहरण कर हत्या करने की वारदात में अन्य नक्सलियों के साथ शामिल रहना पाया गया। उक्त वरादात के संबंध में थाना चिंतागुफा में अपराध क्रमांक 08/2023 धारा 147, 148, 149, 302 भादवि. 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पूर्व से दर्ज है। उक्त दोनों आरोपियों के विरूद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही उपरांत आज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

# रुचिता साहू ने दसवीं में 92.16 अंक अर्जित किया उनके दादा ने दी उपहार में स्कूटी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला ग्राम जोशीलमती, विकासखंड छुरिया, जिला राजनांदगाव में अध्ययनरत कक्षा 10वीं कि छात्रा रुचिता साहू ने 92.16% अंक अर्जित कर विद्यालय एवं ग्राम का नाम रोशन किया। कु रुचिता साहू के उच्च अंक प्राप्त करने से प्रभावित होकर उनके दादा पंच राम साहू ने अपने पोती रुचिता साहू को एक्टिवा स्कूटी गिफ्ट प्रदान किये है। यह ग्रामीण अंचल के लिए बहुत बड़ा संदेश है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि घासीराम साहू, विद्यालय के प्रिंसिपल एस के शोरी, शिक्षक चैन कुमार सोनवानी, शिक्षक गैन्दलाल कोलियार, अजय चंद्रवंशी, होरिलाल भुवार्य, अविनाश मानिकपुरी, महंत भुवन दास साहेब, एवं पिता भूपेंद्र साहू, माता भगवती साहू, लखन साहू, डाक्टर गोविन्द साहू, सत्यम ब्लड ग्रुप के संयोजक चित्रांगन साहू ने बताया और सभी उपस्थिति लोगों ने रुचिता साहू को उनके उज्जवल भविष्य के लिए तथा पढ़ाई एवं तरक्की के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनायें दिए।

# सेजेस में रिक्त सीटों के लिए लॉटरी पद्धति से चयन

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




नगर में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में बुधवार को स्कूल की रिक्त सीटों में प्रवेश देने के लिए लॉटरी के माध्यम से बच्चो का चयन किया गया। वर्गवार विभिन्न कक्षाओं के लिए दस्तावेज नियमानुसार सही पाए जाने पर ही बच्चे को प्रवेश दिया जाएगा, अन्यथा वेटिंग लिस्ट से क्रमानुसार अन्य बच्चों को मौका दिया जाएगा।

सेजेस में चयन प्रक्रिया के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीईओ नवीन कुमार, नायब तहसीलदार झरना राजपूत, बीईओ आर एल पात्रे, एबीईओ एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल के प्राचार्य जयंत साहू, अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रभारी स्वाति वर्मा, हिंदी माध्यम स्कूल प्रभारी राजेंद्र गणवीर, वरिष्ठ व्याख्याता बीएल देवांगन, प्रवेश प्रभारी संदीप वर्मा एवम विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित थे। विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं की 62 रिक्त सीटों के लिए लॉटरी की प्रक्रिया पूर्ण की गई। प्रभारी प्राचार्य जयंत साहू ने बताया कि चयनित बच्चो की सूची विद्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दी गई है। चयनित बच्चो या पालकों को 16 से 20 मई तक कार्यालयीन समय 10 से 2 बजे के मध्य विद्यालय में उपस्थित होकर जरूरी दस्तावेज जमा करना होगा। साहू ने बताया कि बच्चो और पालकों को दस्तावेज जमा करने हेतु जानकारी भी दी गई है।

# वन विभाग के कर्मचारियों ने कुएं में गिरा तेंदुआ को निकाला बाहर

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com



जिले के ग्राम सारवंडी में एक ग्रामीण के घर बाड़ी के कुएं में एक वन्य प्राणी तेंदुआ गिर गया, सुबह जब कुएं से पानी निकालने पंहुचे तो देख कि कुए में एक तेंदुआ पानी में तैर रहा है, इसकी सूचना ग्राम पंचायत के माध्यम से वन विभाग को दिया गया। सूचना पर इलाके में तैनात वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर स्थानिय ग्रामीणों की मदद से तेंदुए को कुएं से रस्सी और बांस से बने झूले के माध्यम से बाहर निकालने के बाद तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। विदित हो कि कांकेर वन मंडल के ईलाके में वन्य प्राणी तेंदुआ और भालू अक्सर रिहईसी इलाके में भोजन, पानी की तलाश में पंहुच जाते हैं। वैसे भी इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रहा है, मई के महीने में कांकेर में 40 डिग्री तापमान में इंसानों के साथ-साथ जंगली जानवरों को भी बेचैन कर रखा है, लिहाजा जंगली जानवर भोजन, पानी की तलाश गांव की तरफ रुख कर रिहायसी इलाकों में पहुंच रहे है, जिसे लेकर लोगों में भी भय व्याप्त है।

# चित्रगुप्त जयंती कायस्थ समाज द्वारा मनाई गई

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



श्री चित्रगुप्त जयंती 15 मई प्रकोष्ठ द्वारा को चित्रगुप्त जमातपारा मंदिर में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य रूप से महापौर हेमा देशमुख की उपस्थिति में शंख महाआरती का आयोजन सुबह - शाम 7 बजे किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला देबू, राकेश इंदूभषण ठाकुर, पूर्व लोकपाल अमलेन्दु हाजरा, कबीर श्रीवास्तव, अनील श्रीवास्तव, डॉ. कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, भोला बख्शी, ऋषि श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, पोपट लाल श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव, कायस्थ रामायण मंडली के महिलायें उपस्थित रही। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार मेडल दिया गया। मेघावी छात्रों को भी स्वामी विवेकानंद प्रमाण पत्र दिया गया। भागवत कर रहे महाराज को श्रीफल एवं साल से सम्मानित किया। सफल आयोजन हेतु समाज के सभी सहयोगियों का सचिव नागेश श्रीवास्तव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## कन्या आश्रम बारूका में जिला स्तरीय समर कैम्प का आयोजन कल

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों की दी जा रही जानकारी







पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के पांचों विकासखण्डों के सात शालाओं में संचालित पीएमश्री स्कूल के बच्चों का जिला स्तरीय समर कैम्प का आयोजन 16 से 18 मई 2024 तक आदर्श कन्या आश्रम बारूका में किया जा रहा है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि यह पूर्णतः सर्व सुविधायुक्त आवासीय समर कैम्प है। समर कैम्प में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें आज प्रथम पाली में संगीत, नृत्य, ड्राईंग, पेंटिंग, लेखन कार्य, मेंहदी, नाटक, आदि विधाओं की प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा बच्चों को जानकादी दी गई। जिसमें बच्चों उत्साहपूर्वक सभी विधाओं में बढ़चढ़कर भाग लिया। इसके उपरांत द्वितीय पाली में आउटडोर गेम्स जैसे चम्मच दौड़, मटका फोड़, कुर्सी दौड़ में भाग लिए। साथ ही नृत्य, संगीत, क्राफ्ट, ट्वाय मेकिंग, खिलौना, मेंहदी, योग, आदि क्रियाकलाप कराये गये। इस अवसर पर डीएमसी के.सी. नायक, बीईओ आरपी दास, चन्द्रशेखर मिश्रा, समर कैम्प प्रभारी तेजेश शर्मा, सहायक प्रभारी विल्सन थामस, एपीसी अनुप महाड़ीक, संकुल समन्वयक कृष्ण कुमार, कमलेश, प्रशांत, दयालु नेताम सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

# जिपं सीईओ को लंबित एरियर्स भुगतान के लिए ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

छग पंचायत सचिव संघ के डोंगरगांव ब्लॉक अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी सचिवों के प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनों जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरुचि सिंह से मुलाकात की। संघ के सचिवों ने मुलाकात दरम्यान पुर्व में हड़ताल अवधि का वेतन भुगतान कराने पर शासन व प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। सचिव संघ ने पूर्व से लंबित एरियस का अविलंब भुगतान करने एवं लंबे समय से निलंबित सचिवों को बहाल कराने सहित अन्य विषयों पर मांग की। जिपंसीईओ ने सचिव संघ की मांगों को प्राथमिकता देते हुए सचिवों का विभिन्न समस्याओं को दूर करने का भरोसा दिलाया। उक्त अवसर पर लोकेश जंघेल, जिलाध्यक्ष खैरागढ़, रामदुलार साहू पूर्व जिलाध्यक्ष राजनांदगांव, ध्रुव कुमार जिला सचिव, आशीष राजपूत व संदीप धनकर सहित अन्य उपस्थित थे।

# कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने पद्मश्री जागेश्वर यादव का किया अभिनंदन, पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित होने पर दी उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं

**राष्ट्रपति के हाथों जिले के समाज सेवक जागेश्वर यादव को मिला 'पद्मश्री' पुरस्कार, विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान हेतु बेहतर कार्य के लिए हुए सम्मानित**

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





जशपुर जिला उन जिलों में से एक है जो अपनी कई उपलब्धियों, सांस्कृतिक, परम्परा और प्राकृतिक सौंदर्य सहित अन्य वजहों से जाने जाते हैं। वहीं यहां के लोग हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा चुके हैं और यह सिलसिला अनवरत जारी है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए जिले के ग्राम भीतघरा निवासी समाज सेवक जागेश्वर यादव बिरहोर के भाई के नाम से चर्चित हैं। अब वे पद्मजागेश्वर यादव के नाम से भी जाने जाएगें। विगत दिनों राष्ट्रपति भवन, दिल्ली में आयोजित पद्म पुरस्कार समारोह में जिले के समाज सेवक जागेश्वर यादव को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी ने विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान हेतु बेहतर कार्य के लिए पद्मपुरस्कार से सम्मानित किया। पद्मसे सम्मानित किए जाने पर मुख्यमंत्री सहित अन्य लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वही जब वे पद्मअवॉर्ड लेकर जैसे ही जशपुर और अपने गृह ग्राम पहुंचे तो उनके यहां बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। कलेक्ट्रेट कार्यालय जशपुर पहुंचकर पद्मजागेश्वर यादव ने कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार भी मौजूद रहे। कलेक्टर डॉ. मित्तल और जिला पंचायत सीईओ ने पुष्पगुच्छ भेंटकर जागेश्वर यादव का अभिनंदन किया। दोनों ने उन्हें अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि जागेश्वर यादव के प्रयासों से न केवल बिरहोर परिवार शिक्षा से जुड़े हैं बल्कि उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं मिल रही हैं। पद्मजागेश्वर बिरहोर आदिवासियों के उत्थान हेतु बेहतर कार्य किए हैं और उनका निःस्वार्थ सेवाभाव सबके लिए प्रेरणादायक और अनुकरणीय है। वे शासन-प्रशासन का सहयोग भी करते आ रहे हैं। जागेश्वर यादव को पद्मपुरस्कार मिलना न सिर्फ जिले और प्रदेश के लिए बल्कि देश के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। पद्मजागेश्वर यादव ने बताया कि इस पुरस्कार को प्राप्त करते वक्त उन्हें एक विशेष अनुभूति महसूस हुई। पुरस्कार प्रदान करते वक्त राष्ट्रपति ने उन्हें बधाई देते हुए उनके इस योगदान के लिए उनकी सराहना भी की। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें बधाई दी और उनकी पीठ थपथपाई। जागेश्वर यादव को यह पुरस्कार मिलने पर ग्राम भीतघरा सहित जशपुर जिले भर के निवासियों व समाजसेवियों में खुशी की लहर है और उन्हें बधाई देने का सिलसिला जारी है।

# सिंध शक्ति महिला संगठन ने किया दादियो-नानियो के लिए पिकनिक का आयोजन

- **म्यूजिक की थीम पर झूमीं 200 बुजुर्ग महिलाएं, सिंधी समाज का अनोखा बर्थ डे, बूढ़ी आंखों में फिर से लौटाई खुशियां**

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



सिंध शक्ति महिला संगठन के नेतृत्व में एवं प्रेरणा स्त्रोत पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वाधान में एक शाम बुजूर्गो के नाम के तर्ज पर दादी मां का पिकनिक मकई गार्डन में रखा गया जिसमें 150 बुजुर्ग महिलाओं ने केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। जिसमें 70 साल से लेकर 108 साल की महिलाओं ने शिरकत की। इस कार्यक्रम को दादी माँ की पिकनिक एक शाम बुजुर्गों के नाम दिया गया था जहां पर बुजुर्ग दादियों के लिए डांस, खेल और गिफ्ट की व्यवस्था भी की गई थी। इस अनोखे कार्यक्रम का उद्देश्य बड़े बुजुर्गों को खुशियां देना था। क्योंकि लाइफ स्टाइल में कई लोग अपने यहां के बुजुर्गों पर ध्यान नहीं देते हैं। इसलिए ऐसे बुजुर्गों के लिए एक संयुक्त आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिला। धमतरी के मकई गार्डन में सिंध शक्ति महिला संगठन दादी मां की पिकनिक का आयोजन रखा गया था धमतरी में सिंधी समाज ने अनोखी पहल की शुरुआत की है। जिसमें एक साथ 150 से ज्यादा महिलाओं का जन्मदिन मनाकर केक कटवाया गया। इस दौरान अलग-अलग घरों से पहुंची बुजुर्ग महिलाओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया सभी ने मिलकर डांस भी किया और कुर्सी दौड में बुजुर्ग महिलाओं ने हिस्सा लिया। अंत में करीब 150 महिलाओं ने एक साथ केक काटकर एकदूसरे को खिलाया।

बुजुर्ग महिलाओं का जीवन घर पर ही रहकर बीतता है इस प्रकार के आयोजन से निश्चित ही उन्हें एक-दूसरे से मिलकर काफी खुशी मिलेगी महिलाओं के लिए कभी किसी प्रकार का मनोरंजन से भरा कार्यक्रम नहीं होता है इस आयोजन में दादी, नानी और सास ये सभी बुजुर्ग को आमंत्रित किया गया था।

# जिले में मनाया गया राष्ट्रीय डेंगू दिवसः दी गई डेंगू से बचाव के उपाय की जानकारी

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत् स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जशपुर के द्वारा आज जिले में विश्व डेंगू दिवस के रूप मनाया गया। जिसके अंतर्गत् जिले के सभी विकासखण्डों के स्वास्थ्य संस्थाओं में विश्व डेंगू दिवस मनाया गया और डेंगू रोग के बचाव के संबंध में जन-जागरूकता के कार्य किए गए। इस कार्यक्रम में हम सबका है एक ही सपना, डेंगू मुक्त प्रदेश हो अपना संदेश के साथ लोगों को डेंगू से होने वाली बिमारियों के संबंध में जानकारियॉ दी गई और डेंगू के प्रभाव के बारे में बताया गया।

आयोजित कार्यक्रम में डेंगू से बचाव के उपाय की जानकारी देते हुए बताया गया कि डेंगू का मच्छर साफ व ठहरे पानी में पनपता है और दिन के समय काटता है। घर और कार्यस्थल के आस-पास कहीं भी पानी जमा न होने दें। कूलर, ड्रम, गमले, पशु-पक्षियों के पानी के बर्तन आदि को हर सप्ताह खाली कर सुखाएं। पुराने टायर, प्लास्टिक के कप, बोतलों आदि में पानी इकट्ठा न होने दें। छत पर कबाड़ टूटे-फूटे प्लास्टिक व शीशे के पात्र जमा न होने दें। पानी की टंकी को पूरी तरह ढ़क कर रखें। मच्छरों के काटने से बचने हेतु पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें एवं सोते समय मच्छरदानी का नियमित प्रयोग करें। बुखार के समय पानी, नारियल पानी, शिकंजी और तरल पदार्थों का अधिक सेवन करें। तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे एवं मांसपेशियों में दर्द तथा थकान होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से सम्पर्क करें। दर्द निवारक औषधियों जैसे एस्प्रीन, कार्टीसोन, ब्रुफेन एवं एंटीबायोटिक आदि का सेवन बिना चिकित्सकीय सलाह के कदापि न करें।

# समर कैम्प में विद्यार्थी सीख रहे विभिन्न शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियां

**जिले के 92 स्कूलों में संचालित हो रहा समर कैम्प**

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



स्कूली विद्यार्थियों में शैक्षणिक विकास के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास को ध्यान में रख स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले में ग्रीष्मकालीन अवकाश एक मई से 15 जून तक समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कक्षा पहली से बारहवीं तक की कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कौशल विकास के लिए विद्यालय स्तर पर यह आयोजन किया जा रहा है। इसे पालकों, शिक्षकों और बच्चों के आपसी सहमति से पूरी तरह स्वेच्छिक रखा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि समर कैम्प में स्पोकन इंग्लिश, वैदिक गणित, खेल-कूद, सिंगिंग, डांसिंग, चित्रकला, रंगोली, योगा, ध्यान, वादन, निबंध, कहानी, हस्तलिपि लेखन आदि विषयों को शुरू किया गया है, जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में समुदाय एवं आसपास के जानकार व्यक्तियों का सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के कुल 92 स्कूलों में यह समर कैम्प संचालित है, इनमें सर्वाधिक नगरी विकासखण्ड में 32 स्कूल, धमतरी विकासखण्ड में 25, कुरूद विकासखण्ड में 22 और मगरलोड विकासखण्ड में 13 स्कूल शामिल हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी संकुल प्राचार्य, बीईओ और बीआरसीसी को नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# 06 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करते 01 आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक महोदया अंकिता शर्मा (भा.पु.से) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया रमा पटेल (रा.पु.से), एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ति मनीष कुंवर (रा.पु.से.) के द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध शराब बिक्री एवम तस्करी की रोकथाम के लिए कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है, जिसके परिपालन में दिनाक 15.05. 2024 को मुखबिर सूचना पर ग्राम सेंदरी में शराब रेड कार्यवाही किया गया जहां आरोपी कैलाश जांगड़े पिता गजानंद जांगड़े उम्र 42 साल साकिन सेंदरी, थाना जैजैपुर के द्वारा अपने घर के पीछे परछी में अवैध 06 लीटर हाथ भट्ठी की बनी हुई कच्ची महुआ शराब कीमती 600/- रूपये को बिक्री करते गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से आरोपी को 15.05.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक ललित चंद्रा के मार्गदर्शन में प्र. आर. लक्ष्मीनारायण कंवर, आर. दिनेश पटेल, गोविंद पटेल, त्रिलोक ध्रुव का सराहनीय योगदान रहा।

# एकलव्य आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं में सीधे प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 18 मई को

- **जिले में परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त**

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति रायपुर द्वारा संचालित जशपुर जिले में संचालित 05 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6वीं में सीधे प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 18 मई 2024 शनिवार को प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिले में कुल 180 बालिकाओं एवं 120 बालकों हेतु सीटें निर्धारित है। आवंटित सीटों के लिए विभागीय वेबसाइट पर आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। जिले में कुल 2444 आवेदन प्राप्त हुए हैं। परीक्षार्थियों के लिए कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें जशपुर विकासखण्ड में शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर, कुनकुरी विकासखंड में शा.क.उ.मा.वि.कुनकुरी, पत्थलगांव में स्वामी आत्मानंद शा. अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पत्थलगांव, इ.गा.क.उ.मा.वि. पत्थलगांव, बगीचा विकासखंड में स्वामी आत्मानंद शा. अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बगीचा, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सन्ना, कांसाबेल विकासखंड में शा.कन्या उ.मा.वि. कांसाबेल, फरसाबहार में स्वामी आत्मानंद शा. अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फरसाबहार, शा. बालक उ.मा.वि. पंडरीपानी और मनोरा में स्वामी आत्मानंद शा. अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनोरा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रवेश पत्र में छात्रों को रोल नंबर आवंटित किया जाकर, परीक्षा केंद्र का नाम अंकित किया गया है। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परीक्षार्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड करें और और प्रवेश पत्र के साथ काली या नीली स्याही का बाल पॉइंट पेन और आधार कार्ड या कोई भी परिचय पत्र के साथ पासपोर्ट साइज का रंगीन दो फोटो लेकर परीक्षा केंद्र में उपस्थित होंगे।

# भदरीपाली में अवैध शराब बनाने की सूचना पर खरसिया पुलिस की रेड, मौके पर 02 आरोपी गिरफ्तार

- अवैध शराब बनाने व बेचने वालों पर पुलिस कर रही लगातार कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर सामाजिक अपराध अवैध शराब, जुआ-सट्टा पर अंकुश लगाने जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। खरसिया क्षेत्र में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खरसिया के सतत पर्यवेक्षण पर प्रशिक्षु आईपीएस एवं थाना प्रभारी खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में खरसिया पुलिस टीम पिछले दो दिनों से लगातार कार्रवाई कर रही है। कल आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में थाना खरसिया और चौकी खरसिया की टीम द्वारा खरसिया टाउन के शराब भट्टी के पास संचालित 06 अवैध चकना दुकान के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(च) की कार्रवाई की गई। वहीं आम रास्ते में शराब सेवन कर रहे 14 नशाखोरों पर खरसिया पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 36(च)(1) के तहत कार्रवाई किया गया है। इसी कड़ी में कल सुबह प्रशिक्षु आईपीएस एवं थाना प्रभारी खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम भदरीपाली में प्रायमरी स्कूल के पीछे भदरीपाली का भेषज कुमार डनसेना एक अन्य व्यक्ति को साथ लेकर अवैध भठ्ठी लगाकर महुआ शराब बनाकर बिक्री किया जा रहा है। सूचना पर तत्काल प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल द्वारा थाने के सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर व हमराह स्टाफ के साथ मौके पर जाकर कार्रवाई किया गया। पुलिस टीम ने मौके में घेराबंदी कर आरोपी भेषज कुमार डनसेना पिता सुन्दर लाल उम्र 32 वर्ष निवासी भदरीपाली व उसके साथी आरोपी पंचराम केंवट पिता भगउ उम्र 58 वर्ष साकिन परसकोल को चुल्हा (भठ्ठी) बनाकर महुआ शराब बेचते पकड़े। दोनों आरोपियों से 20 लीटर महुआ शराब कीमती 4000, शराब बिक्री रकम 1150, 04 नग छोटे-बड़े सिल्वर बर्तनों की जप्ती की गई है। आरोपियों के कृत्य पर थाना खरसिया में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

# युवती का फेक आईडी बनाकर बदनाम करने की रची साजिश पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी गिरफ्तार व जेल दाखिल

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में एक अनोखा मामला सामने आया है जहां आरोपी युवक के द्वारा सोशल मीडिया में युवती का फेक आईडी बनाकर उसे बदनाम करने की धमकी देकर पैसे की मांग की गई। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला तमनार थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली युवती को उसके मित्र देवनारायण नायक ने मोबाइल पर कॉल कर सोशल मीडिया पर चरित्रहीन साबित करने की धमकी देकर रुपयों की मांग करने की लिखित शिकायत थाने में की गई थी। पीड़ित युवती 28 मार्च को तमनार थाना में आरोपी देवनारायण नायक के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखित आवेदन देकर बताया कि वह देवनारायण के साथ पढ़ी है इसलिए उसे जानती पहचानती है। देवनारायण नायक इसकी जानकारी के बगैर इसके फोटो और नाम का उपयोग कर इंस्टाग्राम पर एक आईडी बनाया जिसमें उसने कई आपत्तिजनक फोटो वीडियो अपलोड किये और इसी आईडी से उसने कई लोगों को फ्रें ड रिक्वेस्ट भेजा और युवती के जान पहचानन वालों को अनाप-शनाप मैसेज करने लगा।

**50 हजार की करने लगा मांग-** युवती ने बताया कि 3 मार्च की सुबह देवनारायण नायक युवती को कॉल कर धमकी दिया कि 50 हजार देना पड़ेगा नहीं तो सोशल मीडिया पर तुम्हें चरित्रहीन साबित कर तुम्हारा जिंदगी बर्बाद कर दूंगा। युवती ऐसा ना करने की विनती की उसके बाद भी देवनारायण द्वारा युवती के जान पहचान वालों को फेक आईडी से संपर्क कर रहा था।


**शिकायत के बाद दर्ज हुआ मामला-** पीड़ित युवती ने 28 मार्च को देवनारायण पर कार्रवाई के लिए लिखित शिकायत प्रस्तुत की जिस पर तमनार थाना प्रभारी निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर ने धारा 384 आईपीसी 66(ग), 67 आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए दबिश दिया गया। आरोपी युवक गिरफ्तारी के भय से गांव से फरार था।

**मामला दर्ज होनें के हो गया था फरार-** आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज होनें के बाद वह फरार हो गया था कल रात आरोपी को उसके गांव में देखे जाने की सूचना पर तमनार पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार किया है।

**कार्यशाला के साथ जागरूकता जरूरी**

# जल स्तर बनाये रखने रेत माफियाओं पर अंकुश जरूरी

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com




जल शक्ति मंत्रालय जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग केंद्रीय भूमि जल बोर्ड के निर्देश पर जिले में 14 मई से त्रिदिवसीय कार्यशाला जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई थी जिसमें भूमि के जलस्त्रोत को बनाये रखने सहित अनेक बातों पर जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ जुटा रहा परंतु पानी का मुख्य स्त्रोत नदी, नालों के द्वारा ही किया जा सकता है जिसका दोहन पिछले लंबे समय से रेत माफियाओं द्वारा किया जा रहा है। इस पर किसी प्रकार की कार्यवाही जिला प्रशासन द्वारा नहीं की जा रही है। महानदी से निकलने वाली बेतहाशा रेत के कारण ही धमतरी में जल स्तर निरंतर गिरते जा रहा है। यह बात वहां मौजूद फरियादियों द्वारा कहा गया जो पिछले तीन दिनों से अपनी शिकायतें, समस्याओं को लेकर लगातार चक्कर काटते रहे। लेकिन उन्हें जिलाधिकारी का दर्शन तक नहीं हो पाया। महानदी एवं सहायक नदियों से पिछले लंबे समय से की जा रही अवैध रेत उत्खनन सहित स्वीकृत खदानों में नियम विरूद्ध, बेतरतीब ढंग से किये जा रहे खुदाई से लगातार जिले का जल स्तर घट रहा है। रेत की चोरी को लेकर ग्रामीणों एवं जागरूक नागरिकों द्वारा लगातार जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया। ऐसा कोई विभाग नहीं है जहां रेत चोरी एवं जेसीबी, चैन माउंटेन मशीन के चलने की शिकायत संबंधित अधिकारियों को नहीं मिली, इसके बाद भी अधिकारी मूकदर्शक बने रहे। फलस्वरूप महानदी एवं सहायक नदियों से रेत का उत्खनन आज भी बदस्तूर जारी है जिसके कारण ही जल स्तर धमतरी जिले में निरंतर गिरते जा रहा है। पृथ्वी के भीतर व्यर्थ बहते पानी को आसानी से पहुंचाये जाने को लेकर शहर में जितने भी नये मकान बनाये गये उसमें वॉटर लेवल को बनाये रखने के उद्देश्य से निगम द्वारा एक आदेश जारी कर रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बनाने की भी अपील की गई थी। लेकिन इस दिशा में भी कोई कदम नहीं उठाया गया और आज स्थिति यह है कि महानदी सहित सहायक नदियों से रेत के लगातार उत्खनन करने वालों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। बस हाईवा, चैन माउंटेन, जेसीबी जप्त करो, और अपने कर्तव्य की इतिश्री करो। जबकि नियमतः अवैध रेत उत्खनन के कार्यों में संलिप्त उनके मालिकों पर एफआईआर होनी चाहिये ताकि ये ऐसे अवैधानिक कृत्य से तौबा करें। आश्चर्य की बात तो यह है कि स्वीकृत खदानों में भी रेत उत्खनन के पूर्व एनजीटी के नियमों पालन अनिवार्य होता है जिसमें नदी किनारे वृक्षारोपण सहित निर्धारित क्षेत्र से रेत उत्खनन कार्य किया जाना चाहिये, लेकिन जिले में इन नियमों का भी पूरी तरह से मखौल उडाया जा रहा है। बताया जाता है कि पिछले 15 वर्षों से महानदी एवं सहायक नदियों से वैध एवं अवैध खदानों के माध्यम से प्रतिदिन 500 से 600 हाईवा रेत का परिवहन छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र में किया जाता है। ऐसी भारी वाहनें चलने से शासन की सड़क निर्माण योजना भी जर्जर स्थिति में पहुंच जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो यह आलम है कि वे शाम होते ही अपने घरों में प्रवेश कर जाते हैं। इन्हें भय रहता है कि कब कौन सी हाईवा उन्हें अपने चपेट में ले ले। ग्रामीणों की गुहार पॉयनियर तक पहुंची जिसके आधार पर 14 मई को इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। पॉयनियर की खबर का असर यह रहा कि कल खनिज विभाग द्वारा 8 हाईवा आदि को रेत ले जाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया और उन पर कार्यवाही की गई। रेत परिवहन करने वालों का इसमें कोई दोष नहीं है, दोष उन रेत माफियाओं का है जो नदी से बेतहाशा रेत निकालकर उसे मनमाने दाम पर छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र में विक्रय कर रहे हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि वर्तमान में स्वीकृत चार खदान हैं जिसमें तीन खदान शुरू है और एक खदान बंद है। लेकिन बंद खदान के आड में दूसरी खदान से रेत माफिया रेत उत्खनन 24 घंटे मशीन लगाकर कर रहे हैं। यही नहीं लोडिंग का भी कोई दर निर्धारित नहीं होने के कारण 4 से 5 हजार रूपये लोडिंग चार्ज एवं खनिज विभाग द्वारा संबंधित लोगों को दिये जाने वाले पिटपास जिसका शासकीय दर भी काफी कम है, उसे भी 2500 से 3000 रूपये में रेत माफिया दादागिरी से बेच रहे हैं। इन पर भी अभी तक कोई लगाम जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा नहीं लगाया गया है। वर्तमान में चार खदानें स्वीकृत हैं परंतु नदी के समीप अनेक ग्रामों में रेत उत्खनन का कार्य शाम होते ही शुरू हो जाता है। हद तो यह है कि यदि जिला प्रशासन रेत चोरी को पूरी तरह बंद कराना चाहता है तो उसे चाहिये कि वह अछोटा पुल के आसपास एक बेरियर लगाकर ऐसे निकलने वाली वाहनों का पिटपास, परिवहन संबंधित दस्तावेज का एक रजिस्टर बनाकर उसमें उसका पूरा ब्यौरा दर्ज करें। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। साथ ही साथ अब तक जितनी भी हाईवा, ट्रेक्टर को पकड़ा गया है, उनके मालिकों पर यह कार्यवाही नहीं की गई है। दूसरे जिलों में मिली खबर के अनुसार रेत चोरी करने वालों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है। यदि इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो जल शक्ति मंत्रालय जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग केंद्रीय भूमि जल बोर्ड जैसी कार्यशाला आयोजित करने का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। लेक्टोरेट के सामने वृक्षों के नीचे बैठे फरियादियों द्वारा कहा गया कि ग्राम, शहर के नागरिकों द्वारा लगातार रेत का अवैध उत्खनन को लेकर बारंबार आवेदन दिया गया, शिकायत की गई, यहां तक प्रदेश में बैठे नेताओं, मंत्रियों को भी अवगत कराया गया। लेकिन पूर्ववर्ती शासनकाल में इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। अब जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार प्रदेश में स्थापित है, उन्हें भी इस मामले की जानकारी पत्र के माध्यम से दी गई। लेकिन स्थानीय जिला प्रशासन रेत चोरी करने वालों को पकड़ना छोड़ परिवहन करने वाले हाईवा पर कार्यवाही करता आ रहा है। अगर रेत माफियाओं के खिलाफ ऐसा कदम पूर्व में उठा लिया जाता तो शायद आज महानदी एवं सहायक नदियों में स्थित रेत के वजह से जल स्तर नहीं गिरता। अब तो ऐसी नदियों से रेत के बजाय नर कंकाल भी निकल रहे हैं जिसे लेकर ग्रामीणों में चिंता की लकीर देखी गई है। इनका कहना है कि जल स्तर को बनाये रखने के उद्देश्य से नदियों से हो रहे अवैध उत्खनन एवं वैध खदानों में निर्धारित स्थल पर रेत खुदाई की जांच सख्ती के साथ होनी चाहिये और इसमें संलिप्त अवैध रेत खदान चलाने वालों पर एफआईआर भी कराई जानी चाहिये ताकि नदियों में रेत जमा रहे और इसके मदद से पानी का स्त्रोत बराबर रहे। यहां यह बताना जरूरी है कि रेत परिवहन करती हाईवा दिन और रात लगातार सड़कों पर नजर आती हैं। शाम होते ही बड़ी-बड़ी वाहनें कतारबद्ध रूप से नदियों की ओर दौड़ती हैं जिसे यातायात विभाग के अधिकारी, आम नागरिक निरंतर देखते आ रहे हैं। इसके बाद भी ओव्हरलोडिंग करती ऐसी वाहनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती जिससे रेत चोरी करने वालों के हौसले बुलंद हैं। अब देखना है कि जल स्तर को बनाये रखने के उद्देश्य से इन पर क्या कार्यवाही होती है।

# स्वयं के विकास के साथ समाज में भागीदारी ही वास्तविक सफलता : सोनमणि बोरा

## आदिम जाति वर्ग के बच्चों के लिए फाइव स्टार होटलों की तरह सुविधाएं विकसित करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने सड्डू स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में जेईई, आईआईटी सहित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों से रूबरू हुए। बोरा ने कहा कि हमारे यहां इतिहास है कि एकलव्य बिना गुरू के भी लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है। हमें यहां शिक्षा को प्राथमिकता में रखकर लक्ष्य तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि तरक्की तो कोई भी कर लेता है, लेकिन स्वयं का विकास करना ही सफलता नहीं होता है। स्वयं के विकास के साथ समाज में भागीदारी ही वास्तविक सफलता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता ने जिस उद्देश्य से आपको यहां भेजे हैं, उनके सपने को पूरा करना है। साथ ही ऐसे समाज जो हमारे पीछे छूट गए हैं, उनको भी आगे बढ़ाने की सोच रखना होगा। प्रमुख सचिव बोरा ने प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण के दौरान अधिकारियो से कहा कि शासन प्रशासन की मंशा अनुरूप आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा तथा कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए फाइव स्टार होटलों की तरह सुविधाएं उपलब्ध हो। अतः होटलों की तरह इन वर्ग के बच्चों के लिए सुविधाएं विकसित की जाय। उन्होंने प्रयास विद्यालय हॉस्टल के किचन का निरीक्षण कर बच्चों के लिए भोजन व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवोदय विद्यालय की तर्ज पर प्रयास विद्यालय को भी विकसित किया जाए। बोरा ने प्रयास विद्यालय स्थित भौतिक और रसायन विज्ञान प्रयोगशाला सहित लाईब्रेरी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को थ्योरी के साथ-साथ प्रेक्टिकल भी कराने के निर्देश दिए। बोरा ने लाईब्रेरी में आवश्यक सभी किताबे, कम्प्यूटर आदि की व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने डायनिंग हॉल का निरीक्षण करते हुए डायनिंग हॉल को होटलों की तरह साफ-सफाई के साथ ही सुसज्जित करने को कहा। उन्होंने आवासीय विद्यालय परिसर को सी.सी.टीव्ही. कैमरा से लैस करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि सड्डू स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय में नवमीं व दसवीं के छात्रों के लिए 400 सीट और ग्यारवीं-बारहवीं के बच्चों के लिए 400 सीट उपलब्ध है। प्रयास विद्यालय में कमजोर वर्ग के बच्चे पढ़ाई करते है। सोनमणि बोरा ने इस दौरान सड्डू में बन रहे व्यावसायिक शिक्षा, शोध और इंजीनियरिंग सहित प्रतियोगी परीक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए 22.05 करोड़ रूपए की लागत से बन रहे 750 सीटर आवासीय एकलव्य भवन का भी निरीक्षण किया। इनमें बालिकओं के लिए 250 सीट और बालकों के लिए 500 सीटर की अलग-अलग दो ब्लॉक का निर्माण किया जा रहा है। श्री बोरा ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधयों से कहा कि गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में भवन का निर्माण किया जाना सुनिश्चित हो। श्री बोरा ने धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्माण कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नियमित रूप से निर्माण कार्यो की गुणवत्ता की जांच भी किया जाय। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण के पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आगामी समय के लिए क्या सुविधाएं दी जा सकती है अथवा क्या-क्या आवश्यकता पड़ सकती है। श्री बोरा भ्रमण के दौरान निर्माण एजेंसी से कहा कि कॉलोनाइजर की तरह एक कमरा मॉडल के रूप तैयार कर लिया जाय और उसके अवलोकन और सुधार के बाद बाकी निर्माण किया जाय, ताकि भविष्य के हिसाब से सुविधाओं को ध्यान में रखा जा सके। इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण विभाग के ईई त्रिदीप चक्रवर्ती, सहायक अभियंता प्रकाश अनंत, प्रयास विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी मंजूला तिवारी, प्राचार्य प्रमिला शुक्ला, मेट्रिक्स संस्था के प्रतिनिधि राजेश बोढ़े सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर हर गरीब को 10 किलो राशन मिलेगा : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि यूपीए सरकार ने कानून बनाकर भोजन का अधिकार दिया था जिसके कारण मोदी सरकार ने मजबूरी में गरीबों को 5 किलो राशन देना शुरू किया। अब केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर हर गरीब को 10 किलो राशन मिलेगा। यूपीए की सरकार ने 2013 में खाद्य सुरक्षा बिल पास किया जिसके तहत देश के हर गरीब नागरिक को भोजन का अधिकार मिलना चाहिये। उसी तरह केन्द्र सरकार 5 किलो फ्री में राशन देने का काम कर रही है। कांग्रेस ने घोषणा कि है खाद्य सुरक्षा कानून हमारी सरकार ने बनायी है और 4 जून को कांग्रेस की सरकार बन रही है। 5 किलो चावल को बढ़ाकर 10 किलो किया जायेगा। यह बहुत बड़ा ऐतिहासिक निर्णय है। इससे देश के गरीब परिवार को बहुत राहत मिलेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा बतायें राज्य में पूर्ण शराबबंदी कब लागू होगी? भाजपा सरकार के संरक्षण में पूरे प्रदेश में शराब की कोचियागिरी शुरू हो गयी है। ए.सी. अहाता बना कर शराब की खपत बढ़ाने के इंतजाम किये जा रहे है। दुकानों को कमीशन देकर कोचिये गली, मुहल्लों में शराब बेच रहे है। सरकार का पूरा प्रयास शराब की काली कमाई बढ़ाने में है। पांच सालों तक घूम-घूम कर शराबबंदी की बात करने वाले भाजपाई अब शराबबंदी पर चुप है। हम मुख्यमंत्री से पूछना चाहते है पूर्ण शराबबंदी कब लागू होगी? भाजपा के शासन में शराब पान ठेलो में भी मिल रही है। भाजपा अपनी जेब को भरने के लिये जनता की गाढ़ी कमाई को लूट रही है। सरकार शराब को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम कर रही है। भाजपा शराबबंदी पूर्ण रूप से कब बंद करेगी?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जहां गलत होगा कांग्रेस सवाल उठायेगी, कांग्रेस जनता के साथ खड़ी है। सवाल हम नही पीड़ित परिवार उठा रही है, गांव वाले एनकाउंटर पर उठा रहे है कि कांकेर की घटना जहां तीन निर्दोष आदिवासियों को गोली मारा गया। क्या फर्जी एनकांउटर नही था? उसमें सरकार अभी तक क्यों जवाब नहीं दे रही है? जिनके पास राशन कार्ड, आधार कार्ड, जॉब कार्ड सभी चीजे थी। गांव वालो ने कहा फर्जी एनकांउटर है, निश्चित तौर पर हम गांव वाले, आदिवासियों के साथ खड़े है। सरकार का अभी तक जवाब नही आया। गांव वाले लगातार खुलकर बोल रहे है कि जो नक्सलियों बताकर मारे गये वो निर्दोष आदिवासी है। तेंदूपत्ता तोड़ने गये थे। जिस तरह भाजपा के 15 साल में अराजकता और जंगल राज रही। उसी तरह 5 महीने में कुछ घटनाओं को छोड़कर बस्तर के आदिवासियों को नक्सली बताकर गोली मारा जा रहा है। यहां ग्रामीण लगातार आवाज उठा रहे है। निश्चित रूप से जनता का आवाज बनकर कांग्रेस पार्टी हक की लड़ाई, अधिकार की लड़ाई लड़ेगी।

### आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में आदिवासी सुरक्षित नहीं

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बाद छत्तीसगढ़ में आदिवासी सुरक्षित नहीं है यह सबसे बड़ा दुर्भाग्य है।



मुख्यमंत्री को जवाब देना चाहिये कि क्यों आदिवासियों को अभी तक सुरक्षित कर पाये पांच महिने में? हसदेव की जंगल कटाई हो रही है। कोरबा में बैगा परिवार की हत्या हो रही है। बस्तर में नक्सलियों के नाम से गोली मारा जा रहा है। निर्दोष बच्चों की विस्फोट में मौत हो रही है। इसके लिये सरकार क्या रही है? मुख्यमंत्री बताये। सिर्फ मुख्यमंत्री एक रिमोट कंट्रोल की तरह इस्तेमाल हो रहे है, दिल्ली से और उनकी प्रदेश में अभी तक समझ नहीं है। एक आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बाद एक आदिवासी वर्ग को सुरक्षित नहीं कर पाये, इससे बड़ा दुर्भाग्य छत्तीसगढ़ के लिये कुछ नहीं हो सकता।

# बिजली, पानी, सड़क के मुद्दे पर भाजपा पार्षद दल ने निगम मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन कर घंटों महापौर के इस्तीफे की मांग की

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा पार्षद दल के सदस्यों ने निगम मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन कर घंटों महापौर के इस्तीफे की मांग करते रहे। दरअसल महापौर एजाज ढेबर ने भाजपा पार्षद दल द्वारा पानी की समस्या को लेकर दिए गए ज्ञापन के बाद बयान दिया कि नगर निगम में अगर पानी, नाली, बिजली, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं की समस्या जिस खत्म हो जाएगी, उस दिन नगर निगम के पास कोई काम ही नहीं बचेगा। इस समस्या को पूरी तरह से प्रधानमंत्री भी खत्म नहीं कर सकते। इसके बाद से इंटरनेट मीडिया से लेकर सभी जगह महापौर के बयान पर तीखी टिप्पणी शुरू हो गई। इंटरनेट मीडिया पर कई लोगों ने पोस्ट कर महापौर से इस्तीफे की मांग शुरू कर दी है। इस दौरान भाजपा पार्षद दल के लोगों ने तरह-तरह के नारे लगाते हुए कहा कि महापौर एजाज ढेबर निकम्मे महापौर हैं। उन्होंने कोई काम निगम की जनता के लिए ढंग से नहीं किया। जो कार्य किए भी वे आज तक पूरे नहीं हुए। जनता पानी, नाली, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान है। महापौर जब अपनी जिम्मेदारी निभा नहीं सकते तो उन्हें कुर्सी पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। वे अपनी कुर्सी से इस्तीफा दें। इधर कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि उनके महापौर बहुत ही सक्रिय महापौर हैं। जनता की समस्याओं को लेकर वे लगातार काम कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर जनता को सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। जनता उनके कार्यकाल से काफी खुश है। भाजपा पार्षद दल द्वारा गलत तौर इस्तीफे की मांग की जा रही है।

**SANSKAR CITY COLLEGE OF PHARMACY**
(APPROVED BY PCI, NEW DELHI; AFFILIATED TO CSVTU, BHILAI)
N.H.53, G.E. Road, Thakurtola, Rajnadgaon, Chhattisgarh, India, 491 444

**APPOINTMENTS**
Applications are invited for the following posts
**Professor, Associate Professor, Assistant Professor**
Pharmaceutics, Pharmaceutical Chemistry, Pharmacology, Pharmacognosy, Pharmaceutical Biotechnology, Quality Assurance, Pharmaceutical Analysis.
Qualification, Experience & Pay Scale as per affiliating body norms. (Additional merits & Professional record may be considered for additional benefits).
Eligible and Interested candidates may submit their biodata with all credential photocopies and recent passport photographs directly to college or mail us on sanskarcitypharma@gmail.com

# कंफर्म ई-टिकट की कालाबाजारी में 37 टिकट दलालों को रेलवे सुरक्षा बल ने पकड़ा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

गर्मी के पीक सीजन में लंबी दूरी की ज्यादातर एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों को कंफर्म टिकट नहीं मिल रही है। ऐसे हालात में ई-टिकट दलाल सक्रिय होकर जमकर मुनाफाखोरी कर रहे हैं। रेलवे के आइआरसीटीसी में बगैर पंजीयन कराए चोरी-छिपे अलग-अलग आइडी बनाकर ई-टिकट बेचने के कारोबार में संलिप्त ऐसे 37 टिकट दलालों को रेलवे सुरक्षा बल ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। रेल सुरक्षा अफसरों ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्री सपरिवार घूमने जाने के लिए एक से दो महीने पहले ही ट्रेनों में टिकट बुक कराने लगते हैं। यही कारण है कि मेल, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में टिकटों की मांग अचानक से बढ़ जाती है। इसे देखते हुए अनाधिकृत टिकट दलाल भी मोटा मुनाफा कमाने सक्रिय हो जाते हैं। अनाधिकृत टिकट दलालों पर अंकुश लगाने के लिए जोनल मुख्यालय के निर्देश पर सुरक्षा बल की टीमों ने एक मई से अब तक रायपुर समेत तीनों रेल मंडल बिलासपुर और नागपुर में विशेष अभियान चलाया। इस अभियान में छापेमारी की कार्रवाई कर 37 ई-टिकट दलालों को पकड़कर उनके खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत केस दर्ज किया। छापेमारी में दलालों से नौ लाख 13 हजार 655 रुपये के 589 ई-टिकट जब्त किए गए। रायपुर समेत तीनों मंडलों के मुख्य रेलवे आरक्षण केंद्र के काउंटर के साथ ही इंटरनेट के जरिए भी टिकटों की कालाबाजारी हो रही है। हालांकि इसे रोकने के लिए रेलवे सुरक्षा बल ने कदम भी उठाए हैं।

# राज्य पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन 9 जून तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की ओर से उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा 2024 का आयोजन किया जाना है। राज्य पात्रता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 9 जून तक लिए जाएंगे। परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ व्यापम के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा के कार्यक्रम अनुसार ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभिक तिथि 13 मई और अंतिम तिथि 9 जून है। त्रुटि सुधार की सुविधा 10 जून से 12 जून तक रहेगी। परीक्षा 21 जुलाई को संभावित है। पात्रता परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार की परीक्षा शुल्क नहीं ली जाएगी। पात्रता परीक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाईट vyapam.cgstate.gov.in और https://vyapamaar.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

# अवैध प्लॉटिंग पर चला निगम का बुलडोजर, अवैध डीपीसी और सड़कों के निर्माण को किया धराशायी

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी में अवैध प्लॉटिंग और बेजा कब्जा के खिलाफ कार्रवाई में अवैध कब्जे और अवैध प्लाटिंग की सैकड़ों शिकायतों को दूर करने के लिए निकले नगर निगम के बुलडोजर बोरियाखुर्द के अलग-अलग हिस्सों में गरजते रहे और सिर्फ इसी इलाके में 20 एकड़ से ज्यादा के प्लाट्स पर किए जा रहे अवैध डीपीसी और सड़कों के निर्माण को धराशायी कर दिया। निगम के बुलडोजरों ने जगदम्बा विहार से लगकर 20 एकड़ पर चल रही अवैध प्लाटिंग को समाप्त किया और सड़कें खोद डालीं। यही नहीं, भाठागांव और रायपुरा से लेकर कुशालपुर तक निगम के बुलडोजर गरजते रहे। इंद्रप्रस्थ नाले के किनारे चल रही ढाई एकड़ की अवैध प्लाटिंग में सड़कें और डीपीसी को जमींदोज कर दिया गया। नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने द स्तंभ से कहा कि जितनी भी प्लानिंग टाउन प्लानिंग के नियमों के खिलाफ हो रही है, उनमें से किसी को नहीं छोड़ेंगे। अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर की कार्रवाई और तेज की जाएगी। निगम कमिश्नर ने यह भी कहा कि पूरी कार्रवाई कलेक्टर डा. गौरव कुमार के निर्देश पर चल रही है, इसलिए हमें जल्दी ही अवैध प्लाटिंग वालों के रेवेन्यू रिकार्ड मिलने लगेंगे। ऐसे लोगों के खिलाफ चार सौ बीसी की एफआईआर करवाई जाएगी। दिनभर में राजधानी तथा आउटर में निगम के अलग-अलग दस्तों ने तकरीबन आधा दर्जन अवैध प्लाटिंग को रौंदा है। निगम मुख्यालय और जोन-8 का तोड़फोड़ दस्ता अफसरों के साथ इंद्रप्रस्थ नाले के पास पहुंचा। वहां जमीन मालिकों ने प्लाट बेचने के लिए बीच-बीच में डब्लूबीएम सड़कें बना रखी थीं। कई लोगों को प्लाट बेचे जा चुके हैं और उन्होंने बाउंड्रीवाल की डीपीसी भी करवा ली थी। बुलडोजरों ने सड़कें काट दीं तथा सभी डीपीसी उखाड़ दी गई। जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव और रमेश जायसवाल ने बताया कि सभी नींव रौंद दी गई हैं और प्लाट तक पहुंचने का रास्ता उखाड़ दिया गया है। यही नहीं, रायपुर तहसीलदार को पत्र लिखकर इस प्लाट के मालिकों का ब्योरा मांगा गया है। जानकारी मिलते ही अवैध प्लाटिंगकर्ताओं के खिलाफ डीडीनगर थाने में नामजद एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

17 May 2024 **Pride Of Raipur**

CITY SAH Yatri
छत्तीसगढ़ में पहली बार
0/- रूपयें में ई-रिक्शा घर ले जाये
ये स्कीम सीमित समय के लिये कहीं मौका हाथ से निकल ना जाये...
आज ही बुक करायें, पहले आए पहले पाएं
आसान फायनेंस सुविधा, एक दिन में गाड़ी लेकर जाये
एक बार चार्ज होने पर 80-110 किमी. चलती जाए...
करन मोटर्स • स्टेशन रोड, गुरूद्वारा के पास तेलघानी नाका, रायपुर • हिल्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

भामरा गार्डन
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
सिरपुर-बारनवापारा
Book Now
▪ KITTY PARTY ▪ ANNIVERSARY ▪ BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221, 9425214413, 9981224037, 7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
www.makazadpharmacy.com

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
50% Discount
Special Discount on ADMISSION FEES
Highlight
● Spoken English & Personality Development Classes ● Transport & Surveillance Facility ● Monthly Seminar & Discussion ● Personal attention on each students ● Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact:- 07771-4000123

KSR Kisan Parryware
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

Home Constrution
HOUSE Planning I Construction Work (with or without Materials) BOQ for bank Loans I Building Materials Supplying I Landscaping All Electrical and Plumbing Services I Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur
M : 82239-70000 86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

▪ नया बोरवेल्स 4" 5" 6" 8"
▪ नया पंप हमेशा उपलब्ध
▪ घरेलू पंप रिपेयरिंग का काम किया जाता है।
▪ सफाई भी किया जाता है।
पटेल बोरवेल्स
4½" 6½" Contractors
रिंग रोड नं.1, संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड, रायपुर (छ.ग.)
• 9977270388 • 9200003357 • 7999898750

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403